राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# नवबिहार टाइम्स



रांची स्थित आर्चबिशप हाउस में आयोजित महाधर्मप्रांत के नवनियुक्त सहायक बिशप आनंद डेविड खाल्खो के अभिषेक एवं प्रतिष्ठापन समारोह में शामिल होते सीएम हेमंत सोरेन

• बोकारो, रविवार 9 अगस्त 2026 • वर्ष : 10 • अंक : 84 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित

## जेपीएससी के तीन मौजूदा सदस्यों को सीआइडी का सम्मन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड लोक सेवा आयोग की भर्ती प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं की जांच कर रहे अपराध अनुसंधान विभाग ने आयोग के तीन वर्तमान सदस्यों को पूछताछ के लिए सम्मन जारी किया है। सूत्रों के अनुसार डॉ. अजिता भट्टाचार्य, डॉ. अनीमा हांसदा और डॉ. जमाल अहमद को सीआइडी के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है। तीनों सदस्यों से सोमवार से पूछताछ शुरू होने की संभावना है। सीआईडी की टीम पूछताछ के माध्यम से यह पता लगाने का प्रयास करेगी कि कथित भर्ती अनियमितताओं में इन सदस्यों की कोई भूमिका रही है या नहीं। साथ ही जांच एजेंसी भर्ती प्रक्रिया से जुड़े निर्णयों और अन्य पहलुओं की भी जानकारी जुटाएगी। जेपीएससी भर्ती परीक्षाओं में कथित गड़बड़ी को लेकर सीआईडी की जांच पहले से जारी है। इससे पहले जांच एजेंसी ने आयोग के पूर्व अध्यक्ष एल. खियांग्ते के आवास और कार्यालय पर तलाशी ली थी। कार्रवाई के बाद उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद सीआईडी अधिकारियों ने उनसे करीब एक सप्ताह तक पूछताछ की थी। जांच के दौरान सीआईडी अब तक इस मामले में 19 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। एजेंसी कथित अनियमितताओं की पूरी कड़ी का पता लगाने और इसमें शामिल अन्य लोगों की भूमिका निर्धारित करने में जुटी है। सीआईडी द्वारा पूछताछ के लिए बुलाए गए तीनों जेपीएससी सदस्यों की नियुक्ति 2 सितंबर 2021 को हुई थी। इससे पहले अगस्त 2021 में झारखंड सरकार ने उनकी नियुक्ति को मंजूरी दी थी। जेपीएससी मामले को लेकर राज्यभर में छात्रों का आंदोलन भी जारी है। छात्र संगठन प्रभावित परीक्षाओं को रद्द करने, पूरे मामले की व्यापक जांच कराने और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। मामला झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र में भी लगातार गरमा रहा है। ऐसे में तीन वर्तमान सदस्यों को सीआईडी द्वारा पूछताछ के लिए बुलाए जाने को जांच में महत्वपूर्ण घटनाक्रम माना जा रहा है।

# वीरों की धरती है झारखंड : हेमंत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड की धरती वीरों की भूमि रही है। अमर वीर शहीद निर्मल महतो जी जैसे हमारे महान आंदोलनकारियों और मार्गदर्शकों का जीवन समाज के लिए सदैव प्रेरणादायक रहा है और हमेशा रहेगा। उक्त बाते मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शनिवार को झारखंड के महान आंदोलनकारी निर्मल महतो के शहादत दिवस पर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए कही। श्री सोरेन ने हर साल की तरह इस साल भी शहीद निर्मल महतो की स्मृति में यहां बड़ी संख्या में हमारे गांव, शहर, कस्बे और मोहल्लों से आए प्रबुद्ध नागरिकों, किसान भाइयों, माताओं-बहनों, हमारे क्रांतिकारी साथियों आदि की उपस्थिति है। उन्होंने सभी का अभिनंदन करते हुए कहा कि वीर शहीद निर्मल महतो के बारे में कुछ भी कहना बहुत कम होगा। लेकिन एक बात हमेशा कहूंगा-जब तक चांद-सूरज रहेगा, निर्मल महतो तेरा नाम रहेगा। अनगिनत आंदोलनकारी हमारे बीच आए और चले गये लेकिन उन्होंने अपना जीवन झारखंड के आदिवासी-मूलवासियों को एकजुट करने और उनके हक-अधिकार की लड़ाई के लिए समर्पित किया। लंबे संघर्ष, आंदोलनकारियों के बलिदान और लहू के बाद वर्ष 2000 में झारखंड ने भारत के मानचित्र पर अपनी अलग पहचान बनाई। हमारी एकजुटता और परस्पर सहयोग ही इस राज्य की सबसे बड़ी ताकत है। वीर शहीदों के विचार और आदर्श हमेशा हमारा मार्गदर्शन करते रहेंगे। आज हम सभी वीर पुरुष शहीद निर्मल महतो के चरणों में नमन करने और उनका आशीर्वाद लेने आए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ दिन पहले ही लंबे समय तक हमारे बीच मार्गदर्शक के रूप में रहे दिशोम गुरु शिबू सोरेन की भी पुण्यतिथि थी। वहां भी हम सभी बड़े पैमाने पर एकजुट होकर उन्हें नमन करने पहुंचे और उनका आशीर्वाद लिया। आज हम जिस संवेदनशीलता के साथ इस



राज्य के गरीब-गुरबा, किसान और आम नागरिकों के लिए काम कर रहे हैं, उस काम में बाधा डालने के लिए विपक्ष के लोग एड़ी-चोटी का जोर लगाए हुए हैं। लेकिन हम उस लड़ाई को भी जीतेंगे और इस राज्य के करोड़ों लोगों का हक-अधिकार उनके घर तक पहुंचाएंगे। बातें बहुत हैं। क्योंकि यह वीरों की धरती है। एक वीर की कहानी सुनाएंगे तो दूसरे वीर की कहानी की कड़ी जुड़ती चली जाएगी। हमारे वीर शहीद आज शारीरिक रूप से हमारे बीच नहीं हैं लेकिन उनके विचार और आदर्श हमेशा हमारे जीवन के साथ चलेंगे। उन्होंने कहा कि हम अपने वीर शहीदों और मार्गदर्शकों को अपनी प्रेरणा बनाते हुए जीवन का सफर तय करेंगे। मजबूती से, बिना डरे हमें आगे बढ़ना है। झारखंड अलग राज्य बना लेकिन राज्य को दिशा देने का काम जिन लोगों के जिम्मे रहा, उनमें ऐसे लोग भी थे जो कभी इस राज्य के गठन के घोर विरोधी रहे और यहां के आदिवासी-मूलवासियों के हक-अधिकार के भी विरोधी रहे। उन्होंने जिस तरह इस राज्य की नींव रखी, उस पर ऐसी इमारत खड़ी हुई कि झारखंड का हर व्यक्ति डर, भय और शोषण का शिकार होता रहा। अंततः हमने उसी तरह सत्ता की लड़ाई भी लड़ी, जिस तरह हमारे अग्रिम नेताओं ने अलग राज्य की लड़ाई लड़ी थी। बड़ी मुश्किल से राज्य को दिशा देने का अवसर मिला, फिर वह मौका हाथ से छूटा। संघर्ष जारी रहा और आप लोगों के आशीर्वाद से फिर राज्य को दिशा देने का अवसर मिला। षड्यंत्रकारी और शोषक वर्गों ने जिस तरह इस राज्य की नींव रखी थी, उसे बदलने और राज्य को सही दिशा देने से पहले उन सभी नींवों को फिर से मजबूती से स्थापित करने की जरूरत थी। इस बीच अपने धन, बल और आला नेताओं के आदेश पर हमारे कई कामों में रोड़ा डालने का प्रयास भी किया गया। फिर भी हम लोगों ने हार नहीं मानी। प्रयास निरंतर जारी है। जिन नींवों को उन्होंने अपने अनुकूल बना रखा था, अब इस राज्य की नींव ऐसे रखी जा रही है, जो इस राज्य के हर जनमानस के अनुकूल हो रही है। हमारी एकजुटता को अपने स्वार्थ के लिए इस्तेमाल करने की कोशिश की जा रही है लेकिन चिंता मत कीजिए, जब-जब बाहर के लोगों ने यहां के लोगों पर आक्रमण करने की कोशिश की है, तब-तब झारखंड के लोगों ने एकजुट होकर उनसे लोहा लिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### गलत इंजेक्शन देने से युवक की मौत

**जमशेदपुर(नबिटा ब्यूरो)।** पूर्वी सिंहभूम जिले के बहरागोड़ा से एक दुखद घटना सामने आई है। यहां गलत इंजेक्शन देने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान उत्तम कुमार सिंह के रूप में हुई है। परिजनों का आरोप है कि गांव के ही एक झोला छाप डॉक्टर ने गलत इंजेक्शन दिया था। उसके बाद युवक की हालत बिगड़ी और उसने दम तोड़ दिया।

### करंट की चपेट में आने से छात्रा घायल

**जमशेदपुर(नबिटा ब्यूरो)।** शहर के परसुडीह थाना क्षेत्र स्थित एलबीएसएम कॉलेज में शनिवार को परीक्षा देने पहुंची छात्रा करंट की चपेट में आकर घायल हो गई। घायल छात्रा को अस्पताल मे भर्ती कराया गया है। कॉलेज के प्रिंसिपल ने बताया कि छात्रा की स्थिति खतरे से बाहर है। घायल छात्रा की पहचान सुंदरनगर के नानदूप निवासी रायगुनी बोयपाई के रूप में हुई है। वह मेजर पॉलिटिकल साइंस की परीक्षा देने कॉलेज पहुंची थी। छात्रा एलबीएसएम कॉलेज में पढ़ती है। इस घटना के बाद तत्काल छात्रा को अस्पताल पहुंचाया गया है।

### प्रिंस खान गिरोह का सदस्य गिरफ्तार

**हजारीबाग(नबिटा ब्यूरो)।** जिला पुलिस इन दिनों प्रिंस खान के संदिग्ध गुर्गों के खिलाफ बड़ा अभियान चला रही है। बड़कागांव में पुलिस ने गिरोह के सदस्य अंकित कुमार पांडे को गिरफ्तार किया है। महत्वपूर्ण बात यह है कि इसकी गिरफ्तारी मुठभेड़ के दौरान हुई है। जिले के बड़कागांव थाना क्षेत्र के 13 माइल ट्रांसपोर्ट रोड पर दो हाइवा वाहनों पर हुई गोलीबारी मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने गोलीकांड में संदिग्ध प्रिंस खान गिरोह के सदस्य अंकित कुमार पांडेय को मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली लगने के बाद गिरफ्तार किया है।

## दिशाविहीन हैं राहुल गांधी : अनपूर्णा देवी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गिरिडीह।** विपक्ष के नेता राहुल गांधी दिशाविहीन हैं। वह किसी भी मुद्दे पर चर्चा नहीं चाहते हैं। सदन के अंदर अवसर मिलने पर वह या तो बोलते नहीं हैं या माइक बंद कर देने की अनर्गल बात करते हैं। राहुल गांधी सदन की कार्रवाई को बाधित करते हुए आम लोगों की समस्याओं के मुद्दे को उठाने भी नहीं देते। उक्त बातें कोडरमा की सांसद सह केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने गिरिडीह में पत्रकारों से बात करते हुए कही। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि राहुल सदन में न चर्चा करते हैं न करने देते हैं। बस सदन के बाहर आकर रील बनाते हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष भटक चुके हैं और लोग उनको बहुत गंभीरता से लेते नहीं हैं। शायद राहुल गांधी के पास कुछ कहने को है ही नहीं जिसे वे लोकसभा में रख सकें। झारखंड में छात्रों के आंदोलन पर अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि जिस तरह से यहां के छात्र बहुत ही संयमित होकर हेमंत सरकार से मांग कर रहे हैं। निश्चित तौर पर सरकार को चाहिए इनकी मांगों को गंभीरता से लेते हुए आगे कदम बढ़ाए और इनकी मांगों को पूरा करे। उन्होंने कहा कि आज जेपीएससी हो या जेएसएससी यानि जो भी प्रतियोगिता परीक्षा हो रही हैं उसमें ऐसा लगता है कि झारखंड के छात्रों के साथ सरकार अन्याय कर रही है। उन्होंने कहा कि यहां जिस तरह सीटें बेची जा रही हैं, उससे छात्रों को उनका अधिकार नहीं मिल रहा है। केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि अभिभावक गरीब रहते हुए भी अपना पेट काटकर बच्चों को पढ़ाते हैं, फिर प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी करवाते हैं। अब जब सीट ही बिक जाएगी तो बच्चों का क्या होगा। उनके अभिभावक के त्याग का क्या होगा। पिछले 6-7 वर्षों से यह देखने को मिल रहा है कि एक सेंटर के कई अभ्यर्थी पास कर जा रहे हैं। इस तरह की अनियमितता को दूर करना चाहिए।

## छात्रों से बातचीत में समझौते पर नहीं बनी सहमति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** छात्र आंदोलन को लेकर सरकार और छात्रों के प्रतिनिधिमंडल के बीच हुई वार्ता खत्म हो गई है। बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा हुई लेकिन समझौते को लेकर अभी अंतिम फैसला नहीं हो सका है। वार्ता के बाद छात्रों ने सत्याग्रह आंदोलन जारी रखने की बात कही है। वहीं मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने एक वेबसाइट का जिक्र करते हुए कहा कि छात्र इस माध्यम से अपनी राय और सुझाव सरकार तक भेज सकते हैं। बता दें कि सरकार और छात्र प्रतिनिधिमंडल के बीच दूसरे दौर की वार्ता शुरू हुई थी। बैठक में सरकार की ओर से चार मंत्री छात्र प्रतिनिधियों के साथ बातचीत कर रहे थे। दूसरे दौर की वार्ता की खत्म होने के बाद झारखंड के मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि छात्रों के विभिन्न समूहों, स्टेक होल्डर से यह प्रतिनिधिमंडल मिलता रहेगा। आज जिस तरह हम लोग छात्रों के एक समूह से मिले हैं, अभी एनएसयूआइ, जेसीएम और एसीएस के लोग हैं। इन सभी से हम लोग मिलेंगे। इसके अलावा हम लोग एक मेल आईडी जारी कर रहे हैं। कोई भी छात्र, कोई भी व्यक्ति, कोई भी स्टेक होल्डर



अपना सुझाव दे सकता है और हम लोग तमाम सुझावों के आधार पर एक सामूहिक निर्णय लेने का विचार रखते हैं। इससे पहले शुक्रवार को भी सरकार और छात्रों के प्रतिनिधिमंडल के बीच वार्ता हुई थी लेकिन छात्रों की प्रमुख मांगों पर सहमति नहीं बन सकी थी। इसके बाद शनिवार को दूसरे दौर की वार्ता आयोजित की गई। अब सभी की नजर इस बात पर है कि सरकार छात्रों की मांगों को लेकर क्या निर्णय लेती है और क्या आंदोलन को समाप्त कराने के लिए कोई ठोस सहमति बन पाती है। इधर, जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में चल रहे सत्याग्रह के दौरान अनशन पर बैठे दो छात्रों की तबीयत बिगड़ गई है। दोनों का इलाज सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। वहीं आंदोलन में शामिल कई अन्य छात्रों की तबीयत भी खराब होने की स्थिति में है। लगातार आंदोलन और अनशन के कारण छात्रों में सरकार के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है।

## सुप्रीम कोर्ट पहुंचा 14वीं जेपीएससी परीक्षा में धांधली का मामला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में हुए 14वीं जेपीएससी प्रारंभिक परीक्षा 2025 में कथित तौर पर हुई धांधली का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। सर्वोच्च अदालत में परीक्षा में हुई गड़बड़ी के आरोपों की स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच की मांग पर याचिका दायर की गई है। याचिका में 19 अप्रैल 2026 को आयोजित 14वीं जेपीएससी प्रारंभिक परीक्षा को रद्द करने और नए सिरे से परीक्षा कराने की मांग की गई है। याचिका में कथित अनियमितताओं की जांच के लिए एक स्वतंत्र समिति गठित करने का अनुरोध किया गया है। इस समिति की अध्यक्षता किसी सेवानिवृत्त न्यायाधीश को सौंपने की मांग की गई है। याचिकाकर्ता का कहना है कि परीक्षा की निष्पक्षता और पारदर्शिता को लेकर उठे सवालों की स्वतंत्र जांच आवश्यक है ताकि अभ्यर्थियों के बीच विश्वास बहाल किया जा सके। याचिका में परीक्षा प्रक्रिया से जुड़े विभिन्न चरणों की भी स्वतंत्र तरीके से जांच कराने की मांग की गई है। इसमें प्रश्नपत्र से लेकर उत्तर पुस्तिकाओं के प्रसंस्करण और परिणाम तैयार करने तक की पूरी प्रक्रिया को जांच के दायरे में लाने की बात कही गई है। याचिका में ओएमआर स्कैनिंग, कोडिंग और मूल्यांकन की प्रक्रिया के स्वतंत्र ऑडिट की मांग प्रमुख रूप से की गई है। इसके साथ ही परिणाम तैयार करने वाली प्रणाली का भी स्वतंत्र ऑडिट कराने की मांग की गई है। याचिका के अनुसार परीक्षा प्रक्रिया में इस्तेमाल होने वाली तकनीकी प्रणालियों की स्वतंत्र जांच से कथित अनियमितताओं से जुड़े सवालों का निष्पक्ष तरीके से परीक्षण किया जा सकेगा।

### कमरे में फंदे से लटकता मिला महिला का शव

**जामताड़ा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के नारायणपुर थाना क्षेत्र के रूपडीह गांव में शनिवार को 27 वर्षीय महिला का शव घर के कमरे में फंदे से लटकता मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान रूपडीह गांव निवासी रहमत अंसारी की पत्नी संजीदा खातून के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही नारायणपुर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

### स्कूल बस के धक्के से बच्ची की मौत, दो घायल

**जमशेदपुर(नबिटा ब्यूरो)।** गोविंदपुर थाना क्षेत्र स्थित अन्ना चौक के पास शनिवार को एक स्कूल बस की चपेट में आने से सात वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। इस हादसे में दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल भी हुए हैं। घटना के बाद आक्रोशित स्थानीय लोगों ने सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। मृत बच्ची की पहचान भोला बागान निवासी रूही कुमारी (7) के रूप में हुई है। रूही अपने परिवार के साथ अन्ना चौक के पास कार की धुलाई कराने पहुंची थी। इसी दौरान एसडी पब्लिक स्कूल की एक तेज रफ्तार बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े लोगों को टक्कर मारते हुए बच्ची समेत तीन लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। इस घटना में रेहान और रोशन शर्मा भी घायल हुए हैं। दोनों घायलों का इलाज टाटा मोटर्स अस्पताल में जारी है।

## विश्व आदिवासी दिवस पर झारखंड के सभी जिलों में लगेगा रक्तदान शिविर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर झारखंड सरकार ने राज्य के सभी जिलों में रक्तदान शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया है। 9 और 10 अगस्त को आयोजित होने वाले आदिवासी महोत्सव-2026 के कार्यक्रमों के साथ ही प्रत्येक जिले में ब्लड डोनेशन कैंप लगाया जाएगा। इस संबंध में सरकार के विशेष सचिव केजेड भुटिया ने राज्य के सभी उपायुक्तों, परियोजना निदेशकों और जिला कल्याण पदाधिकारियों को पत्र जारी कर आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। सरकार के निर्देश के मुताबिक आदिवासी महोत्सव के निर्धारित कार्यक्रमों के अलावा जिलों में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए जिला प्रशासन और संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ व्यवस्था करने को कहा गया है। विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आयोजित इस अभियान का उद्देश्य रक्तदान के प्रति लोगों को जागरूक करना और जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने में योगदान देना है। राज्य के सभी जिलों में एक साथ शिविर आयोजित होने से बड़ी संख्या में लोगों को रक्तदान अभियान से जोड़ने की कोशिश की जाएगी।


## आदिवासी महोत्सव को लेकर ट्रैफिक पुलिस ने जारी की एडवाइजरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड आदिवासी महोत्सव-2026 के आयोजन को लेकर राजधानी रांची में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए ट्रैफिक पुलिस ने विशेष एडवाइजरी जारी की है। महोत्सव का आयोजन 9 और 10 अगस्त को किया जाना है। 9 अगस्त को निर्धारित कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में लोगों के जुटने की संभावना को देखते हुए कई प्रमुख मार्गों पर वाहनों के परिचालन और पार्किंग को लेकर दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। रांची के ट्रैफिक एसपी के कार्यालय से जारी सूचना के मुताबिक 9 अगस्त को सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक जतरा कार्यक्रम के अवसर पर जेल चौक से करमटोली चौक, करमटोली चौक से एसएसपी आवास मोड़ और एसएसपी आवास से बापू



वाटिका मोरहाबादी तक सभी प्रकार के वाहनों के परिचालन पर रोक रहेगी। ऐसे में इन रास्तों से गुजरने वाले लोगों को वैकल्पिक मार्गों का इस्तेमाल करने की सलाह दी गई है। ट्रैफिक एसपी राकेश सिंह ने बताया है कि जतरा कार्यक्रम में खूंटी, जमशेदपुर, गुमला, लोहरदगा, रामगढ़ और रांची जिले के रातू, कांके, पिठोरिया सहित अन्य क्षेत्रों से बड़ी संख्या में वाहन पहुंच सकते हैं। इसके अलावा शहर के विभिन्न इलाकों से आने वाले वाहनों के कारण भी मोरहाबादी क्षेत्र में यातायात का दबाव बढ़ने की संभावना है। पुलिस ने ऐसे वाहनों के लिए अलग-अलग पार्किंग स्थलों की व्यवस्था बनाई है। यूनिवर्सिटी फुटबॉल मैदान, मोरहाबादी को प्रमुख पार्किंग स्थल बनाया गया है। कांके रिंग रोड, चांदनी चौक, राम मंदिर तथा शहर के भीतर धुर्वा, हिंदपीढ़ी, डोरंडा, मेन रोड, रेडियम चौक, लालपुर, कांटाटोली, हरमू और अरगोड़ा जैसे इलाकों से आने वाले वाहन न्यू मार्केट चौक, हॉटलिप्स चौक, राम मंदिर चौक या रेडियम चौक, एसएसपी आवास चौक, रणधीर वर्मा चौक, एटीआई मोड़ और यूनिवर्सिटी फुटबॉल मैदान मोरहाबादी में वाहन पार्क किए जा सकेंगे। जतरा कार्यक्रम में बोड़ेयो रोड की तरफ से आने वाले वाहनों के लिए टीआरओआई मैदान यानी मंदिर मैदान में पार्किंग की व्यवस्था की गई है। वहीं टाटीसिलवे, खेलगांव, बूटी मोड़, रिम्स और बरियातू की तरफ से आने वाले वाहनों को डीआईजीजी मैदान, बरियातू में पार्क करने की सलाह दी गई है। ट्रैफिक पुलिस ने यह भी स्पष्ट किया है कि आवश्यकता पड़ने पर अन्य मार्गों पर भी कम समय के लिए वाहनों को डायवर्ट या रोकने का निर्णय लिया जा सकता है। ट्रैफिक पुलिस ने लोगों से विशेष अपील की है कि जेल चौक से करमटोली चौक होते हुए एसएसपी आवास चौक और मोरहाबादी के आसपास के मार्गों पर चार पहिया वाहनों का उपयोग न करें। विशेष परिस्थितियों में ही इन मार्गों पर चार पहिया वाहन का इस्तेमाल करने की सलाह दी गई है। ट्रैफिक पुलिस ने लोगों से अपील की है कि 9 अगस्त को मोरहाबादी और आसपास के इलाकों में जाने से पहले यातायात व्यवस्था और डायवर्जन को ध्यान में रखते हुए अपनी यात्रा की योजना बनाएं।




C M Y K

# विभावि में विश्व जनजाति दिवस की पूर्व संध्या पर समारोह

## जनजाति समाज के लोग भिन्न हैं, परंतु अलग नहीं : डॉ. विकास कुमार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हजारीबाग ब्यूरो।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय मानवविज्ञान विभाग के तत्वाधान शनिवार को विश्व जनजाति दिवस की पूर्व संध्या पर एक समारोह का आयोजन किया गया। आर्यभट्ट सभागार में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष डॉ जॉनी रूफीना तिर्की ने किया। बतौर मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के छात्रकल्याण संकायाध्यक्ष डॉ विकास कुमार ने कहा कि ऐसा नहीं कहा जाना चाहिए कि जनजाति लोग मुख्यधारा में नहीं है। अध्ययन से हम पाएंगे कि जनजातीय लोग ही मुख्यधारा में है। उन्होंने कहा कि यह लोग कई मामलों में अन्य लोगों से भिन्न है और इन्हें भिन्न होने का अधिकार है। लेकिन यह लोग हमसे अलग नहीं है। हम सब मिलकर ही वर्तमान समय का समाज है। उन्होंने इस संबंध में 'जनजातीय' शब्द की परिभाषा तथा 'एथनींसिटी' शब्द के अर्थ की भी व्याख्या की। इस संबंध में उन्होंने स्वयं द्वारा संपादित पुस्तक की भी चर्चा की। विभागाध्यक्ष डॉ जॉनी रूफीना तिर्की ने अपने स्वागत संबोधन में बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है कि झारखंड जैसे आदिवासी संस्कृति आधारित राज्य में सब को जनजाति समाज की सही जानकारी और समझ उपलब्ध कराना। कहा कि जनजाति और गैर जनजाति अर्थात 'सदान' समाज सब झारखंड की वृहत्तर समाज व्यवस्था में अच्छी तरह से समाहित हैं। कार्यक्रम का संचालन करते हुए पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ गंगानाथ झा ने बताया कि पूरे विश्व में लगभग 6% भारत में 8% एवं झारखंड में 27-28% आबादी जनजातियों की है। बताया कि भारत में लगभग 705 और झारखंड में 32 जनजातीय समूह है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यूसेट की श्रीमती अर्चना रीना धान ने जनजाति समाज के इतिहास एवं योगदान की चर्चा की। बताया कि झारखंड के जनजातियों ने हमेशा साहस के साथ न्याय के पक्ष में संघर्ष किया है। शोधार्थी विकास कुमार यादव ने बताया की वर्तमान विश्व की सभी समस्याओं का समाधान आदिवासी ज्ञान और जीवन शैली में उपलब्ध है। राजनीति विज्ञान विभाग के विद्यार्थी राहुल कुमार ने कहा कि हमें जनजातीय लोगों को पिछड़ा समझने की गलती नहीं करनी चाहिए। वस्तुत वह हमसे काफी आगे है। उन्होंने जनजातीय औषधि ज्ञान की भी चर्चा की। गृह विज्ञान की प्राध्यापिका डॉ ममता कश्यप ने बताया कि अभी भी जनजाति समाज के साथ न्याय नहीं हो पा रहा है। समाज की भाषा संस्कृति लुप्त हो रही है। उन्होंने सामूहिक जीवन शैली से भटकाव को इसका करण बताया। कहा कि जनजाति समाज को संरक्षित करने की आवश्यकता है। कहा की यह ऐसी संस्कृति है जिसमें जीवन जीने की अद्भुत सूत्र समाहित है। पूर्व विभागाध्यक्ष एवं लाइब्रेरी साइंस विभाग के निदेशक डॉ विनोद रंजन ने 2026 के विश्व जनजाति दिवस के थीम "स्वदेशी दाइयों को सम्मानः जीवन और कल्याण की सुरक्षा" की चर्चा की। उन्होंने धन्यवाद भी ज्ञापित किया।

# कांवरियों के लिए भोजन से लेकर इलाज और विश्राम तक की व्यवस्था

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** सावन के पावन महीने में बाबा भोलेनाथ के दर्शन के लिए पैदल यात्रा कर रहे कांवरियों की सेवा और सुरक्षा के लिए गिरिडीह पुलिस ने इस बार सराहनीय पहल की है एसपी डॉ. बिमल कुमार की पहल



पर नवीन पुलिस केंद्र के दूसरे गेट के पास पपरवाटांड़ में कांवरिया सेवा शिविर लगाया गया है जहां श्रद्धालुओं के लिए भोजन पेयजल चिकित्सा दवा और विश्राम समेत तमाम आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था की गई है 8 अगस्त 2026 तक इस शिविर के माध्यम से 421 कांवरियों को सेवा प्रदान की जा चुकी है शिविर पूरे सावन महीने तक जारी रहेगा पुलिस की इस पहल का उद्देश्य लंबी दूरी से पैदल यात्रा कर आने वाले कांवरियों को रास्ते में राहत देना और उनकी यात्रा को सुविधाजनक बनाना है सुबह खिचड़ी रात में खीर पूड़ी हर वक्त चाय पानी और फल सेवा शिविर में कांवरियों के लिए सुबह खिचड़ी की व्यवस्था की जाती है जबकि रात में खीर और पूड़ी परोसी जाती है इसके अलावा श्रद्धालुओं को हर समय चाय पानी केला और लड्डू उपलब्ध कराया जा रहा है लंबी दूरी तय कर थके हुए कांवरियों के लिए सोने और आराम करने की भी समुचित व्यवस्था की गई है शिविर में बिछावन लगाए गए हैं ताकि श्रद्धालु कुछ समय रुककर आराम कर सकें और अपनी आगे की यात्रा जारी रख सकें डॉक्टर और दवाइयों की भी व्यवस्था की गई है कांवर यात्रा के दौरान स्वास्थ्य संबंधी परेशानी होने पर श्रद्धालुओं को तत्काल मदद मिल सके इसके लिए शिविर में डॉक्टर और आवश्यक दवाइयों की व्यवस्था भी की गई है इससे थकान कमजोरी अथवा अन्य छोटी-मोटी स्वास्थ्य समस्याओं से परेशान कांवरियों को काफी राहत मिल रही है सुरक्षा के साथ सेवा में जुटी गिरिडीह पुलिस शिविर की सबसे खास बात यह है कि पुलिसकर्मी केवल सुरक्षा व्यवस्था संभालने तक सीमित नहीं हैं बल्कि कांवरियों की सेवा में भी पूरी लगन और समर्पण के साथ जुटे हुए हैं। भोजन वितरण से लेकर पानी चाय और अन्य सुविधाओं की व्यवस्था तक पुलिस प्रशासन लगातार सक्रिय है एसपी डॉ. बिमल कुमार की इस पहल को पुलिस की संवेदनशील और मानवीय कार्यशैली की मिसाल माना जा रहा है पुलिस की जिम्मेदारी जहां आम लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है वहीं इस सेवा शिविर के जरिए पुलिस ने श्रद्धालुओं के प्रति अपनी सामाजिक जिम्मेदारी का भी परिचय दिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### कटांबा मोड़ से बालू लदा ट्रैक्टर जब्त, चालक फरार

**चौपारण/हजारीबाग (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** चौपारण थाना क्षेत्र के कटांबा मोड़ के समीप पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बालू लदे एक ट्रैक्टर को जब्त किया है। पुलिस को देखते ही ट्रैक्टर चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। मामले की जानकारी देते हुए चौपारण थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस द्वारा अवैध बालू परिवहन के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में कटांबा मोड़ से बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त किया गया। हालांकि, पुलिस की कार्रवाई के दौरान चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने जब्त ट्रैक्टर को थाना परिसर में रखा है तथा मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। फरार चालक की पहचान और तलाश में पुलिस जुटी हुई है।

### सीएम हाउस घेराव में नेताओं की गिरफ्तारी के विरोध में अभाविप ने फूंका मुख्यमंत्री का पुतला

**गिरिडीह (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अभाविप की रांची इकाई द्वारा सीएम हाउस घेराव के दौरान क्षेत्रीय संगठन मंत्री प्रांत संगठन मंत्री प्रदेश मंत्री समेत दर्जनों कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी के विरोध में शनिवार को अभाविप गिरिडीह के कार्यकर्ताओं ने



मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया इस दौरान अभाविप प्रदेश सह मंत्री मंटू मुर्मू ने कहा कि वर्तमान सरकार युवाओं को सिर्फ छलने का काम कर रही है। चुनाव के दौरान प्रत्येक वर्ष पांच लाख युवाओं को नौकरी देने का वादा किया गया था लेकिन अब तक पांच हजार युवाओं को भी रोजगार नहीं मिल पाया है उन्होंने आरोप लगाया कि जेपीएससी और जएसएससी की परीक्षाएं ऐसी एजेंसी से कराई जा रही हैं जिसे बिहार और उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा ब्लैकलिस्ट किया जा चुका है जिला संयोजक नीरज चौधरी ने कहा कि यदि सरकार 10 अगस्त तक विद्यार्थियों की मांगों को पूरा नहीं करती है तो अभाविप पूरे प्रदेश में व्यापक आंदोलन करेगी वहीं प्रांत एसएफएस सह संयोजक अनीश राय ने कहा कि सरकार को विद्यार्थियों की मांगों को पूरा करने में आखिर परेशानी क्या है पुतला दहन कार्यक्रम में नगर सह मंत्री अभिजीत सिन्हा कॉलेज मंत्री कृष पासवान रोहित बर्णवाल गुलशन यादव प्रवीण स्वर्णकार सुमन चौधरी आशीष सिंह सचिन शर्मा बिपुल राय समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### सूर्य घर योजना को लेकर 12 अगस्त को बारसोई पावर हाउस में लगेगा शिविर

**बारसोई/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से विद्युत विभाग की ओर से 12 अगस्त मंगलवार को बारसोई पावर हाउस परिसर में विशेष शिविर लगाया जाएगा। शिविर में विभिन्न बैंकों के अधिकारी मौजूद रहेंगे। जहां उपभोक्ताओं को सोलर प्लांट लगाने के लिए ऋण की प्रक्रिया पूरी करने में मदद दी जाएगी।शनिवार को बारसोई के एसडीओ राजू कुमार एवं विद्युत कार्यपालक अभियंता मिथिलेश कुमार रजक ने प्रेस वार्ता कर योजना की जानकारी दी। विद्युत कार्यपालक अभियंता ने बताया कि शिविर में आने वाले उपभोक्ताओं को आवश्यक कागजात उपलब्ध रहने पर ऋण की प्रक्रिया मौके पर ही पूरी कराने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने बताया कि दो लाख रुपये तक के लोन के लिए अलग से कागजात की आवश्यकता नहीं है।केवल बिजली बिल के आधार पर ऋण स्वीकृत किया जा सकता है। प्रेस वार्ता के दौरान विद्युत सहायक अभियंता इमरान नजर, शिकारपुर विद्युत कनीय अभियंता इम्तियाज समेत विद्युत विभाग के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### पंचायत स्तर पर विवादों के समाधान की पहल

**कटिहार कोर्ट (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार कटिहार के तत्वावधान में ह्लिटीगेशन रूरल इंडिया-2026ह्व के तहत कम्यूनिटी मध्यस्थता प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन शनिवार को किया गया।कार्यक्रम का उद्देश्य पंचायत स्तर पर उत्पन्न होने वाले छोटे-मोटे विवादों को आपसी समझ, संवाद एवं मध्यस्थता के माध्यम से सुलझाने के लिए स्थानीय स्तर पर प्रशिक्षित मध्यस्थों को तैयार करना था।इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कटिहार जिले की पांच पंचायतों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस दौरान प्रशिक्षित मध्यस्थ देव कुमार झा,रमेश प्रसाद जायसवाल एवं उज्ज्वल कुमार सिंह द्वारा प्रतिभागियों को कम्यूनिटी मध्यस्थता की प्रक्रिया, उसकी उपयोगिता तथा विवादों के शांतिपूर्ण समाधान के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव कमलेश सिंह देबू ने कम्यूनिटी मध्यस्थता की महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में जिला पंचायत राज कार्यालय के कर्मी किशोर हंसदा, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कर्मियों के साथ-साथ पारा विधिक स्वयंसेवक पवन कुमार, अभिषेक कुमार एवं रवि कुमार की सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों को कम्यूनिटी मध्यस्थता की व्यवहारिक जानकारी एवं प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

### विभाग ने किया अनुदानित दर पर बकरियां वितरित

**कदवा/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड क्षेत्र के पशुपालकों को स्वरोजगार से जोड़ने और उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत बनाने के उद्देश्य से पशुपालन विभाग की ओर से शनिवार को बकरी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समेकित बकरी एवं भेड़ विकास योजना 2026-27 के तहत अनुदानित दर पर प्रखंड क्षेत्र के कुल 16 लाभुकों के बीच तीन-तीन बकरियों का वितरण किया गया।आयोजित कार्यक्रम के दौरान पशुपालन पदाधिकारी डॉ० राकेश कुमार एवं कर्मियों ने लाभुकों के बीच बकरियों का वितरण किया,तो वहीं उन्हें इनके रख-रखाव, खान-पान तथा देखभाल को लेकर आवश्यक टिप्स भी दिया गया। बकरी पाकर लाभुकों में काफी उत्साहित देखे गये।लाभुकों ने सरकार की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि बकरियां मिलने से उनके परिवार को रोजगार और आय बढाने का नया माध्यम मिल गया है। पशुपालन पदाधिकारी ने बताया कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य पशुपालन के माध्यम से ग्रामीण परिवारों को अतिरिक्त आय का साधन उपलब्ध कराना तथा बकरी पालन को बढ़ावा देना है।

# विश्व आदिवासी दिवस के पूर्व ओपन माइंड वर्ल्ड स्कूल में सदन सह नृत्य प्रतियोगिता

## नागपुरी और संथाली गीतों पर बच्चों ने बिखेरी छटा, जूनियर में गार्नेट और सीनियर में टोपाज हाउस रहा अव्वल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** विश्व आदिवासी दिवस के पूर्व शनिवार को धरियाडीह स्थित ओपन माइंड वर्ल्ड स्कूल में सदन सह नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया प्रतियोगिता जूनियर एवं सीनियर ग्रुप में चार सदनों के बीच हुई इसमें विद्यार्थियों ने नागपुरी संथाली सहित विभिन्न लोकगीतों की धुन पर शानदार नृत्य प्रस्तुत कर अपनी कला एवं प्रतिभा का प्रदर्शन किया इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य चंद्रमल्लिका घोष चौधुरी ने कहा कि आदिवासी समुदायों के अधिकारों की रक्षा उनकी अनूठी संस्कृति के संरक्षण तथा पर्यावरण की सुरक्षा में उनके योगदान को सम्मान देने के उद्देश्य से प्रत्येक वर्ष 9




अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं में भाग लेने से बच्चों के कौशल और कला में निखार आता है तथा उनके आत्मविश्वास में भी वृद्धि होती है प्रतियोगिता के जूनियर ग्रुप में गार्नेट हाउस ने प्रथम टोपाज हाउस ने द्वितीय तथा एमेराल्ड हाउस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया वहीं सीनियर ग्रुप में टोपाज हाउस प्रथम एमेराल्ड हाउस द्वितीय तथा सफायर हाउस तृतीय स्थान पर रहा प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका प्राचार्य चंद्रमल्लिका घोष चौधुरी मोहम्मद शहरयार एवं बरनाली पाल ने निभाई निर्णायकों ने प्रस्तुतियों का बारीकी से मूल्यांकन कर परिणाम घोषित किया कार्यक्रम को सफल बनाने में स्मृति सिन्हा धीरज जायसवाल ईरम उमा आनंद अंजलि कुमारी संदीप शोला सहित विद्यालय के अन्य शिक्षकों एवं कर्मियों की सराहनीय भूमिका रही।

# न्यू गिरिडीह रेलवे स्टेशन पर मूलभूत सुविधाओं का अभाव


**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** न्यू गिरिडीह रेलवे स्टेशन (एनजीआरडी) पर मूलभूत सुविधाओं की कमी को लेकर लोगों में नाराजगी बढ़ रही है शिकायत के अनुसार ईस्टर्न सेंट्रल रेलवे के अधीन आने वाले इस स्टेशन पर वर्तमान में तीन महत्वपूर्ण ट्रेनों का ठहराव है इसके अलावा स्टेशन परिसर में रैक प्वाइंट भी बनाया गया है जिससे यात्रियों के साथ साथ माल परिवहन के लिए भी स्टेशन की उपयोगिता बढ़ गई है बावजूद इसके स्टेशन पर पेयजल और शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाओं का अभाव बताया जा रहा है स्थानीय लोगों के अनुसार स्टेशन से मुख्य मार्ग तक आने जाने वाले दोनों पहुंच पथ अभी भी कच्चे हैं रैक प्वाइंट के कारण ट्रकों का लगातार आवागमन होता है जिससे सड़क से धूल उड़कर आसपास के इलाकों में फैल रही है। इससे बड़ी आबादी को प्रदूषण की समस्या का सामना करना पड़ रहा है लोगों का कहना है कि महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशन होने के बावजूद सड़क और यात्री सुविधाओं की स्थिति चिंताजनक है लोगों ने रेल मंत्रालय और रेलवे प्रशासन से न्यू गिरिडीह स्टेशन पर तत्काल पेयजल एवं शौचालय की सुविधा उपलब्ध कराने तथा स्टेशन से मुख्य मार्ग तक जाने वाले दोनों पहुंच पथ का अविलंब पक्कीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कराने की मांग की है।

# संकुल स्तरीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता में बरगंडा विद्या मंदिर का दबदबा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बरगंडा गिरिडीह के भैया बहनों ने संकुल स्तरीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए विभिन्न विधाओं में प्रथम स्थान हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विजेता विद्यार्थियों के सम्मान में शनिवार को विद्यालय की वंदना सभा में सम्मान समारोह आयोजित किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभारी प्रधानाचार्य अजित मिश्र ने दीप प्रज्वलित कर किया विषय प्रवेश वरिष्ठ आचार्य नलिन कुमार एवं पंकज आचार्य ने कराया प्रतियोगिता में विज्ञान के किशोर एवं शिशु वर्ग वैदिक गणित के शिशु किशोर एवं बाल वर्ग संस्कृति बोध के शिशु एवं किशोर वर्ग तथा कथा कथन के



शिशु एवं बाल वर्ग में विद्यालय के विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं मूर्तिकला प्रतियोगिता में भी विद्यालय ने प्रथम स्थान हासिल किया। आचार्य वर्ग की पत्रवाचन प्रतियोगिता में डॉ. ब्रजेश बर्णवाल प्रथम रहे विद्यालय की इस सफलता का श्रेय वैदिक गणित प्रतियोगिता प्रमुख अनिल आचार्य विज्ञान प्रतियोगिता प्रमुख निशा श्रेष्ठ एवं संस्कृति बोध प्रमुख दुलारचंद आचार्य के मार्गदर्शन को दिया गया प्रभारी प्रधानाचार्य अजित मिश्र ने विजेताओं को सम्मानित करते हुए कहा कि अनुशासन निरंतर अभ्यास और आत्मविश्वास से ही ऐसी उपलब्धियां हासिल होती हैं उन्होंने विद्यार्थियों को विभाग स्तरीय संस्कृति महोत्सव में भी बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं संकुल प्रमुख एवं प्रधानाचार्य आनंद कमल ने विद्यार्थियों की उपलब्धि की सराहना करते हुए इसे अनुशासन परिश्रम और आचार्यों के मार्गदर्शन का परिणाम बताया कार्यक्रम में विद्यालय परिवार के सभी आचार्य बंधु भगिनी उपस्थित रहे।

# नामकरण व प्रतिमा स्थापना को लेकर उपायुक्त से मिला शिष्टमंडल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बरही (हजारीबाग)।** बरही चौक के नामकरण एवं प्रतिमा स्थापना के प्रस्ताव को लेकर विधायक मनोज कुमार यादव के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल ने उपायुक्त हेमंत सती एवं उपविकास आयुक्त रिया सिंह से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। शिष्टमंडल ने मामले में व्यापक जनपरामर्श, संवैधानिक प्रक्रिया और विधिक प्रावधानों का पालन करने की मांग की। विधायक श्री यादव ने कहा कि सार्वजनिक स्थल का नामकरण और प्रतिमा स्थापना केवल प्रशासनिक निर्णय नहीं है। यह स्थानीय लोगों की आस्था, सांस्कृतिक पहचान और भावनाओं से जुड़ा विषय है। उन्होंने बरही



प्रखंड की सभी पंचायतों के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों की बैठक बुलाकर राय लेने की मांग की।ज्ञापन में कहा गया कि स्थानीय लोग लंबे समय से बरही चौक को श्रीराम चौक के नाम से संबोधित करते रहे हैं। शिष्टमंडल ने किसी भी नए नामकरण से पहले स्थानीय जनता की भावनाओं को ध्यान में रखने की मांग की। विधायक ने बताया कि पूर्व में भी इस विषय पर आमसभा की पहल हुई थी, लेकिन सर्वसम्मति नहीं बन सकी थी। उन्होंने एनएच क्षेत्र में स्थित चौक पर किसी भी स्थायी निर्माण या प्रतिमा स्थापना से पहले एनएचएआई और संबंधित सक्षम प्राधिकारियों से आवश्यक स्वीकृति लेने की मांग की। शिष्टमंडल में विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, जिप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, आकाश जयसवाल, निरंजन केशरी, मनोज साव, सन्नी कुमार, पंकज केशरी, रोहित, हिमांशु, गणेश, प्रदीप पाण्डेय सहित अन्य मौजूद रहे।

# डीएवी सीसीएल गिरिडीह में नशामुक्ति को लेकर सामूहिक शपथ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** डीएवी पब्लिक स्कूल सीसीएल गिरिडीह में शनिवार को प्रात कालीन सभा के दौरान हवन के बाद नशामुक्ति प्रतिज्ञा अभियान के तहत सामूहिक शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम का आयोजन प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के मेडिकल विंग द्वारा संचालित अभियान के अंतर्गत किया गया विद्यालय के प्राचार्य ओमप्रकाश गोयल के नेतृत्व में शिक्षक शिक्षिकाओं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने नशे से दूर रहने तथा समाज में नशामुक्ति के प्रति जागरूकता फैलाने की शपथ ली प्राचार्य ओमप्रकाश गोयल ने कहा कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य के साथ साथ उसके परिवार और समाज को भी प्रभावित करता है युवाओं और विद्यार्थियों को नशे से दूर रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है उन्होंने विद्यार्थियों से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और दूसरों को भी नशामुक्त जीवन के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूकता आत्मसंयम और स्वस्थ जीवन के प्रति प्रतिबद्धता विकसित करना था विद्यालय परिवार ने नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प दोहराया।

# बेटी के इलाज के लिए चंदवारा गया परिवार, अस्पताल से महिला लापता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बरही।** मलकोको गांव निवासी ताहिर अंसारी की पत्नी शहजादी खातून (26) चंदवारा स्थित क्रांति अस्पताल से लापता हो गई। ताहिर अंसारी अपनी बीमार सात वर्षीय बेटी सदिया खातून के इलाज के लिए पत्नी शहजादी और चार वर्षीय पुत्र तहसीन के साथ 2 अगस्त की सुबह करीब 7 बजे अस्पताल पहुंचे थे। पति के अनुसार, बेटी के इलाज के दौरान उनकी पत्नी अपने पुत्र को लेकर अस्पताल परिसर से बाहर चली गई। कुछ देर बाद पुत्र अकेले वापस आया और बताया कि उसकी मां कहीं चली गई है। इसके बाद परिजनों ने आसपास काफी खोजबीन की, लेकिन शहजादी का कोई पता नहीं चला। मामले को लेकर पीड़ित पति ने 4 अगस्त को चंदवारा थाना में सनहा दर्ज कराया है। उन्होंने पुलिस को दिए आवेदन में बताया है कि कुछ दिन पहले एक अज्ञात व्यक्ति के मोबाइल नंबर से उनकी पत्नी के संपर्क में होने की जानकारी मिली थी। उन्होंने मामले की जांच की मांग की है। पति ने पुलिस से क्रांति अस्पताल व आसपास के सीसीटीवी फुटेज, अस्पताल से बाहर जाने वाले रास्तों, टोल प्लाजा, बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन के फुटेज की जांच कराने के साथ संदिग्ध मोबाइल नंबरों की कॉल डिटेल और लोकेशन की जांच कराने का आग्रह किया है। ताहिर ने बताया कि उनके दो छोटे बच्चे हैं और वह परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य हैं। पत्नी के लापता होने से परिवार चिंतित है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से पत्नी की शीघ्र और सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई है।

# समीक्षा बैठक में एसपी का सख्त निर्देश, लंबित कांडों के त्वरित निष्पादन पर जोर






**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** पुलिस अधीक्षक गिरिडीह की अध्यक्षता में शनिवार को पुलिस कार्यालय सभागार में मासिक अपराध समीक्षा गोष्ठी आयोजित की गई बैठक में जिले की कानून-व्यवस्था लंबित मामलों तकनीकी अनुसंधान और आगामी श्रावणी मेला-2026 की सुरक्षा व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की गई एसपी ने सभी एसडीपीओ डीएसपी इंस्पेक्टर और थाना प्रभारियों को लंबित कांडों का निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान कर त्वरित निष्पादन करने का निर्देश दिया। महिला अपराध के मामलों में जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए त्वरित एवं सख्त कार्रवाई पर जोर दिया गया न्यायालय से प्राप्त वारंट एवं कुर्की का शत प्रतिशत समय पर निष्पादन लंबित पासपोर्ट व चरित्र सत्यापन में तेजी लाने के निर्देश भी दिए गए रात की गश्ती को प्रभावी बनाने तथा पेशेवर अपराधियों वारंटियों और असामाजिक तत्वों के खिलाफ विशेष अभियान चलाने को कहा गया बैठक में आम जनता की शिकायतों का निष्पक्ष और त्वरित समाधान करते हुए पुलिस को पब्लिक फ्रेंडली बनाने पर भी जोर दिया गया वहीं श्रावणी मेला को लेकर कांवरिया मार्गों पर सुरक्षा प्रमुख शिवालयों में भीड़ प्रबंधन सादे लिबास में पुलिसकर्मियों की तैनाती और रूट डायवर्जन की ठोस कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश दिया गया।

## एक नजर

### करंट की चपेट में आने से युवक और बच्चे की मौत

**बिहारशरीफ**। जिले के नूरसराय, हिलसा और दीपनगर थाना क्षेत्र में अलग-अलग घटनाओं में करंट की चपेट में आने से दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से झुलस गया। हादसों के बाद मृतकों के परिजनों में कोहराम मच गया। पहली घटना नूरसराय थाना क्षेत्र के बालचंद बीघा गांव में हुई। बताया जाता है कि रास्ते में बिजली का तार टूटकर गिरा हुआ था। इसी दौरान 40 वर्षीय अजीत चैहान उसकी चपेट में आ गए। करंट लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। दूसरी घटना हिलसा थाना क्षेत्र के तीना गांव में हुई, जहां लकड़ी तोड़ने के दौरान अंचल कुमार करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गए। परिजनों ने उन्हें इलाज के लिए बिहारशरीफ अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका उपचार चल रहा है।वहीं, तीसरी घटना दीपनगर थाना क्षेत्र के मेघी नगमा गांव में हुई। परिजनों के अनुसार, 12 वर्षीय अन्नी कुमार ट्यूबवेल पर पानी पीने गया था। इसी दौरान ट्यूबवेल में प्रवाहित करंट की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने दोनों मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ अस्पताल भेज दिया। हादसों के बाद मृतकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने घटनाओं के पीछे बिजली विभाग की लचर व्यवस्था को जिम्मेदार ठहराते हुए सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की है।

### 10 दिनों से दो बच्चों समेत महिला लापता

**बिहारशरीफ**। पावापुरी थाना क्षेत्र से दो बच्चों के साथ एक महिला के पिछले 10 दिनों से लापता होने का मामला सामने आया है। काफी खोजबीन के बाद भी महिला और दोनों बच्चों का कोई सुराग नहीं मिलने पर परिजनों ने पावापुरी थाना में लिखित आवेदन देकर गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई है। घटना के बाद से परिवार के लोग चिंतित हैं और किसी अनहोनी की आशंका जता रहे हैं। लापता महिला की मां एवं रहुई थाना क्षेत्र के इमामगंज गांव निवासी वासुदेव प्रसाद की पत्नी रूबी देवी ने शनिवार को बताया कि वह वर्तमान में पावापुरी में किराए के मकान में अपनी बेटी के साथ रहती हैं। उन्होंने बताया कि 29 जुलाई 2026 को उनकी बड़ी बेटी प्रीति कुमारी अपने दोनों बच्चों 7 वर्षीय रितिक कुमार और 5 वर्षीय रियांश कुमार को लेकर अपनी ससुराल सिलाव थाना क्षेत्र के धरहरा गांव जाने के लिए घर से निकली थी।परिजनों के अनुसार प्रीति कुमारी को देर शाम तक ससुराल पहुंच जाना था, लेकिन वह अपने दोनों बच्चों के साथ वहां नहीं पहुंची। इसके बाद परिवार के लोगों ने आसपास के इलाकों के अलावा रिश्तेदारों और परिचितों के यहां काफी खोजबीन की, लेकिन महिला और दोनों बच्चों के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल सकी।लगातार 10 दिनों तक तलाश करने के बावजूद जब महिला और बच्चों का कोई सुराग नहीं मिला तो परिवार की चिंता और बढ़ गई। इसके बाद किसी अनहोनी की आशंका को देखते हुए परिजनों ने पावापुरी थाना में लिखित आवेदन देकर पुलिस से महिला और दोनों बच्चों की तलाश कर सुरक्षित बरामदगी की गुहार लगाई।पावापुरी पुलिस ने परिजनों से प्राप्त आवेदन के आधार पर महिला और दोनों बच्चों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के क्षेत्रों में जानकारी जुटाने के साथ ही मामले की जांच कर रही है। परिजनों ने पुलिस प्रशासन से जल्द से जल्द प्रीति कुमारी और दोनों बच्चों को सुरक्षित बरामद करने की अपील की है।

### तीन बंद घरों में चोरी का पुलिस ने किया पर्दाफाश, दो गिरफ्तार

**बिहारशरीफ**। बिन्द थाना क्षेत्र के महमूदाबाद गांव में करीब एक सप्ताह पहले तीन बंद घरों में हुई चोरी की घटना का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। मामले में पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान महमूदाबाद गांव निवासी सूरज कुमार और नीरज कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों की निशानदेही पर चोरी किया गया एक लैपटॉप भी बरामद किया है। बताया जाता है कि करीब एक सप्ताह पहले चोरों ने महमूदाबाद गांव में तीन बंद घरों के मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर जेवरात, बर्तन, लैपटॉप समेत लाखों रुपये की संपत्ति चोरी कर ली थी। चोरी करने के बाद आरोपितों ने घरों के मुख्य दरवाजे पर नया ताला लगा दिया था। इस कारण आसपास के लोगों को तत्काल चोरी की घटना की जानकारी नहीं हो सकी।पुलिस ने जांच के दौरान घटना में दोनों आरोपितों की संलिप्तता की जानकारी मिलने के बाद कार्रवाई करते हुए उन्हें गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष मुरली मनोहर आजाद ने बताया कि चोरी के मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। उनकी निशानदेही पर एक लैपटॉप बरामद किया गया है।

### तीन वारंटियों को किया गिरफ्तार

**रफीगंज(औरंगाबाद)**। पुलिस ने थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में छापेमारी कर तीन वारंटियों को गिरफ्तार किया है। रफीगंज थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में बाबूगंज निवासी गुप्ता लाल खत्री के पुत्र विजय लाल खत्री, प्रेम बिगहा निवासी बंगाली यादव के पुत्र अरविंद यादव उर्फ बिंदा यादव तथा कपूर बिगहा निवासी डोमन प्रसाद के पुत्र योगेंद्र पासवान उर्फ योगेंद्र प्रसाद शामिल हैं। तीनों के खिलाफ औरंगाबाद न्यायालय से वारंट जारी था। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों को जेल भेज दिया।

### अभाविप द्वारा चलाया गया सदस्यता अभियान, 500 बने नए सदस्य



**रफीगंज (औरंगाबाद)**। शहर के विभिन्न कोचिंग व शैक्षणिक संस्थानों में शनिवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के रफीगंज इकाई ने नगर मंत्री राहुल गुप्ता के नेतृत्व में सदस्यता अभियान चलाया। अभियान के दौरान करीब 500 नए सदस्यों को जोड़ा गया। राहुल गुप्ता ने बताया कि अभियान 31 अगस्त तक चलेगा। अभाविप छात्र हित में लगातार कार्य करती है। मौके पर सौरभ बाबा, रोहित कुमार, रंजन कुमार, राजू कुमार, प्रांशु कुमार सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### टीइटी अनिवार्यता के खिलाफ सितंबर में सामूहिक अनशन करेंगे शिक्षक

**अंबा (औरंगाबाद)**। बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ (गोप-गुट) की कुटुम्बा प्रखंड शाखा की बैठक शनिवार को म. वि. चिल्हकी में प्रखंड अध्यक्ष ज्योति भूषण की अध्यक्षता में हुई। बैठक में संगठन के देशव्यापी अभियान 'शिक्षा बचाओ, देश बचाओ' के तहत शिक्षकों की समस्याओं और आंदोलन की रणनीति पर चर्चा की गई। जिला सचिव उदय कुमार ने कहा कि नई शिक्षा नीति के तहत सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद सभी कोटि के कार्यरत शिक्षकों के लिए टीईटी उत्तीर्ण करना अनिवार्य किया गया है। उन्होंने इसे पूर्व से कार्यरत शिक्षकों के हितों के विरुद्ध बताते हुए कहा कि यह निर्णय न्यायसंगत नहीं है। उन्होंने शिक्षकों से संगठित होकर आंदोलन को मजबूत करने की अपील की।

### बंद नल-जल योजना व आहर पर अतिक्रमण को लेकर भाजपा की बैठक में उठी आवाज

**अंबा (औरंगाबाद)**। भाजपा के संडा मंडल की संगठनात्मक मासिक बैठक शुक्रवार को मंडल अध्यक्ष विजय सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में संगठन की मजबूती के साथ क्षेत्र की गंभीर जनसमस्याओं पर चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं ने लंबे समय से बंद नल-जल योजना को चालू कराने, रहमबिगहा आहर को अतिक्रमणमुक्त कराने तथा गांवों में चरमराई सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग उठाई। बैठक में प्रस्ताव पारित कर सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता सुनिश्चित करने और अनियमितताओं पर रोक लगाने की मांग की गई। कार्यकर्ताओं ने कहा कि नल-जल योजना बंद रहने से ग्रामीणों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, रहमबिगहा गांव के आहर पर कथित अतिक्रमण से जल संचयन और सिंचाई व्यवस्था प्रभावित हो रही है। इसे लेकर प्रशासन से तत्काल कार्रवाई कर आहर को अतिक्रमणमुक्त कराने की मांग की गई।

# आदिवासी महोत्सव को लेकर ट्रैफिक पुलिस ने जारी की एडवाइजरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**रांची**। झारखंड आदिवासी महोत्सव-2026 के आयोजन को लेकर राजधानी रांची में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए ट्रैफिक पुलिस ने विशेष एडवाइजरी जारी की है। महोत्सव का आयोजन 9 और 10 अगस्त 2026 को किया जाना है। 9 अगस्त को निर्धारित कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में लोगों के जुटने की संभावना को देखते हुए कई प्रमुख मार्गों पर वाहनों के परिचालन और पार्किंग को लेकर दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। रांची के ट्रैफिक एसपी के कार्यालय से जारी सूचना के मुताबिक, 9 अगस्त को सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक जतरा कार्यक्रम के अवसर पर जेल चौक से करमटोली चौक, करमटोली चौक से एसएसपी आवास मोड़ और एसएसपी आवास से बापू वाटिका मोरहाबादी तक सभी प्रकार के वाहनों के परिचालन पर रोक रहेगी। ऐसे में इन रास्तों से गुजरने वाले लोगों को वैकल्पिक मार्गों का इस्तेमाल करने की सलाह दी गई है।

ट्रैफिक एसपी राकेश सिंह ने बताया है कि जतरा कार्यक्रम में खूंटी, जमशेदपुर, गुमला, लोहरदगा, रामगढ़ और रांची जिले के रातू, कांके, पिठोरिया सहित अन्य क्षेत्रों से बड़ी संख्या में वाहन पहुंच सकते हैं। इसके अलावा शहर के विभिन्न इलाकों से आने वाले वाहनों के कारण भी मोरहाबादी क्षेत्र में यातायात का दबाव बढ़ने की संभावना है। पुलिस ने ऐसे वाहनों के लिए अलग-अलग पार्किंग स्थलों की व्यवस्था बवाई है। यूनिवर्सिटी फुटबॉल मैदान, मोरहाबादी को प्रमुख पार्किंग स्थल बनाया गया है। कांके रिंग रोड, चांदनी चौक, राम मंदिर तथा शहर के भीतर धुर्वा, हिंदपीढ़ी, डोरंडा, मेन रोड, रेडियम चौक, लालपुर, कांटाटोली, हरमू और अरगोड़ा जैसे इलाकों से आने वाले वाहन न्यू मार्केट चौक, हॉटलिप्स चौक, राम मंदिर चौक या रेडियम चौक, एसएसपी आवास चौक, रणधीर वर्मा चौक, एटीआई मोड़ और यूनिवर्सिटी फुटबॉल मैदान मोरहाबादी में वाहन पार्क किए जा सकेंगे।

**इन स्थानों पर भी पार्किंग की व्यवस्था**

जतरा कार्यक्रम में बोड़ेयो रोड की तरफ से आने वाले वाहनों के लिए टीआरओआई मैदान यानी मंदिर मैदान में पार्किंग की व्यवस्था की गई है। वहीं टाटीसिलवे, खेलगांव, बूटी मोड़, रिम्स और बरियातू की तरफ से आने वाले वाहनों को डीआईजीजी मैदान, बरियातू में पार्क करने की सलाह दी गई है। ट्रैफिक पुलिस ने यह भी स्पष्ट किया है कि आवश्यकता पड़ने पर अन्य मार्गों पर भी कम समय के लिए वाहनों को डायवर्ट या रोकने का निर्णय लिया जा सकता है।

## रांची सदर अस्पताल में सिर्फ एक यूसीजी मशीन क्रियाशील

### अल्ट्रासाउंड कराने के लिए मरीजों को करना पड़ रहा लंबा इंतजार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची**। झारखंड की राजधानी रांची का जिला अस्पताल देश के दस टॉप सुविधा वाले सदर अस्पतालों में से एक है। राष्ट्रीय स्तर पर गुणवत्तापूर्ण इलाज और मरीजों को सुविधा उपलब्ध कराने के लिए अस्पताल को कई अवार्ड भी मिल चुका है।

इन सब के बीच यह एक हकीकत है कि अगर चिकित्सक अल्ट्रासोनोग्राफी जांच कराने की सलाह दे दें तो फिर उन्हें जांच के लिए एक-एक महीने तक इंतजार करना पड़ सकता है। अगर कोई पैरवी या हाई लेवल रेफरेंस हो तो संभव है कि एक दो दिन में मरीज का अल्ट्रासोनोग्राफी हो जाए।

**मरीजों ने बताई अपनी परेशानी**

लोहरदगा सदर अस्पताल में गले का अल्ट्रासाउंड नहीं होता है। लिहाजा आरती लोहरदगा रांची पैसेंजर पकड़ कर रांची आयीं। यहां जब वह अपना अल्ट्रासाउंड कराने गयी तो उसे 24 अगस्त का डेट दिया गया। उसे बिना जांच कराए वापस लोहरदगा जाना पड़ गया। इसी तरह सोनाहातू प्रखंड से आये अनिल को पहले अल्ट्रासाउंड के लिए लंबा वक्त दिया गया था। संयोग से सदर अस्पताल का एक कर्मचारी उसके पहचान का निकल गया, तो उसे अब 12 अगस्त को बुलाया गया है। आज वह बिना जांच कराए वापस लौट रहा है, इसकी चिंता की जगह वह खुद को लक्की मानता है कि चार दिन बाद का ही नम्बर उसे मिल गया है।

**क्या कहते हैं उपाधीक्षक**

उन्होंने भी माना कि रेडियोलॉजिस्ट की कमी की वजह से यह दिक्कत हो रही है,जिसे दूर करने की कोशिश की जा रही है।

## जमशेदपुर के एलबीएसएम कॉलेज में करंट, चपेट में आई छात्रा

**जमशेदपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। शहर के परसुडीह थाना क्षेत्र स्थित एलबीएसएम कॉलेज में शनिवार को परीक्षा देने पहुंची छात्रा करंट की चपेट में आकर घायल हो गई। घायल छात्रा को अस्पताल मे भर्ती कराया गया है। कॉलेज के प्रिंसिपल ने बताया की छात्रा की स्थिति खतरे से बाहर है। कॉलेज की इस समस्या के लिए विभाव को सूचित किया गया है। घायल छात्रा की पहचान सुंदरनगर के नानदूप निवासी रायगुनी बोयपाई के रूप में हुई है। वह मेजर पॉलिटिकल साइंस की परीक्षा देने कॉलेज पहुंची थी। छात्रा एलबीएसएम कॉलेज में पढ़ती है। इस घटना के बाद तत्काल छात्रा को अस्पताल पहुंचाया गया है। बताया जा रहा कि बारिश के दौरान कॉलेज परिसर में पानी जमा था। जिस गेट से परीक्षा के लिए प्रवेश करना था, वह बंद था। छात्रा दूसरे रास्ते से आगे बढ़ रही थी। इसी दौरान पानी से गुजरते समय अचानक करंट लग गया और वह गिर पड़ी।

## निशिकांत दुबे का झारखंड सरकार को 13 अगस्त तक का अल्टीमेटम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**देवघर**। झारखंड में जेपीएससी-जेएसएससी में हुई अनियमितताओं को लेकर छात्रों का आंदोलन तेज है। छात्र अपने हितों को लेकर लगातार अपना विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। सांसद निशिकांत दुबे ने आंदोलनरत छात्रों के समर्थन में बयान दिया है। उन्होंने कहा कि जेपीएससी-जेएसएससी में लगातार सामने आ रही धांधली और अनियमितताओं से छात्र परेशान हैं और अपने भविष्य को लेकर चिंतित हैं। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ी तो वह कोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे।

**13 अगस्त के बाद सरकार पर बनाएंगे दबाव**

निशिकांत दुबे ने कहा कि वह प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू के साथ छात्रों के भविष्य को लेकर लगातार चर्चा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि संसद का मानसून सत्र 13 अगस्त तक चलेगा। इसके बाद वह पूरे मामले को लेकर राज्य सरकार पर दबाव बनाएंगे। अगर सरकार के स्तर से उचित कार्रवाई नहीं होती है तो वह कोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे और पूरे मामले की सीबीआई जांच की मांग करेंगे।

**बोले- सिर्फ छात्रों से बात करने से नहीं होगा समाधान**

सांसद ने कहा कि राज्य सरकार छात्रों से बातचीत कर रही है, लेकिन केवल बातचीत से समस्या का समाधान नहीं होगा। उन्होंने मांग की कि कथित धांधली में शामिल अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ भी उचित कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसी जांच कराएंगे जिससे दोषियों की पहचान हो और छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों को कड़ी सजा मिल सके।

**राहुल गांधी के बयान पर भी साधा निशाना**

झारखंड के आंदोलनरत छात्रों के समर्थन में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयान पर भी निशिकांत दुबे ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस केवल बयानबाजी कर छात्रों को दिग्भ्रमित करने की कोशिश कर रही है।

## 16 वें एवं षष्ठम वित्त आयोग योजना की राशि चयन के लिए बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**रफीगंज**। रफीगंज प्रखंड सभागार मे 16वीं एवं षष्ठम वीत आयोग की बीपीडीपी निर्माण हेतू आईपीपी सी की बैठक प्रखंड प्रमुख गीता सिंह की अध्यक्षता मे बैठक संपन्न हुई। प्रखंड प्रमुख ने कहा कि 16 वी एवं षष्ठम वीत आयोग के अन्तर्गत लगभग चार करोड़ की राशि योजनाओ का निर्माण के लिये बीपीडीपी तैयार की गयी है। उन्होने बताया कि प्रखंड के सभी पंचायतो मे बराबर की राशि दी जा रही है। प्रखंड मे अब तक की सबसे बडी राशि मिला है। जिससे क्षेत्र मे विकास का गति अब तेज होगी। इस अवसर पर पंचायत समिति उपेन्द्र यादव, मुखिया सेराज अंसारी, यूसुफ अली खान, गुड़िया देवी, बिदाई देवी, विजय सिंह, शंकर दयाल यादव, मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष बिंदेश्वर यादव , उप प्रमुख रंजन्ति देवी , प्रमिला देवी, ममता देवी, पंचायत समिति सदस्य ईश्वर चौधरी, गोपाल कुमार,हस्सान सिद्दिकी, बसंती देवी, सरिता कुमारी, मुकेश सिंह, सतेंद्र यादव, मीरा देवी, सुनैना देवी, आरती देवी, जैनव फहमी, साधना सिंह, समित्री देवी शामिल हुए।

## 'नेशनल फ्रंटियर्स ऑफ इंजीनियरिंग ' और 'इनोवेशन इन मैन्युफैक्चरिंग प्रैक्टिस' का शुभारंभ, रक्षा राज्य मंत्री बोले- लैब तक सीमित न रहे रिसर्च

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद**। आईआईटी (आईएसएम) धनबाद में शनिवार को देश की तकनीकी क्षमता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से 20वें 'नेशनल फ्रंटियर्स ऑफ इंजीनियरिंग' और 'इनोवेशन इन मैन्युफैक्चरिंग प्रैक्टिस' का आगाज हुआ। आईआईटी (आईएसएम) धनबाद और 'इंडियन नेशनल एकेडमी ऑफ इंजीनियरिंग' के संयुक्त सहयोग से आयोजित इस तीन दिवसीय सम्मेलन में देशभर के प्रमुख वैज्ञानिक, इंजीनियर, शोधकर्ता और उद्योग विशेषज्ञ भविष्य की तकनीकों पर मंथन कर रहे हैं। उद्घाटन समारोह में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने शोधकर्ताओं से अगले 100 वर्षों की तकनीकी जरूरतों को ध्यान में रखकर कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि अनुसंधान को महज प्रयोगशालाओं तक सीमित न रखकर राष्ट्र की व्यावहारिक आवश्यकताओं से जोड़ना अनिवार्य है। उन्होंने रेखांकित किया कि भारत रक्षा उपकरणों के आयातक से अब निर्यातक देश बन चुका है, जिसमें स्वदेशी तकनीकों के विकास हेतु स्टार्टअप्स और एमएसएमइ महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। वहीं, आइएनएइ के अध्यक्ष जे.डी. पाटिल ने कहा कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवा इंजीनियरों को नई तकनीकों के विकास हेतु प्रोत्साहित करना है। उन्होंने रिसर्च को केवल पेपर तक सीमित न रखकर व्यावहारिक उत्पाद और उपयोगी तकनीक में बदलने की आवश्यकता पर बल दिया।

## लोग कीचड़ में चलने को मजबूर, पक्की सड़क निर्माण कार्य की गुहार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**औरंगाबाद**। सरकार आज सभी गांवों को पक्की सड़क से जोड़ने का दावा कर रही है, वहीं औरंगाबाद के देव प्रखंड के हसौली पंचायत के मिसिर बिगहा के लोग कीचड़ युक्त कच्ची सड़क पर चलने को मजबूर हैं। आजादी के दशकों बीतने के बाद भी यहां के लोग पक्की सड़क के लिए तरस रहे हैं। गांव में पक्की सड़क नहीं होने के कारण बारिश के दिनों में पूरा रास्ता कीचड़ और जलजमाव में तब्दील हो गया है। इस कच्ची सड़क पर सफर करना दुष्कर हो गया है। लोगों ने शासन-प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए इस समस्या से निजात दिलाने की गुहार लगाई है। पक्की सड़क के अभाव में लोगों का रोजमर्रा का जीवन मुश्किलों से भरा है। कई बार लोग गिरकर चोटिल हो चुके हैं। ग्रामीण रवि यादव का कहना है कि नेता लोग बस वोटों के समय बड़े-बड़े वादे करते हैं, लेकिन उसके बाद उनका इस पर ध्यान नहीं जाता है जिसके चलते ये समस्या जस की तस बनी हुई है जिससे स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच बाधित होती है। शिक्षा आदि में भी पड़ रही है बाधा अन्य समस्याएं भी स्थानीय ग्रामीणों को परेशान कर रहे हैं। स्कूल जाने वाले बच्चों को भी कीचड़ और गड्ढों से होकर गुजरना पड़ता है, जिससे उनकी शिक्षा भी प्रभावित हो रही है। ग्रामीण कच्ची सड़क के सहारे आवागमन को मजबूर हैं, बरसात में सड़क पूरी तरह कीचड़मय हो जाती है। बारिश के कारण मिट्टी गीली हो जाती है। इससे वाहन तो दूर पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। उन्होंने कहा कि सड़क नहीं रहने के कारण गांव का विकास नहीं हो पा रहा है। यह काफी दुर्भाग्यपूर्ण है। ग्रामीणों ने स्पष्ट रूप से कहा कि यदि जल्द ही इस सड़क का निर्माण नहीं कराया गया, तो वे आंदोलन को मजबूर होंगे।

## मॉडर्न इंटरनेशनल स्कूल हिसुआ में सांस्कृतिक कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नवादा**। जिले के हिसुआ स्थित मॉडर्न इंटरनेशनल स्कूल परिसर में शुक्रवार को श्रावण मास, स्वतंत्रता दिवस और रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में एक संयुक्त सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मकसद छात्रों में देशभक्ति, सांस्कृतिक मूल्यों और आपसी भाईचारे की भावना को बढ़ाना था। कार्यक्रम की शुरुआत मॉडर्न शैक्षणिक समूह के अध्यक्ष डॉ. अनुज कुमार और निदेशक संजय कुमार ने दीप प्रज्वलित कर की। इस मौके पर डॉ. अनुज कुमार ने कहा कि त्योहार और राष्ट्रीय पर्व बच्चों को अपनी जड़ों से जोड़ने का सबसे अच्छा माध्यम हैं। स्कूल में ऐसी गतिविधियों से बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ता है और उनमें अनुशासन के साथ रचनात्मकता भी विकसित होती है। कार्यक्रम में स्कूली छात्रों को तीन समूहों में बांटा गया था। हर समूह ने अलग-अलग थीम पर प्रस्तुति दी। बच्चों ने भजन, लोकनृत्य और शिव स्तुति के माध्यम से सावन के महत्व को दिखाया। देशभक्ति गीत, भाषण और झांकी के जरिए स्वतंत्रता संग्राम के नायकों को याद किया गया। तिरंगा यात्रा और समूह गान ने पूरे माहौल को देशभक्ति से भर दिया। भाई-बहन के रिश्ते और सुरक्षा के प्रतीक पर आधारित नाटिका और नृत्य प्रस्तुत किए गए। विजेता छात्रों को डॉ. अनुज कुमार द्वारा मेडल देकर पुरस्कृत किया गया । उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम से चयनित छात्रों आगामी 15 अगस्त को नवादा के कुंती नगर में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम का अभ्यास यहां के कुशल शिक्षकों द्वारा कराया जाता है ,जो जिले से सेलेक्शन हो राज्य और देश तक पहुंचकर अपना परचम लहराता है।

## चार दिन काला बिल्ला लगाकर जताया विरोध

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**दाउदनगर (औरंगाबाद)**। बिहार सरकार द्वारा प्रस्तावित विश्वविद्यालय अधिनियम 2026 के तहत विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय की स्वायतता पर कथित प्रहार का बिहार राज्य विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मचारी संयुक्त संघर्ष मोर्चा, मगध विश्वविद्यालय, बोधगया प्रक्षेत्र के बैनर तले विभिन्न प्रकार से विरोध व्यक्त किया जा रहा है। दाउदनगर महाविद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने बुधवार से शनिवार तक काला बिल्ला लगाकर विरोध करते हुए कार्यों का सम्पादन किया ल। आगामी गतिविधियों के तहत 10 अगस्त को सामूहिक अवकाश पर रहते हुए विश्वविद्यालय मुख्यालय पर रोषपूर्वक प्रदर्शन किया जाएगा तथा कुलपति को ज्ञापन सौंपा जाएगा। 11 अगस्त से 26 अगस्त तक सभी शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मी अपने कार्यस्थल पर प्रत्येक कार्यदिवस को अपराह्न डेढ़ बजे से दो बजे के बीच नारेबाजी करेंगे। इस मौके पर दाउदनगर महाविद्यालय शिक्षकेत्तर कर्मचारी संघ के अध्यक्ष भरत भूषण सरोज, सचिव प्रवीण कुमार, उपाध्यक्ष विपुल कुमार एवं अन्य शिक्षकेत्तर कर्मचारी जैनेन्द्र सिंह, प्रवीण, संतोष कुमार विभु, मो. सिकंदर खान, संतोष कुमार, माया देवी उपस्थित रहे।

## कासमा पुलिस ने दो एनबी वारंटी को किया गिरफ्तार

**रफीगंज(औरंगाबाद)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। प्रखंड के कासमा थाना पुलिस ने लंबित मामलों में फरार चल रहे दो नॉन-बेलेबल वारंटियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उन्हें गिरफ्तार किया है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में वारंटियों के बीच हड़कंप मचा हुआ है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान कमलेश सिंह, पिता स्व. ब्रीजा सिंह, ग्राम दुगुल तथा छोटन पासवान, पिता रामसेवक पासवान, ग्राम खैरी ईंटवां, थाना कासमा, जिला औरंगाबाद के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार दोनों के विरुद्ध न्यायालय से एनबी वारंट जारी था। वारंट के आधार पर कासमा थाना की पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए दोनों को विधिवत गिरफ्तार कर लिया। कासमा थानाध्यक्ष अक्षयवर सिंह ने गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए बताया कि दोनों एनबी वारंटियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले में नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

## 450 कार्डधारकों को नहीं मिल रहा एक महीने का खाद्यान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**दाउदनगर (औरंगाबाद)** । संसा के लगभग 450 ऐसे राशन कार्ड धारक उपभोक्ता हैं जिनको लगभग एक महीने का खाद्यान नहीं मिला है। करण आवंटन का अभाव बताया जा रहा है। जन वितरण प्रणाली विक्रेता विजय कुमार सिंह डीलर संघ के प्रखंड अध्यक्ष भी हैं। वे लगभग अप्रैल महीने से विभागीय दौड़ लगा रहे हैं। दाउदनगर से लेकर पटना तक पत्र लिख चुके हैं, लेकिन उनकी समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। उनका कहना है कि धीरे-धीरे आवंटन कम मिलता रहा, नतीजा आज ऐसी स्थिति बन गई है कि लगभग एक महीने का आवंटन उनको कम मिला, जिससे लगभग 450 राशन कार्ड धारक प्रभावित हो रहे हैं। इस बैकलॉग को खत्म करने के लिए उन्होंने विभाग से 100 क्विंटल चावल और 50 क्विंटल गेहूं की मांग की है। वह बताते हैं कि लगातार कार्यालय और विभाग में पत्राचार कर रहे हैं, इसके बावजूद उनकी समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। इस संबंध में उन्होंने खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के सचिव को अप्रैल में ही पत्र लिखकर समस्या से अवगत कराया था। जिसमें कहा है कि बीते कई महीनों से खाद्यान्न उठाव एवं वितरण कार्य प्रभावित रहा है, जिसके कारण खाद्यान्न का समय पर वितरण नहीं हो पा रहा है। वर्तमान स्थिति यह हैं कि आगामी माह का खाद्यान्न पूर्व माह में ही निर्गत हो जा रहा है, जबकि पूर्व से लंबित खाद्यान्न का वितरण कार्य अभी शेष हैं। खाद्यान्न कि उपलब्धता कम होने के कारण लाभुकों के बीच समयबद्ध वितरण करना कठिन हो रहा है। जिन्होंने मांग की कि जनहित एवं लाभुकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए 100 क्विंटल चावल एवं 50 क्विंटल गेंहू का अतिरिक्त आवंटन दिया जाए। ताकि लंबित वितरण कार्य को शीघ्र पूरा करते हुए सभी लाभुकों के बीच खाद्यान्न सुचारू एवं समयबद्ध वितरण सुनिश्चित किया जा सके। इस मामले में अनुमंडल पदाधिकारी ने प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को भी पत्र लिखकर इस संबंध में जांच कर प्रतिवेदन देने के लिए कहा है। एसडीओ अमित राजन ने बताया कि जिला आपूर्ति पदाधिकारी को उन्होंने पत्र लिखा है और अतिरिक्त आवंटन के लिए कहा है। इधर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अतुल कुमार का कहना है कि अतिरिक्त आवंटन के लिए पत्राचार किया गया है। पुनः स्मार भी विभाग को कराया गया है। अतिरिक्त आवंटन प्राप्त होते ही विजय कुमार सिंह को आवंटित खाद्यान उपलब्ध करा दिया जाएगा।

# कोर्ट से गवाही देकर लौट रही महिला की गोली मारकर हत्या

## ऑटो से अपने घर लौट रही थी मृतका

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जहानाबाद।** जहानाबाद-अरवल मुख्य मार्ग स्थित अरवल के करपी थाना क्षेत्र के बाजितपुर मोड़ के समीप बाइक सवार हथियारबंद अपराधियों ने अंधाधुंध फायरिंग कर एक महिला की हत्या कर दी। वारदात के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। मृत महिला की पहचान 28 वर्षीय शोभा कुमारी के रूप में की गई है।

बताया जाता है कि शोभा कुमारी अपने दूसरे पति पप्पू कुमार के साथ अरवल न्यायालय में गवाही देने आई थी। न्यायालय से गवाही देकर दोनों ऑटो से जहानाबाद देर शाम लौट रहे थे। इसी दौरान बाजितपुर मोड़ के समीप पूर्व से घात लगाए बाइक सवार अपराधियों ने ऑटो को रोक लिया और ऑटो से खींचकर शोभा कुमारी को गोली मार दी। गोली लगने से महिला की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि घटना के दौरान उसका पति पप्पू कुमार बाल-बाल बच गया। घटना की सूचना मिलते ही अरवल एसडीपीओ तथा करपी थानाध्यक्ष सुधीर कुमार सिन्हा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। पुलिस उपाधीक्षक कुमार संजय ने बताया कि घटनास्थल से दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। एफएसएल की टीम ने भी घटनास्थल की जांच कर महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्रित किए हैं। पुलिस के अनुसार, पप्पू कुमार मूल रूप से अरवल जिले के चिरारी बिगहा गांव के रहने वाले हैं और वर्तमान में जहानाबाद के टेनी बिगहा में रहते हैं। मृतका का अपने पूर्व पति रविंद्र राम के साथ कई वर्षों से विवाद चल रहा था। मृतका के दूसरे पति पप्पू कुमार के बयान पर पूर्व पति रविंद्र राम समेत अन्य लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

पुलिस ने इस मामले में दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस ने फिलहाल शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के बाद पुलिस अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है।

# हथियार के बल पर महिला सिपाही से सोने की चेन लूटी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** जिले में अब आम लोग ही नहीं, बल्कि पुलिसकर्मी भी अपराधियों के निशाने पर हैं। ताजा मामला शहर से आया है, जहां बेखौफ बदमाशों ने सरेआम एक महिला सिपाही की कनपटी पर पिस्टल सटाकर करीब डेढ़ लाख रुपये की सोने की चेन लूट ली। इतना ही नहीं, जब महिला सिपाही ने साहस दिखाते हुए बदमाशों को रोकने की कोशिश की, तो अपराधियों ने दो राउंड हवाई फायरिंग कर इलाके में दहशत फैला दी। वहीं, इस घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई और मौके पर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। यह पूरी घटना मिठनपुरा थाना क्षेत्र के बीएमपी-6 रोड स्थित न्यू दुगार्पुरी कॉलोनी की है। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

मिली जानकारी के अनुसार, जिले के बीएमपी-6 में तैनात दरभंगा जिले की निवासी महिला सिपाही नेहा झा देर शाम अपनी स्कूटी से सब्जी खरीदकर अपने किराए के मकान लौट रही थीं। इस दौरान उन्हें इस बात का बिल्कुल अंदाजा नहीं था कि अपराधी काफी देर से उनकी रेकी कर रहे हैं। जैसे ही नेहा अपनी गली में पहुंचीं, बाइक सवार बदमाशों ने उनकी कनपटी पर हथियार सटा दिया और झपट्टा मारकर उनकी सोने की चेन लूट ली।

इस दौरान महिला सिपाही ने बहादुरी दिखाते हुए बदमाशों का पीछा करने की कोशिश की, लेकिन बदमाशों ने तुरंत दो राउंड हवाई फायरिंग कर दी। गोलियों की आवाज से पूरे इलाके में अफरा-तफरी की स्थिति बन गई और दहशत फैल गई, जिसके बाद अपराधी मौके से फरार हो गए। पीड़िता महिला नेहा झा के पति सेना में कार्यरत हैं और वह न्यू दुगार्पुरी में किराए के मकान में रहती हैं। घटना की सूचना मिलते ही मिठनपुरा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई।

## गश्ती वाहन पेड़ से टकराया

# चौकीदार की मौके पर मौत, तीन पुलिसकर्मी गंभीर रुप से घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवहर।** पराही थाना क्षेत्र में गश्त के दौरान पुलिस वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गया। हादसे में वाहन चला रहे थाना के चौकीदार रामजी राय (45) की मौत हो गई, जबकि अवर निरीक्षक अशोक सिंह समेत तीन पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना में पुलिस टीम के साथ मौजूद एक महिला सिपाही बाल-बाल बच गई। घटना के बाद घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां दारोगा अशोक सिंह की हालत गंभीर बताई जा रही है।

बताया गया कि पिपराही थाना क्षेत्र के कमरौली गांव निवासी रामजी राय चौकीदार के पद पर कार्यरत थे। थाना में चालक की कमी के कारण वह पुलिस वाहन चलाने का काम भी करते थे। शुक्रवार को वह अवर निरीक्षक अशोक सिंह और अन्य पुलिसकर्मियों के साथ गश्त पर निकले थे। बेलवा से गश्त कर थाना लौटने के दौरान सिंगरहिया गांव के समीप सामने से आ रहे एक व्यक्ति को बचाने के प्रयास में पुलिस जीप अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई।

### महिला जवान बाल-बाल बची

टक्कर इतनी जोरदार थी कि पुलिस वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में चालक रामजी राय, दारोगा अशोक सिंह समेत चार पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को तत्काल पिपराही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायलों को सरोज सीताराम सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

सदर अस्पताल में चिकित्सकों ने जांच के बाद रामजी राय को मृत घोषित कर दिया। वहीं, दारोगा अशोक सिंह समेत तीन पुलिसकर्मियों का इलाज जारी है। अशोक सिंह की हालत गंभीर बताई जा रही है। उनकी स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए श्रीकृष्ण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, मुजफ्फरपुर रेफर करने की तैयारी की जा रही है।

# धारदार चाकू से पत्नी की गला रेतकर हत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** नालंदा के राजगीर थाना क्षेत्र के माली टोला में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक व्यक्ति ने धारदार चाकू से अपनी ही पत्नी का गला रेतकर उसकी निर्मम हत्या कर दी। मृतका की पहचान गिन्नी मालाकार की 65 वर्षीय पत्नी बच्ची देवी के रूप में हुई है। दिनदहाड़े हुई इस खौफनाक वारदात के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लिया और त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी पति को हिरासत में ले लिया है।

पुलिस की प्राथमिक पूछताछ में आरोपी पति गिन्नी मालाकार ने अपना जुर्म कबूल करते हुए पारिवारिक विवाद को इसका कारण बताया है। आरोपी का कहना है कि शनिवार की सुबह वह चापाकल पर बाल्टी में पानी भर रहा था, तभी उसकी पत्नी ने आकर जानबूझकर पानी गिरा दिया। जब उसने इसका कारण पूछा, तो इसी बीच उसका बेटा वहां आ पहुंचा और उसकी पिटाई कर दी। आरोपी का दावा है कि वह पिछले पांच वर्षों से अपने बेटे और पत्नी से अलग रह रहा था और घर वाले उसे लगातार प्रताड़ित कर रहे थे। उस पर अपनी भाभी के साथ अवैध संबंध होने के आरोप भी लगाए जाते थे। गिन्नी मालाकार ने बताया कि इन सभी पारिवारिक क्लेशों की मुख्य जड़ उसकी पत्नी थी। उसका कहना है कि जब बेटा उसे पीट रहा था, तब पत्नी ने बीच-बचाव करने की कोई कोशिश नहीं की, जिससे आक्रोशित होकर उसने अपनी पत्नी को मौत के घाट उतार दिया।

वहीं दूसरी ओर, मृतका के बेटे उपेंद्र मालाकार ने पिता के सभी दावों को सिरे से खारिज किया है। बेटे ने अपने पिता पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि यह हत्या अचानक हुए विवाद का नतीजा नहीं, बल्कि एक सोची-समझी साजिश है।

# प्रसाद खाने से सौ से अधिक लोग बीमार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सहरसा।** प्रखंड क्षेत्र के सरडीहा पंचायत के सरडीहा गांव स्थित मध्य टोला में सत्यनारायण भगवान की पूजा का प्रसाद खाने के बाद सौ से अधिक लोगों के बीमार पड़ने से शुक्रवार को गांव में अफरातफरी मच गई।

एक साथ बड़ी संख्या में महिलाओं, पुरुषों और बच्चों को उल्टी-दस्त की शिकायत होने लगी। देखते ही देखते टोले के अधिकांश घरों में लोग बीमार पड़ गए।

अचानक बड़ी संख्या में लोगों के बीमार होने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल कायम हो गया। हालांकि, सूचना मिलते ही स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव पहुंची और इलाज शुरू किया। मेडिकल टीम के अनुसार, फिलहाल सभी मरीज खतरे से बाहर हैं और स्थिति नियंत्रण में है। जानकारी के अनुसार, सरडीहा गांव के मध्य टोला में एक व्यक्ति के यहां



बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर गत वर्ष की तरह इस वर्ष भी सत्यनारायण भगवान की पूजा का आयोजन किया गया था।

पूजा के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने महाप्रसाद ग्रहण किया। प्रसाद ग्रहण करने के बाद अगले दिन से ही लोगों की तबीयत बिगड़ने लगी। शुरूआत में ग्रामीणों ने इसे सामान्य बीमारी समझकर अपने स्तर से इलाज कराया। लेकिन धीरे-धीरे उल्टी और दस्त की शिकायत वाले मरीजों की संख्या बढ़ती चली गई। तीन दिनों के भीतर जब दर्जनों लोग बीमार पड़ गए और लगभग प्रत्येक परिवार से किसी न किसी सदस्य के बीमार होने की सूचना सामने आने लगी तो ग्रामीणों में चिंता बढ़ गई।

## नाबालिग ने लगाया पिता पर दुष्कर्म का आरोप

**आरा।** भोजपुर जिले के नवादा थाना क्षेत्र में एक पिता पर अपनी नाबालिग पुत्री के साथ दुष्कर्म करने का आरोप लगा है। पीड़ित पुत्री के बयान के आधार पर नवादा थाना में आरोपित पिता के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने आरोपित सुधीर गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़िता की उम्र करीब 17 वर्ष बताई जा रही है और वह इंटर की छात्रा है। वह मूल रूप से बक्सर जिले की रहने वाली है। उसका परिवार पिछले कई वर्षों से आरा शहर के नवादा थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले में किराए के मकान में रह रहा है। आरोपित पिता फेरी लगाकर प्लास्टिक का सामान बेचता है। बताया जाता है कि छात्रा कुछ दिन पूर्व पढ़ाई के लिए पटना गई थी और सुल्तानगंज थाना क्षेत्र स्थित एक हॉस्टल में रहकर पढ़ाई कर रही थी। इसी दौरान उसने अपने साथ हुई घटना की जानकारी पुलिस को दी। सुल्तानगंज पुलिस ने उसका बयान दर्ज कर संबंधित मामला नवादा थाना पुलिस को भेजा। पीड़िता के बयान के आधार पर नवादा थाना पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर आरोपित पिता को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# जनता दरबार में तीन मामलों का हुआ निष्पादन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**एकमा (सारण)।** अंचल कार्यालय परिसर में शनिवार को साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में अंचलाधिकारी रवि शेखर ने विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे फरियादियों की समस्याएं सुनीं और संबंधित मामलों के त्वरित निष्पादन के लिए अधिकारियों एवं कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिए।

जनता दरबार के दौरान भूमि एवं राजस्व से संबंधित विभिन्न मामलों को लेकर कुल पांच नए आवेदन प्राप्त हुए। वहीं, पूर्व से लंबित तीन मामलों की सुनवाई करते हुए उनका निष्पादन कर दिया गया। अंचलाधिकारी ने संबंधित कर्मियों को शेष मामलों का समयबद्ध तरीके से निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

उन्होंने फरियादियों से अपील की कि भूमि एवं राजस्व से संबंधित मामलों में आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपना आवेदन प्रस्तुत करें, ताकि मामलों की जांच एवं कार्रवाई में अनावश्यक विलंब न हो।

जनता दरबार में राजस्व अधिकारी रामप्रवेश साहू, कार्यालय कर्मी अभिनंदन तिवारी, संजीत कुमार तथा एकमा थाना के एसआई सतीश कुमार सहित अन्य कर्मी मौजूद थे।

# रिश्वत की रकम के साथ उद्योग विभाग का महाप्रबंधक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

पटना। अररिया जिले में भ्रष्टाचार के खिलाफ निगरानी विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए उद्योग विभाग के महाप्रबंधक अनिल कुमार मंडल को 50 हजार रुपये रिश्वत के साथ गिरफ्तार की है। निगरानी विभाग के डीएसपी सतीश चंद्र माधव के नेतृत्व में टीम ने यह कार्रवाई शनिवार की सुबह करीब नौ बजे महाप्रबंधक के शिवपुरी स्थित उनके किराए के आवास पर की। गिरफ्तारी के बाद उन्हें जिला अतिथि गृह लाया गया। जहां डीएसपी ने मीडिया को इसकी जानकारी दी।

निगरानी विभाग के डीएसपी सतीश चंद्र माधव ने बताया कि मशीन सप्लायर कमरे आलम ने महाप्रबंधक के खिलाफ रिश्वत (कमीशन) मांगने की शिकायत निगरानी में की थी।

शिकायत में आरोप लगाया गया था कि उद्योग लगाने के लिए मशीनों की आपूर्ति के एवज में महाप्रबंधक द्वारा कमीशन की मांग की जा रही है। शिकायतकर्ता अररिया निवासी कमरे आलम के अनुसार, उद्योग स्थापित करने को लेकर विभिन्न लोगों को करीब 17 लाख की मशीनों की आपूर्ति की गई थी।



इसके एवज में महाप्रबंधक द्वारा पांच प्रतिशत की दर से 85 हजार कमीशन की मांग की जा रही थी। चूंकि कमरे आलम रिश्वत नहीं देना चाह रहे थे, इसलिए इन्होंने इस मामले की शिकायत निगरानी अन्वेषण ब्यूरो पटना से की थी।

शिकायत मिलने के बाद निगरानी विभाग ने आरोपों की जांच और सत्यापन ब्यूरो के अधिकारियों से कराई। जांच के दौरान शिकायत में लगाए गए आरोप सही पाए गए।

इसके बाद भ्रष्टाचार निवारण कानून के तहत सात अगस्त को अनिल कुमार मंडल को अभियुक्त बनाकर निगरानी थाना कांड संख्या 95/26 दर्ज किया गया। जिसके बाद डीएसपी सतीश चंद्र माधव के नेतृत्व में धावा दल का गठन किया गया।

धावा दल ने अररिया स्थित महाप्रबंधक के किराए के मकान पर छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान उनके बेड रूम के बगल में अलमारी से 50 हजार की रिश्वत की राशि बरामद की गई।

इसके बाद निगरानी विभाग की टीम ने अनिल कुमार मंडल को गिरफ्तार कर लिया। निगरानी विभाग के अधिकारियों के अनुसार, गिरफ्तार महाप्रबंधक के खिलाफ आगे की कानूनी प्रक्रिया जारी है। इस कार्रवाई के बाद उद्योग विभाग से जुड़े लोगों में भी हड़कंप मचा हुआ है।

विदित हो कि अनिल कुमार मंडल ने अररिया उद्योग विभाग में महाप्रबंधक के पद पर 14 जुलाई 26 को योगदान दिया था। इसके पूर्व वे किशनगंज में इसी पद पर पदस्थापित थे। वे वर्ष 2018-22 तक भी अररिया में उद्योग विभाग के महाप्रबंधक रहे थे। घटना के बाद उनके कार्यालय में भी सन्नाटा पसरा रहा। कार्यालय कर्मियों ने बताया कि उन्हें भी इसकी जानकारी इंटरनेट मीडिया के माध्यम से ही मिली है।

## ओपी थाना अध्यक्ष निलंबित

**हाजीपुर।** चक सिकंदर ओपी अध्यक्ष द्वारा एक युवक के साथ मारपीट के मामले में पुलिस अधीक्षक शुभांक मिश्रा ने कड़ी कार्रवाई की है। एसपी ने ओपी अध्यक्ष संदीप कुमार को तत्काल प्रभाव से सामान्य जीवनयापन भत्ता पर निलंबित कर दिया है। एसपी शुभांक मिश्रा ने बताया कि एक युवक द्वारा मारपीट की शिकायत मिलने के बाद मामले की जांच सदर-1 एसडीपीओ से कराई गई। जांच में आरोप सही पाए जाने पर कार्रवाई की गई है। बीते दिनों कुसयारी निवासी धीरज कुमार ने ओपी अध्यक्ष संदीप कुमार पर गंभीर आरोप लगाए थे। धीरज ने कहा था कि पुलिस ने उसे नशे में होने की बात कहकर गाड़ी में बैठाया और ले जाकर उसके साथ मारपीट की। इसके बाद उसे छोड़ दिया गया। मारपीट में घायल धीरज का पहले स्थानीय अस्पताल में इलाज कराया गया। बाद में उसे सदर अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसका उपचार किया। युवक के साथ मारपीट की प्रकाशित होने के बाद मामला पुलिस के उच्च अधिकारियों तक पहुंचा। खबर प्रकाशित होने के बाद एसपी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच की जिम्मेदारी सदर एसडीपीओ गोपाल मंडल को सौंपी।

# स्कूल में बच्चों के बीच डीएम बने गुरूजी, ली क्लास

## बच्चों से ली विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** आदर्श विद्यालय, मटिहानी में उस समय माहौल कुछ अलग हो गया, जब विद्यालय के निरीक्षण पर पहुंचे जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री अधिकारी की भूमिका से इतर शिक्षक के रूप में नजर आए। कक्षा में पहुंचते ही उन्होंने खुद ब्लैकबोर्ड संभाला और विद्यार्थियों से संवाद करते हुए उन्हें पढ़ाया। डीएम ने बच्चों से सवाल पूछे, उनकी विषय संबंधी समझ को परखा और सही उत्तर देने पर उनका उत्साह बढ़ाया। जिला पदाधिकारी का यह सहज, आत्मीय और संवादपूर्ण अंदाज छात्र-छात्राओं के लिए एक यादगार अनुभव बन गया। डीएम ने विद्यार्थियों से उनकी पढ़ाई, पसंदीदा विषय, विषयों की समझ तथा विद्यालय में उपलब्ध शैक्षणिक सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने बच्चों को नियमित रूप से अध्ययन करने, समय का सदुपयोग करने और जीवन में स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। कहा कि शिक्षा बेहतर भविष्य की सबसे मजबूत नींव है। मेहनत, अनुशासन और निरंतर प्रयास के बल पर जीवन में किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।

जिला पदाधिकारी ने विद्यालय में संचालित कक्षाओं, पठन-पाठन की व्यवस्था और विद्यार्थियों की शैक्षणिक गतिविधियों का भी जायजा लिया। उन्होंने शिक्षकों से विद्यालय में पढ़ाई की स्थिति, विद्यार्थियों की उपस्थिति और शैक्षणिक प्रगति के संबंध में जानकारी प्राप्त की। साथ ही विद्यालय में उपलब्ध संसाधनों के समुचित एवं प्रभावी उपयोग पर विशेष जोर दिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं विद्यालय प्रबंधन को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

डीएम ने कहा कि केवल संसाधनों की उपलब्धता पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनका बेहतर उपयोग कर विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण और उपयोगी शिक्षा उपलब्ध कराना भी जरूरी है।

जिला पदाधिकारी ने कहा कि जिले के सभी शिक्षण संस्थानों में बेहतर शैक्षणिक वातावरण तैयार करना और गुणवत्तापूर्ण पठन-पाठन सुनिश्चित करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है।

विद्यार्थियों के हित में उपलब्ध संसाधनों का प्रभावी उपयोग होना चाहिए, ताकि उन्हें पढ़ाई के लिए बेहतर माहौल मिल सके।

# देवदूत बनी पुलिस, महिला की बची जान, क्षेत्र में चर्चा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** संकट की घड़ी में पुलिस की त्वरित मदद किसी के लिए जीवनदान बन सकती है। इसका उदाहरण पातेपुर थाना क्षेत्र में देखने को मिला।

डायल-112 की टीम ने महज 8-10 मिनट में मौके पर पहुंचकर जहर खाकर आत्महत्या का प्रयास करने वाली एक महिला की जान बचा ली। यह जानकारी एसपी कार्यालय से प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी गई।

जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार पातेपुर थाना क्षेत्र में डायल-112 के कंट्रोल रूम को एक इवेंट के जरिए सूचना मिली कि एक महिला ने जहरीला खाद्य पदार्थ खाकर जान देने की कोशिश की।

सूचना मिलते ही ड्यूटी पर तैनात डायल-112 टीम में शामिल सिपाही सिकंदर कुमार और महिला सिपाही रूबी कुमारी तुरंत एक्शन में आ गए। टीम बिना एक पल गंवाए घटनास्थल की ओर रवाना हुई और लगभग 8-10 मिनट के भीतर ही घर पहुंच गई। वहां टीम ने देखा कि महिला की हालत गंभीर थी।

स्थिति को भांपते हुए दोनों जवानों ने देर न करते हुए महिला को अपने वाहन से सीधे सरकारी अस्पताल पहुंचाया। वहां भर्ती कराने के बाद उसका इलाज भी शुरू करवाया।

### सूचना मिलते ही एक्शन में आई डायल 112 की टीम

डॉक्टर के अनुसार समय पर मेडिकल मदद मिलने के कारण महिला की जान बच सकी। अगर कुछ मिनट की भी देरी होती तो अनहोनी हो सकती थी। इसके बाद डायल-112 टीम ने मानवीय संवेदना दिखाते हुए महिला के माता-पिता और ससुराल पक्ष के लोगों को भी सूचना दी और उन्हें अस्पताल बुलाया।

इस पूरी घटना में पातेपुर डायल-112 टीम की तत्परता, सूझबूझ और मानवीय दृष्टिकोण की हर तरफ सराहना हो रही है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि डायल-112 अब सिर्फ आपातकालीन नंबर नहीं रहा, बल्कि मुसीबत में फंसे लोगों के लिए भरोसे का दूसरा नाम बन गया है।

पुलिस अधिकारियों ने भी टीम के इस कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि डायल-112 का मुख्य उद्देश्य समय पर मदद पहुंचाकर लोगों की जान बचाना है। पातेपुर टीम ने इसे जमीन पर उतारकर दिखाया है। फिलहाल युवती का इलाज जारी है और उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

## एक सितम्बर से बंद रहेगा विक्रमशिला सेतू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहपुर।** भागलपुर-नवगछिया विक्रमशिला सेतू के ध्वस्त हिस्से का पुनर्निमाण को लेकर सेतू पर वाहनों का आवागमन अगामी एक सितंबर से पूर्णतः बंद हो जाएगा। जिसकी घोषणा शासन व प्रशासन की ओर से कर दी गई है। वहीं, सेतू के पुनर्निमाण कार्य पूर्ण करने की डेडलाइन भी 30 नवंबर घोषित है। वहीं, राज्य के पथ निर्माण मंत्री सह बिहपुर विस विधायक इं.शैलेंद्र नई दिल्ली में केंद्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मिलकर इस सेतू के पुनर्निमाण कार्य के दौरान इसके समानांतर एक पॉन्टून ब्रिज बनवाने की मांग समेत अन्य कई सड़क व पुल परियोजना हेतु उन्हें ज्ञापन सौंपा। मिली जानकारी के अनुसार मंत्री इं. शैलेंद्र की मांग पर केंद्रीय मंत्री गडकरी ने ना सिर्फ साकारात्मक पहल करने की बात कही। बल्कि बिहार आकर उक्त मांगों के बारे जानने, परियोजनाओं का निरीक्षण व इसको लेकर संबधित अधिकारियों से पूरी जानकारी लेकर अग्रेतर कार्रवाई करने की बात कही है।

# प्रेमचंद जयंती सह प्रतिभा सम्मान समारोह

## प्रेमचंद का साहित्य समाज का पथ प्रदर्शक : अजय कुमार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** टिकारी राज इंटर कॉलेज के सभागार में कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद जयंती सह प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि सह विधायक अजय कुमार ने किया। समारोह के प्रारंभ में एनसीसी कैडेट्स ने मुख्य अतिथि को सलामी दी। इसके बाद विधायक ने महाराजा गोपाल शरण सिंह एवं विद्यालय के पूर्व प्राचार्य राजेंद्र प्रसाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तथा माता सरस्वती मंदिर में पूजा-अर्चना की। कार्यक्रम में सभी अतिथियों ने मुंशी प्रेमचंद के तैलीय चित्र पर माल्यार्पण किया। मुख्य अतिथि अजय कुमार, प्राचार्य सैयद अख्तर हुसैन, सह आयोजक हिमांशु शेखर, सुभाष यादव, नगर परिषद अध्यक्ष अजहर इमाम,बृजमोहन शर्मा, विनोद शर्मा सहित अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर समारोह का विधिवत शुभारंभ किया। प्राचार्य सैयद



अख्तर हुसैन एवं हिमांशु शेखर ने अतिथियों का अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया।

विद्यालय के विद्यार्थियों ने स्वागत गान प्रस्तुत कर अतिथियों का मन मोह लिया। संगीत शिक्षक मनु मणि के मार्गदर्शन में विद्यार्थी आयुष कुमार और सौरभ केसरी ने मुंशी प्रेमचंद की प्रसिद्ध कहानी ह्यबड़े भाई साहबह्न पर आधारित कहानी का नाट्य मंचन किया, जबकि मंचन में संगीत देने का काम गोपाल नारायण और मयंक कुमार ने किया जिसकी उपस्थित लोगों ने खूब सराहना की।

मुख्य वक्ता डॉ. सच्चिदानंद प्रेमी ने कहा कि प्रेमचंद की रचनाएं आज भी सामाजिक सरोकारों और मानवीय मूल्यों के प्रति हमें जागरूक करती हैं। हिमांशु शेखर ने कहा कि इस तरह का आयोजन सभी विद्यालय में आयोजित किया जाना चाहिए। इस तरह के आयोजन से बच्चों का साहित्य से जुड़ाव होता है। मुख्य अतिथि विधायक अजय कुमार ने कहा प्रेमचंद का साहित्य समाज का पथ प्रदर्शक है। उन्होंने सफल आयोजन के लिए प्राचार्य सैयद अख्तर हुसैन एवं हिमांशु शेखर को बधाई दी।

इस अवसर पर विद्यालय परिवार की ओर से बोर्ड एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य सैयद अख्तर हुसैन ने की, जबकि संचालन संजय अथर्व तथा धन्यवाद ज्ञापन हिमांशु शेखर ने किया। समारोह में प्रो. मुद्रिका प्रसाद नायक, राम लखन भगत, अवधेश यादव, टाउन मध्य विद्यालय के प्राचार्य रिंटू कुमार, रामेश्वर उच्च विद्यालय के प्राचार्य अबरार आलम, सुदर्शन शर्मा, राम कृष्ण मिश्र, हरेंद्र शर्मा, रामाधार सिंह, हिंदी से गहरा जुड़ाव रखने वाले शोधार्थी मनीष कुमार, बीपीएन ग्लोबल स्कूल के निदेशक नामित राजा सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, गणमान्य लोग एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

CMYK

# मुख्यमंत्री ने पशुपालकों और मछली पालकों को दी बड़ी सौगात

▸ बिहार को मिला पहला फिश ब्रुड बैंक, बनेगा मिल्क पाउडर संयंत्र ▸ रोजाना 30 मीट्रिक टन मिल्क पाउडर उत्पादन से बढ़ेगी पशुपालकों की आय

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शनिवार को राज्य के पशुपालक किसानों और मछली पालकों को बड़ी सौगात दी है। उन्होंने 10.92 करोड़ रुपये की लागत से सीतामढ़ी के बखरी में बने बिहार के पहले फिश ब्रुड बैंक का शुभारंभ किया। साथ ही सीतामढ़ी में 76.60 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले मिल्क पाउडर संयंत्र का भी उद्घाटन किया है। इस शुभारंभ के बाद अब राज्य में पहली बार फिश ब्रुड का उत्पादन और उन्नत मत्स्य बीज का वितरण प्रारंभ हो जाएगा। फिश ब्रुड का उत्पादन शुरू हो जाने से हैचरी संचालकों को राज्य में सस्ती दर पर गुणवत्तापूर्ण प्रजनक मछली बीज उपलब्ध हो सकेगा। इस ब्रुड बैंक में आधुनिक वैज्ञानिक तरीके से स्वस्थ, बड़े और



आनुवंशिक रूप से उन्नत मछलियों (ब्रुडर्स) को तैयार किया जाएगा, ताकि उनसे गुणवत्तापूर्ण और रोग-मुक्त बीज तैयार किया जा सके। इससे भारतीय मेजर कार्प और मछलियों की अन्य प्रजातियों को बढ़ावा मिलेगा। स्थानीय स्तर पर सस्ता और शुद्ध बीज उपलब्ध होने से न सिर्फ मछली उत्पादन एवं रोजगार को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि निर्यात को भी प्रोत्साहन मिलेगा। साथ ही बाहरी राज्यों पर मत्स्य बीज की निर्भरता में कमी आएगी।

**बनने जा रहा है अत्याधुनिक मिल्क पाउडर संयंत्र**

इस दौरान सीतामढ़ी में 76.60 करोड़ रुपये की लागत से बनने जा रहे मिल्क पाउडर संयंत्र का भी मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने उद्घाटन किया। इस संयंत्र से उत्तर बिहार में दुग्ध प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्धन को बढ़ावा मिलेगा। यह अत्याधुनिक और पूर्णतः स्वचालित मिल्क पाउडर संयंत्र होगा। इससे प्रतिदिन 30 मीट्रिक टन अतिरिक्त मिल्क पाउडर का उत्पादन होगा। इस पहल से उत्तर बिहार के दुग्ध उत्पादक किसानों से अतिरिक्त दूध की नियमित खरीद सुनिश्चित हो सकेगी। किसानों को बेहतर एवं स्थिर मूल्य प्राप्त होगा जिससे दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा। मिल्क पाउडर के माध्यम से दूध का दीर्घकालिक भंडारण संभव होगा जिससे बाजार में अतिरिक्त मांग की पूर्ति की जा सकेगी।

**सुधा ब्रांड को मिलेगी मजबूती**

इस मिल्क पाउडर संयंत्र के निर्माण से राज्य में दुग्ध उत्पादों के मूल्य संवर्धन, प्रसंस्करण क्षमता तथा विपणन को नई गति मिलेगी। साथ ही स्थानीय स्तर पर प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। क्षेत्रीय आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। राज्य की दुग्ध प्रसंस्करण क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी और बिहार मिल्क पाउडर उत्पादन के क्षेत्र में अग्रसर होगा। इस पहल से न केवल दुग्ध उत्पादक किसानों की आय में वृद्धि होगी, बल्कि 'सुधा' ब्रांड की बाजार क्षमता को भी मजबूती मिलेगी।

# श्रद्धा, सेवा और समर्पण ही है श्रावणी मेला की सच्ची भावना : डॉ. प्रेम कुमार

श्रावणी मेला में चंद्रवंशी महासभा के सेवा शिविरों का उद्घाटन, कांवरियों को फल और पेयजल वितरित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**देवघर/पटना।** विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला के अवसर पर कांवरियों पथ के निरीक्षण के दौरान बिहार विधान सभा के अध्यक्ष एवं अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने जिलेबिया मोड़ के समीप महासभा की ओर से लगाए गए तीन सेवा शिविरों का उद्घाटन किया। इस दौरान चंद्रवंशी समाज के कार्यकर्ताओं और श्रद्धालुओं ने 'बोल बम' तथा 'हर-हर महादेव' के जयघोष के साथ उनका स्वागत किया। सेवा शिविरों के उद्घाटन के बाद डॉ. प्रेम कुमार ने स्वयं कांवरियों की सेवा की और उनके बीच फल तथा शीतल पेयजल वितरित किया। उन्होंने कहा कि श्रद्धा के साथ सेवा और समर्पण ही श्रावणी मेला की सच्ची भावना है। श्रावणी मेला केवल आस्था और भक्ति का पर्व नहीं, बल्कि सेवा, सहयोग, समर्पण और सामाजिक एकता का भी महापर्व है। देश के विभिन्न हिस्सों से आने वाले शिवभक्तों की सेवा भगवान शिव की सेवा के समान पुण्य का कार्य है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में 'सेवा परमो धर्मः' की भावना को विशेष महत्व दिया गया है। चंद्रवंशी महासभा के सेवा शिविर सामाजिक दायित्व और सेवा भावना का उदाहरण हैं। डॉ. प्रेम कुमार ने अपनी धर्मपत्नी एवं सहयोगियों के साथ बैद्यनाथ धाम में बाबा भोलेनाथ की पूजा-अर्चना कर बिहार की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। उन्होंने कहा कि प्रशासन कांवरियों की सुविधा, सुरक्षा, स्वास्थ्य और पेयजल व्यवस्था के लिए लगातार कार्य कर रहा है। सामाजिक संगठनों की सहभागिता से इन व्यवस्थाओं को और मजबूती मिलती है।

# नदियों से जुड़ेगा बिहार का कारोबार, एनडब्ल्यू-1 पर 16 नए सामुदायिक जेटी का रास्ता साफ

10 स्टील जेटी का निर्माण शुरू, गंडक नदी के किनारे भी दो जेटी निर्माण प्रस्तावित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** राज्यभर में व्यापार और आवागमन को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से गंगा (एनडब्ल्यू-1) और गंडक नदी, राष्ट्रीय जलमार्ग-37 (एनडब्ल्यू-37) में जल परिवहन का विकास तेजी से किया जा रहा है। भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण की ओर से चिन्हित राष्ट्रीय जलमार्गों पर जल परिवहन से संबंधित जन सुविधाओं के लिए आवश्यक सामुदायिक जेटी का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इनके जरिये यात्रियों और सामान की सुरक्षित एवं सुगम आवाजाही की व्यवस्था विकसित की जा रही है। इनके निर्माण से नावों और जहाजों पर चढ़ने-उतरने में भी आसानी होती है। आईडब्ल्यूएआई सामुदायिक जेटी के निर्माण एवं दो साल तक सफल संचालन के बाद इसे इनलैंड वाटर ट्रांसपोर्ट, बिहार को हस्तानांतरित करता है। परिवहन विभाग के अनुसार 17 स्थानों में से 16 स्थानों पर नए सामुदायिक जेटी निर्माण के लिए जिलों से आईडब्ल्यूएआई को एनओसी मिल चुका है। इनमें पटना जिले के अंतर्गत एनआईटी (एनओसी अप्राप्त है), कंगनघाट, ग्यासपुर पीपापुल और महाजी पीपापुल, वैशाली जिले में कोनहराघाट और हाजीपुर, सारण में हरिहरनाथ मंदिर और सोनपुर, समस्तीपुर में पत्थरघाट और धरनीपट्टी पश्चिम, बेगुसराय में तीन (सिमरिया घाट, अयोध्या घाट और चित्रोघाट), वैशाली में दो जगहों, भागलपुर तथा आरा में एनडब्ल्यू-1 पर जेटी बनाने का काम प्रक्रियाधीन है। 10 स्टील जेटी का निर्माण शुरू हो चुका है। इधर, गंडक नदी (एनडब्ल्यू-37) पर पश्चिम चंपारण में दो जेटी का निर्माण प्रस्तावित है, जिसका एनओसी चिन्हित स्थानों पर सरकारी जमीन उपलब्ध नहीं रहने के कारण अभी प्राप्त नहीं हुआ है। विभाग के सचिव राज कुमार ने बताया कि सामुदायिक जेटी नदी किनारे रहने वाले स्थानीय लोगों, किसानों, मछुआरों, व्यापारियों और यात्रियों के लिए वरदान साबित हो रहे हैं। वर्तमान में राज्यभर के 11 जिलों में एनडब्ल्यू-1 के किनारे कुल 21 सामुदायिक जेटी मौजूद है। यह भोजपुर जिले में खवासपुर और महुली घाट, पटना में पांच जगहों (दीघा, नकटा दियारा, पानापुर, नासरीगंज और बाढ़), भागलपुर में चार (तिनतंगा, सुल्तानगंज, कहलगांव, बटेश्वर्थान), वैशाली एवं तथा कटिहार में दो-दो, बक्सर, सारण, समस्तीपुर, बेगुसराय, मुंगेर तथा खगड़िया जिलों में एक-एक हैं। इनमें से कई स्टील और कई प्लास्टिक (एचडीपीई) से निर्मित हैं। सचिव ने आगे कहा कि इन जेटी से स्थानीय उपज, माल और कार्गो की सस्ती ढुलाई और पर्यावरण-अनुकूल परिवहन से सड़क परिवहन पर भी दबाव कम होता है।

# देश के सर्वश्रेष्ठ पुस्तकालयों की तर्ज पर विकसित होगा बिहार विधानमंडल पुस्तकालय : डॉ.प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में बिहार विधानमंडल पुस्तकालय के विकास एवं संवर्धन तथा राज्य के प्रमुख पुस्तकालयों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा को लेकर उच्चस्तरीय बैठक हुई। बैठक में पुस्तकालयों को आधुनिक, सुविधासंपन्न और तकनीकी रूप से उन्नत बनाने पर जोर दिया गया। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि पुस्तकालय केवल पुस्तकों का संग्रह नहीं, बल्कि ज्ञान के जीवंत भंडार हैं। उन्होंने पुस्तकालय भवनों के संरक्षण, साफ-सफाई तथा पाठकों के लिए पेयजल, शौचालय, वातानुकूलित व्यवस्था और पंखे जैसी बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने पुरानी एवं दुर्लभ पुस्तकों के डिजिटलीकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देने को कहा। अध्यक्ष ने पुस्तकालयों की जर्जर स्थिति और अतिक्रमण पर चिंता जताते हुए प्रबंध समितियों में स्थानीय विधायकों एवं शिक्षाविदों को सदस्य बनाने का सुझाव दिया। उन्होंने प्रमंडलीय एवं जिला पुस्तकालय समितियों की बैठक प्रत्येक तीन माह में नियमित रूप से कराने तथा अनुपालन रिपोर्ट विभाग को भेजने की बात कही। बैठक में निर्णय लिया गया कि अन्य राज्यों की पुस्तकालय व्यवस्था का अध्ययन करने के लिए उपाध्यक्ष नरेंद्र नारायण यादव की अध्यक्षता में सभा सचिवालय और शिक्षा विभाग की संयुक्त टीम दिल्ली, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल के पांच दिवसीय स्थल अध्ययन दौरे पर शीघ्र जाएगी। बैठक में उपाध्यक्ष नरेंद्र नारायण यादव, शाहजहां, संयुक्त सचिव, शिक्षा विभाग, सचिन्द्र कुमार, निदेशक, पुस्तकालय एवं सूचना केंद्र निदेशालय तथा सिन्हा लाइब्रेरी, राजकीय उर्दू लाइब्रेरी, राजकीय पुस्तकालय पूर्णिया, गया, सारण और मुजफ्फरपुर के प्रतिनिधि एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# दानापुर-भागलपुर के मध्य श्रावणी मेला स्पेशल का परिचालन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हाजीपुर।** श्रावणी मेला के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा के मद्देनजर रेलवे द्वारा कई श्रावणी मेला स्पेशल का परिचालन किया जा रहा है। इसी कड़ी में पटना-बख्तियारपुर-मोकामा-किउल-सुल्तानगंज के रास्ते दानापुर एवं भागलपुर के मध्य गाड़ी सं. 03234/03233 दानापुर-भागलपुर-दानापुर अनारक्षित श्रावणी मेला स्पेशल का परिचालन किया जाएगा। इस स्पेशल में साधारण श्रेणी/शयनयान श्रेणी के 14 एवं एसएलआरडी के 02 कोच सहित कुल 16 कोच होंगे। गाड़ी सं. 03234 दानापुर-भागलपुर श्रावणी मेला स्पेशल 9 एवं 10 अगस्त, 2026 को दानापुर से 15.30 बजे खुलकर 15.50 बजे पटना जं., 17.03 बजे बख्तियारपुर, 17.55 बजे मोकामा, 19.05 बजे किउल एवं 20.45 बजे सुल्तानगंज सहित अन्य स्टेशनों पर रुकते हुए 22.00 बजे भागलपुर पहुंचेगी।

# केन्द्रीय सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, पूर्व मध्य रेल, पटना में विश्व स्तनपान सप्ताह पर जन जागरूकता कार्यक्रम



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हाजीपुर।** विश्व स्तनपान सप्ताह के अवसर पर केन्द्रीय सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, पूर्व मध्य रेल, पटना में चिकित्सा निदेशक डॉ सुबोध कुमार मिश्र के नेतृत्व में एक जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य रेल कर्मचारियों एवं परिजनों के बीच स्तनपान से होने वाले फायदों के बारे में जागरूकता फैलाना था। इस अवसर पर डॉ. नेहा कुमारी, मंडल चिकित्सा अधिकारी (स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ) ने इस वर्ष की थीम - 'जीवन के सतत शुरुआत के लिए स्तनपानः कारगर उपायों को सुदृढ़ बनाना' पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात डॉ प्रतीक्षा शुभम (डीएनबी रेजिडेंट) ने स्तनपान के सही तरीके एवं इससे शिशुओं एवं माताओं को होने वाले फायदे के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर डॉ. संध्या किरण अपर मु0 स्वा0 निदेशक (स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ) ने शिशु के जन्म के छः माह तक पूर्ण स्तनपान कराने में समाज व परिवारजनों की सहभागिता को महत्वपूर्ण बताया। साथ ही डॉ.ए.के.ओझा अपर मु0 स्वा0 निदेशक (शिशु रोग विशेषज्ञ) ने स्तनपान को जीवन का नींव बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए चिकित्सा निदेशक डॉ0 सुबोध कुमार मिश्र ने कहा कि स्तनपान शिशुओं एवं माताओं के लिए स्वास्थ्यवर्धक है एवं सभी माताओं को पूर्ण स्तनपान कराने का सुझाव दिया।

# विदेशी धन के दुरुपयोग पर रोक के लिए मजबूत कानूनी व्यवस्था जरूरी : डॉ. संतोष कुमार सुमन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा (से.) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बिहार सरकार के लघु जल संसाधन मंत्री डॉ. संतोष कुमार सुमन ने एफसीआरए संशोधन विधेयक का समर्थन करते हुए कहा कि विदेशी अंशदान से जुड़े मामलों में पारदर्शिता, जवाबदेही और राष्ट्रीय हित सर्वोच्च होना चाहिए। किसी भी संप्रभु राष्ट्र की यह जिम्मेदारी है कि देश में आने वाली विदेशी फंडिंग का उपयोग कानून, सार्वजनिक व्यवस्था और राष्ट्रीय सुरक्षा के हितों के अनुरूप हो। डॉ. सुमन ने कहा कि विदेशी सहायता प्राप्त करना अपने आप में गलत नहीं है, लेकिन उसके स्रोत, उपयोग और उससे निर्मित संपत्तियों को लेकर स्पष्ट और जवाबदेह व्यवस्था होना बेहद जरूरी है। एफसीआरए में प्रस्तावित संशोधन विदेशी योगदान से जुड़े मामलों में निगरानी और जवाबदेही को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि विदेशी धन के नाम पर देश की नीतियों, सामाजिक स्थिरता या राष्ट्रीय हितों को प्रभावित करने की किसी भी कोशिश को स्वीकार नहीं किया जा सकता। पारदर्शिता और कानून के दायरे में काम करने वाले संगठनों को इससे किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। डॉ. सुमन ने विपक्ष से आग्रह किया कि एफसीआरए संशोधन को राजनीतिक चश्मे से देखने के बजाय राष्ट्रहित, पारदर्शिता और राष्ट्रीय सुरक्षा की कसौटी पर देखें। भारत की संप्रभुता और सुरक्षा से समझौता किसी भी परिस्थिति में स्वीकार्य नहीं हो सकता।

# डीडीयू-गया के बीच अनारक्षित स्पेशल ट्रेन का परिचालन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हाजीपुर।** श्रावणी मेला के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा के मद्देनजर पूर्व मध्य रेल द्वारा ट्रेन संख्या 03656/03655 डीडीयू-गया-डीडीयू अनारक्षित श्रावणी मेला स्पेशल का परिचालन 08 अगस्त से 17 अगस्त, 2026 तक प्रतिदिन किया जा रहा है। यह ट्रेन सासाराम-डिहरी ऑन सोन-अनुग्रह नारायण रोड के रास्ते डीडीयू और गया के बीच परिचालित होगी। इस स्पेशल ट्रेन के परिचालन से डीडीयू, भभुआ रोड, सासाराम, डिहरी ऑन-सोन, अनुग्रह नारायण रोड एवं मार्ग के अन्य स्टेशनों से गया जाने वाले श्रद्धालुओं को गया में ट्रेन संख्या 03654 गया-मधुपुर श्रावणी मेला स्पेशल के माध्यम से जसीडीह तक की आगे की यात्रा के लिए कनेक्टिविटी उपलब्ध होगी।

# काकोरी कांड स्वतंत्रता संग्राम का अमिट अध्याय: डॉ. प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने काकोरी षड्यंत्र में शामिल वीर सपूतों की देशभक्ति और बलिदान को याद करते हुए उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि काकोरी कांड भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का ऐसा अमिट अध्याय है, जिसने देशभक्ति, साहस और आत्मबलिदान की अद्वितीय मिसाल प्रस्तुत की। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि अंग्रेजी हुकूमत की नींद उड़ा देने वाली इस ऐतिहासिक घटना ने देशभर के युवाओं में राष्ट्रभक्ति और आजादी के लिए संघर्ष की नई चेतना पैदा की। क्रांतिकारियों के साहस और त्याग ने स्वतंत्रता आंदोलन को नई ऊर्जा प्रदान की। उन्होंने कहा कि 9 अगस्त 1925 को क्रांतिकारियों ने लखनऊ के निकट काकोरी रेलवे स्टेशन पर ट्रेन रोककर सरकारी खजाना लूटा था। इस घटना ने ब्रिटिश शासन को खुली चुनौती दी और क्रांतिकारी आंदोलन को व्यापक पहचान मिली। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि काकोरी कांड में अग्रणी भूमिका निभाने वाले राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खान, राजेंद्र लाहिड़ी और ठाकुर रोशन सिंह को अंग्रेजी शासन ने फांसी की सजा दी। इन अमर बलिदानियों ने स्वराज्य और मातृभूमि की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। उन्होंने कहा कि काकोरी के वीरों का त्याग और देशप्रेम आज भी युवाओं को राष्ट्रहित में समर्पित होकर कार्य करने की प्रेरणा देता है।

# बहुभाषिकता भारतीय समाज की भाषायी और सांस्कृतिक विविधता की स्वाभाविक अभिव्यक्ति : डॉ कुमार वरूण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** अनुग्रह नारायण महाविद्यालय, पटना के हिंदी विभाग एवं भारतीय भाषा संस्थान, मैसूर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी-सह-कार्यशाला के द्वितीय दिवस का आयोजन विचारोत्तेजक एवं सार्थक विमर्श के साथ संपन्न हुआ। विभिन्न सत्रों में प्रशासन और न्यायपालिका में हिंदी के प्रयोग, राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020, मातृभाषा एवं बहुभाषिक शिक्षा, भारतीय भाषाओं की सांस्कृतिक भूमिका तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता के दौर में भारतीय भाषाओं की संभावनाओं पर विशेषज्ञों ने विस्तार से विचार प्रस्तुत किए। प्रथम सत्र का विषय 'हिंदी भाषा





का अनुप्रयोग : प्रशासन और न्यायपालिका' रहा। डॉ कुमार वरूण ने 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति और बहुभाषिक शिक्षण पद्धति' विषय पर वक्तव्य देते हुए कहा कि बहुभाषिकता भारतीय समाज की भाषायी और सांस्कृतिक विविधता की स्वाभाविक अभिव्यक्ति है। विद्यार्थियों को अपनी मातृभाषा के साथ अन्य भारतीय भाषाओं से जोड़ना राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक समन्वय को मजबूत करेगा।सत्र की अध्यक्षता प्रो. आशीष त्रिपाठी (काशी हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी) ने की तथा मुख्य वक्ता प्रो. कलानाथ मिश्र ने प्रशासनिक एवं न्यायिक क्षेत्र में हिंदी के प्रयोग की आवश्यकता और उसकी व्यावहारिक चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की।

# टी.पी.एस. कॉलेज में सड़क सुरक्षा एवं फर्स्ट एड प्रशिक्षण सम्पन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** टी.पी.एस. कॉलेज, पटना में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं कम्युनिटी ट्रैफिक पुलिस, पटना के संयुक्त तत्वावधान में सड़क सुरक्षा जागरूकता एवं अस्पताल पूर्व चिकित्सा प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य प्रो. तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि सड़क दुर्घटना के बाद की शुरुआती कुछ मिनट अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं। यदि आम नागरिकों एवं विद्यार्थियों को प्राथमिक उपचार का सही ज्ञान हो तो अनेक लोगों का जीवन बचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 विद्यार्थियों में सामाजिक उत्तरदायित्व, सेवा-भाव एवं व्यावहारिक कौशल के विकास पर विशेष



बल देती है तथा इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम समाज के प्रति संवेदनशील एवं उत्तरदायी नागरिक तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। एन.एस.एस. कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. उमेश कुमार ने प्रशिक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए सड़क सुरक्षा नियमों के पालन, हेलमेट एवं सीट बेल्ट के नियमित उपयोग तथा दुर्घटना की स्थिति में घायलों को सुरक्षित ढंग से प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराने के महत्व पर प्रकाश डाला। इसी अवसर पर महाविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग द्वारा राष्ट्रीय रसायन विज्ञान दिवस-2026 का भी आयोजन किया गया। प्रो. तपन कुमार शांडिल्य ने आचार्य प्रफुल्ल चंद्र राय के वैज्ञानिक योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि विज्ञान का उद्देश्य केवल ज्ञान अर्जन नहीं, बल्कि समाज और मानवता के कल्याण के लिए उसका उपयोग करना है।

# 20 वर्षों बाद घर में गूंजी नन्हीं किलकारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जन्दाहा (वैशाली)।** लगभग 20 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद आखिरकार डॉ. आनंद रंजन झा की बहन के घर खुशियों ने दस्तक दी। उन्हें पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई है। नन्हे राजकुमार के आगमन से पूरा परिवार खुशी और उल्लास से भर उठा है। 20 वर्षों से जिस घर में एक नन्ही किलकारी की प्रतीक्षा थी, आज उसी आंगन में बच्चे की मासूम किलकारी गूंज उठी। लंबे इंतजार के बाद मिली इस खुशी को परिजन ईश्वर का अनमोल आशीर्वाद मान रहे हैं। नन्हे शिशु के जन्म की खबर मिलते ही रिश्तेदारों, मित्रों एवं शुभचिंतकों ने परिवार को बधाई एवं शुभकामनाएं देना शुरू कर दिया। परिवार में उत्सव जैसा माहौल है। इस अवसर पर डॉ. आनंद रंजन झा ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा '20 वर्षों के इंतजार के बाद घर में आई यह



खुशी हमारे लिए अविस्मरणीय है। नन्हे राजकुमार का आगमन ईश्वर का सबसे अनमोल उपहार है।' उन्होंने माता एवं नवजात शिशु के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की। 20 वर्षों की प्रतीक्षा के बाद आई इस खुशखबरी ने पूरे परिवार के जीवन में नई उमंग और नई खुशियां भर दी है।

# विश्व आदिवासी दिवस जनजातीय अधिकारों और समृद्ध विरासत के संरक्षण का संदेश : डॉ. प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों एवं जनजातीय समाज को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि यह दिवस जनजातीय समुदायों के अधिकारों के संरक्षण, उनकी विशिष्ट पहचान तथा समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के प्रति वैश्विक स्तर पर जागरूकता फैलाने का महत्वपूर्ण अवसर है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र द्वारा 23 दिसंबर 1994 को विश्व आदिवासी दिवस की स्थापना की गई थी। इसका उद्देश्य दुनिया भर के आदिवासी समुदायों के अधिकारों की रक्षा और उनके सामाजिक, सांस्कृतिक एवं आर्थिक योगदान को सम्मान देना है। उन्होंने कहा कि जनजातीय समाज का जीवन प्रकृति के साथ गहरे समन्वय, परंपराओं के संरक्षण और अटूट साहस का प्रतीक रहा है। स्वतंत्रता संग्राम से लेकर राष्ट्र निर्माण तक जनजातीय समाज के अनेक नायकों ने अपने अदम्य साहस, त्याग और संघर्ष से देश के इतिहास में अतुलनीय योगदान दिया है। डॉ. प्रेम कुमार ने बताया कि वर्ष 2026 के विश्व आदिवासी दिवस की थीम 'आदिवासी महिलाओं का सम्मानः जीवन और कल्याण की रक्षा' है। यह विषय पारंपरिक स्वास्थ्य प्रणालियों तथा मातृ-शिशु देखभाल में जनजातीय महिलाओं के अमूल्य योगदान को रेखांकित करता है। उन्होंने कहा कि जनजातीय महिलाओं के पारंपरिक ज्ञान और सेवाओं को सम्मान एवं संरक्षण देकर स्वस्थ और समावेशी समाज के निर्माण को मजबूती दी जा सकती है।

# राज्य में विकसित हो रहे खेल अवसंरचना से बदली बिहार की पहचान

## राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय खेल आयोजनों का बना नया केंद्र

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** कभी खेल अवसंरचना के अभाव में बड़े आयोजनों की मेजबानी से दूर रहने वाला बिहार आज राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं का प्रमुख केंद्र बनकर उभरा है। राज्य सरकार के पिछले कुछ वर्षों में खेल अवसंरचना पर किए गए बड़े निवेश ने राज्य की सूरत-सीरत बदल दी है। राजगीर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, बिहार खेल विश्वविद्यालय, पटना के अत्याधुनिक खेल परिसर, जिला खेल परिसरों और पंचायत स्तर तक विकसित हो रहे खेल मैदानों ने बिहार को बड़े खेल आयोजनों के लिए नई पहचान दिलाई है। राजगीर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स इस बदलाव का सबसे बड़ा उदाहरण बनकर सामने आया है। करीब 90 एकड़ में विकसित इस विश्वस्तरीय परिसर में अंतरराष्ट्रीय मानकों का हॉकी स्टेडियम, बहुउद्देशीय इंडोर हॉल, ओलंपिक आकार का स्विमिंग पूल, एथलेटिक्स सुविधाएं, खिलाड़ियों के लिए खेल चिकित्सा केंद्र और बिहार खेल विश्वविद्यालय स्थापित किए गए हैं। हाल ही में यहां 40 हजार दर्शकों की क्षमता वाले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का भी निर्माण किया गया है जिससे बिहार में क्रिकेट के बड़े आयोजन का रास्ता भी खुल गया है। राजधानी पटना में भी खेल अवसंरचना को लगातार मजबूत किया गया है। पाटलिपुत्र खेल परिसर (कंकड़बाग) को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया गया जहां फुटबॉल, एथलेटिक्स और बहुउद्देशीय इंडोर खेलों की राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं का आयोजन हो रहा है। ऊर्जा स्टेडियम, मोइनुल हक स्टेडियम के पुनर्विकास की पहल, प्रशिक्षण केंद्रों का विस्तार तथा राजगीर में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना ने खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण और प्रतियोगिताओं का मंच उपलब्ध कराया है। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार द्वारा सरकार पटना के पुनपुन क्षेत्र में अत्याधुनिक स्पोर्ट्स सिटी विकसित करने की दिशा में भी तेजी से काम कर रही है। राज्य में खेल अवसंरचना का विस्तार अब केवल राजधानी और बड़े शहरों तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रखंड और जिला स्तर तक खेल सुविधाओं को विकसित किया जा रहा है।

# 'हर घर तिरंगा' अभियान को जन-जन तक पहुंचाने की तैयारी

तिरंगे के रंग में रंगेगा बिहार : नीतीश मिश्रा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** नगर विकास एवं आवास मंत्री नीतीश मिश्रा ने राज्य के सभी नगर निकायों के अधिकारियों को 'हर घर तिरंगा' राष्ट्रीय अभियान के तहत व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि भारत सरकार द्वारा 09 अगस्त से 17 अगस्त, 2026 तक 'वंदे मातरम' की 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर देशव्यापी 'हर घर तिरंगा' अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक को राष्ट्रीय ध्वज से भावनात्मक रूप से जोड़ना



तथा अपने घर पर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित करना है। नीतीश मिश्रा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शुरू हुआ 'हर घर तिरंगा' अभियान राष्ट्रभक्ति, राष्ट्रीय एकता और तिरंगे के प्रति सम्मान एवं गौरव की भावना को जन-जन तक पहुंचाने वाला एक प्रभावी राष्ट्रीय अभियान बन गया है।

# 12 रुपये से शुरू हुआ सफर, आज दुनिया में गूंज रही बिहार की लोककला

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** कभी दीवारों तक सीमित मिथिला चित्रकला जब पहली बार कागज पर उतरी तो उसकी कीमत मिली थी महज 12 रुपये, लेकिन उस 12 रुपये की कमाई में एक ऐसी कला-यात्रा की शुरुआत छिपी थी, जिसने आगे चलकर बिहार की लोककला को देश-दुनिया के मंच तक पहुंचा दिया। पद्मश्री बौआ देवी ने बिहार संग्रहालय स्थापना दिवस पर इस ऐतिहासिक दौर की यादें साझा कीं तो कला की पूरी एक सदी जैसे संवाद के मंच पर जीवंत हो उठी। बिहार संग्रहालय में आयोजित



कार्यक्रम में दूसरे दिन लोककला, संग्रहालय, पारंपरिक कला और समकालीन कला पर मंथन हुआ। कलाकारों, कला विशेषज्ञों और संग्रहालय से जुड़े विशेषज्ञों ने न केवल बिहार की समृद्ध कला परंपरा की चर्चा की, बल्कि यह भी बताया कि किस तरह सामाजिक परिस्थितियों और संघर्षों के बीच लोककलाओं ने अपनी अलग पहचान बनाई। बिहार संग्रहालय के महानिदेशक अंजनी कुमार सिंह के मॉडरेशन में हुए संवाद में पद्मश्री बौआ देवी ने मिथिला चित्रकला के उस दौर को याद किया जब 1964-65 में यह कला दीवारों से उतरकर कागज पर आ रही थी।

# संपादकीय

## इलाज नहीं, अंधविश्वास मिला और एक जिंदगी हार गई

हैरान करने वाली इस घटना में महिला को इलाज के नाम पर दस दिनों तक खंभे से बांधकर रखा गया, जिससे उसकी तबीयत बिगड़ गई। इसके बाद उपचार के लिए उसे स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिस दौर में विज्ञान की उपलब्धियों के सहारे आम जनजीवन की समूची बुनियाद बदलने की एक प्रक्रिया चल रही है, उसमें महज अंधविश्वास की वजह से किसी की जान चली जाए या लोग अंधविश्वास की जड़ता में डूबे हों, तो इससे बड़ी विडंबना और क्या होगी।उत्तर प्रदेश के बाराबंकी जिले में बीते मंगलवार को मानसिक रूप से बीमार एक महिला की मौत इसका उदाहरण है कि हम लाख अपनी वैज्ञानिक उपलब्धियों का हवाला देते रहें, समाज का एक बड़ा हिस्सा आज भी अंधविश्वास की कूपमंडूकताओं में डूबा हुआ है और इसके बेहद तकलीफदेह खामियाजे भी भुगत रहा है।हैरान करने वाली इस घटना में महिला को इलाज के नाम पर दस दिनों तक खंभे से बांधकर रखा गया, जिससे उसकी तबीयत बिगड़ गई। इसके बाद उपचार के लिए उसे स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।अगर महिला के परिजनों या वहां के लोगों के बीच बीमारी और इलाज की सामान्य जानकारी भी होती, तो वे महिला को उपचार के लिए किसी चिकित्सक के पास ले जाते और उसकी जान बच सकती थी।आज भी झाड़-फूंक के सहारे इलाज का अंधविश्वास कायम है, तो आखिर इसकी जड़ें कहां मौजूद हैं? आम लोगों की अमूमन हर गतिविधि को किसी तकनीक पर निर्भर करने और डिजिटल दुनिया के दौर में भी लोगों के ज्ञान का दायरा इतना सिमटा हुआ क्यों है कि वे किसी बीमारी का इलाज झाड़-फूंक या तंत्र-मंत्र में ढूंढ़ते हैं?कई बार मानसिक रोगी का मनोचिकित्सक से उपचार नहीं कराया जाता और परिवार के सदस्य ही उसे तांत्रिक के पास ले जाते हैं। समाज से अधिक यह सरकार के लिए चिंता का विषय होना चाहिए कि देश में मानसिक रोग के उपचार के लिए पर्याप्त अस्पताल और चिकित्सक क्यों नहीं हैं।मानसिक स्वास्थ्य को लेकर ज्यादातर लोगों का जागरूक न होना भी एक बड़ी चुनौती है। हैरानी की बात यह भी है कि तेज रफ्तार आधुनिक संचार के इस दौर में सरकार जहां अपनी किसी बात या प्रशासनिक फैसले को लागू करने वाले तंत्र को बिना किसी देरी के दूरदराज के इलाकों तक भी पहुंचा देती है, वहीं वह अंधविश्वास की जकड़न से घिरे लोगों के बीच वैज्ञानिक चेतना की रोशनी क्यों नहीं पहुंचाती?

# उज्ज्वल है भारत का खेल भविष्य

(डॉ. आशीष वशिष्ठ)

**ग्लासगो राष्ट्रमंडल खेल शुरू होने से पहले भारतीय ओलंपिक संघ और विभिन्न खेल महासंघों की आंतरिक रिपोर्ट में भारत को 6 स्वर्ण समेत 31 पदक मिलने का अनुमान लगाया गया था। भारतीय खिलाड़ियों ने अनुमान से दोगुना से भी ज्यादा स्वर्ण जीते। कुल पदक में भी आगे निकल गए। ग्लासगो राष्ट्रमंडल खेल में भारत का सबसे सफल खेल बॉक्सिंग रहा। 14 मुक्केबाजों के दल में से 10 खिलाड़ी पदक जीतकर लौटे। इसमें 7 स्वर्ण और 3 रजत शामिल रहे। यानी 71 प्रतिशत मेडल कन्वर्जन रेट। बर्मिंघम 2022 में यह आंकड़ा 58 प्रतिशत था।**

ग्लासगो राष्ट्रमंडल खेल शुरू होने से पहले भारतीय ओलंपिक संघ और विभिन्न खेल महासंघों की आंतरिक रिपोर्ट में भारत को 6 स्वर्ण समेत 31 पदक मिलने का अनुमान लगाया गया था। भारतीय खिलाड़ियों ने अनुमान से दोगुना से भी ज्यादा स्वर्ण जीते। कुल पदक में भी आगे निकल गए।

इसमें कोई अतिशयोक्ति नहीं है कि ग्लासगो राष्ट्रमंडल खेल में भारत का प्रदर्शन उम्मीद से कहीं बेहतर रहा। भारत ने 13 स्वर्ण, 17 रजत और 9 कांस्य सहित कुल 39 पदक जीते। वह पदक तालिका में चौथे नंबर पर रहा। पहली नजर में यह प्रदर्शन बर्मिंघम 2022 के 61 पदक से कमजोर दिख सकता है, लेकिन आंकड़े अलग कहानी बताते हैं। इस बार ग्लासगो में सिर्फ 10 खेल शामिल थे, जबकि बर्मिंघम में 19 खेल खेले गए थे। बैडमिंटन, कुश्ती, शूटिंग, हॉकी, टेबल टेनिस और क्रिकेट जैसे खेल ग्लासगो गेम्स का हिस्सा नहीं थे, जिनसे 2022 में भारत को 30 पदक मिले थे। इसके अलावा भारत ने 210 खिलाड़ियों की जगह सिर्फ 123 खिलाड़ियों का दल भेजा। इनमें से 38 खिलाड़ी पदक जीतकर लौटे, यानी सफलता की दर 31 प्रतिशत रही। बर्मिंघम में यह आंकड़ा 29 प्रतिशत था।

ग्लासगो राष्ट्रमंडल खेल शुरू होने से पहले भारतीय ओलंपिक संघ और विभिन्न खेल महासंघों की आंतरिक रिपोर्ट में भारत को 6 स्वर्ण समेत 31 पदक मिलने का अनुमान लगाया गया था। भारतीय खिलाड़ियों ने अनुमान से दोगुना से भी ज्यादा स्वर्ण जीते। कुल पदक में भी आगे निकल गए। ग्लासगो राष्ट्रमंडल खेल में भारत का सबसे सफल खेल बॉक्सिंग रहा। 14 मुक्केबाजों के दल में से 10 खिलाड़ी पदक जीतकर लौटे। इसमें 7 स्वर्ण और 3 रजत शामिल रहे। यानी 71 प्रतिशत मेडल कन्वर्जन रेट। बर्मिंघम 2022 में यह आंकड़ा 58 प्रतिशत था। पदक वितरण समारोह के दौरान सात बार भारत का राष्ट्रगान बजना न सिर्फ ग्लासगो में मौजूद भारतीय दर्शकों के लिए गर्व का पल था, बल्कि इस बात का सबूत भी था कि इस गैर-पारंपरिक खेल को गांवों और छोटे कस्बों तक ले जाने की पहल काफी हद तक सफल रही है। भारतीय बॉक्सरों के प्रदर्शन की जितनी भी प्रशंसा की जाए वो कम है।

जूडो में भारत ने पहली बार राष्ट्रमंडल खेल इतिहास में स्वर्ण जीता। अस्मिता डे और हर्ष सिंह ने स्वर्ण जीता। यामिनी मौर्य ने रजत और उन्नति शर्मा ने कांस्य जीतकर कुल चार पदक भारत की झोली में डाले। हालांकि 14 सदस्यीय भारतीय टीम के दो खिलाड़ी अरुण कुमार और तुलिका मान डोपिंग के कारण बाहर हो गए। इसी तरह, एथलीटों और पैरा-एथलीटों ने 16 पदक जीते। इनमें से कुछ ने तो नए राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी बनाए।

वेटलिफ्टर्स ने आठ और पदक जीते। इन पदकों में ओलंपियन मीराबाई चानू का जीता हुआ एक स्वर्ण पदक भी शामिल था, जिससे उन्होंने स्वर्ण पदकों की हैट्रिक पूरी की; मणिपुर की इस एथलीट ने इससे पहले 2018 गोल्ड कोस्ट और 2022 बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेल में भी स्वर्ण पदक जीता था। असल में, मीराबाई चानू की शानदार कामयाबी के बावजूद, भारतीय वेटलिफ्टरों का प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा। इस निराशा की एक वजह यह है कि डोपिंग के आरोपों के कारण कम से कम दो भारतीय वेटलिफ्टरों की एंट्री वापस लेनी पड़ी। छह अन्य खिलाड़ी–कड़ी टक्कर न होने के बावजूद–लड़ने के जज़्बे की कमी या तकनीकी गलतियों की वजह से स्वर्ण पदक जीतने का मौका चूक गए।

एथलेटिक्स ने भारत को 10 पदक दिलाए, लेकिन एक भी स्वर्ण नहीं आया। नीरज चोपड़ा रजत जीत सके। उनके साथ डेब्यू कर रहे यशवीर सिंह ने कांस्य जीता। गुलवीर सिंह ने 10 हजार मीटर में सिल्वर और 5 हजार मीटर रेस में कांस्य जीतकर इतिहास रचा। गुलवीर एक ही कॉमनवेल्थ गेम्स में एथलेटिक्स में दो पदक जीतने वाले वह भारत के पहले खिलाड़ी भी बनें। तेजस्विन शंकर ने डेकाथलन में भारत का पहला राष्ट्रमंडल पदक दिलाया। सरवेश कुशारे, श्रीशंकर, प्रवीण चित्रावेल और सीमा कालीरामना भी पदक जीतने में सफल रहे। हालांकि स्प्रिंट और रिले टीम से बड़ी उम्मीदें थीं, वह खाली हाथ रही।

इसमें कोई दो राय नहीं है कि मोदी सरकार के 12 वर्षों के शासन में देश में खेलों का संस्थागत विकास तेजी से हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कई बार यह दोहराया है कि खेल देश में एकता बढ़ाने, युवाओं को प्रेरित करने और भारत को एक आत्मविश्वासी और उभरती हुई वैश्विक ताकत के रूप में स्थापित करने में अहम भूमिका निभाते हैं। उनकी यह सोच कार्यों में भी दिखाई देती है, जैसे कि 'खेलो इंडिया'और 'टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम यानी टॉप्स' जैसे प्रमुख कार्यक्रमों के माध्यम से। इन पहलों ने देश में खेलों की पूरी व्यवस्था को नया रूप दिया है और भारत को खेलकूद के प्रति समर्पित एक राष्ट्र बना दिया है। इन योजनाओं के कारण भारतीय खिलाड़ियों को बेहतर वित्तीय सहायता, आधुनिक प्रशिक्षण और अंतरराष्ट्रीय स्तर का एक्सपोजर मिला है, जिसके परिणामस्वरूप ओलंपिक, पैरालंपिक, कॉमनवेल्थ और एशियाई खेलों में भारत का प्रदर्शन लगातार सुधरा है।

नई प्रतिभाओं को पदक जीतने वाले खिलाड़ी में बदलने में खेलो इंडिया कार्यक्रम की अहम भूमिका रही है। इस कार्यक्रम के तहत अब तक 2781 से अधिक खिलाड़ियों को प्रशिक्षण, उपकरण, चिकित्सा देखभाल और वित्तीय सहायता दी गई है। सरकार ने खेलो इंडिया योजना पर 36,441 करोड़ रुपये का भारी निवेश मंजूर किया है। वर्ष 2026-31 के लिए संशोधित खेलो इंडिया योजना को मंजूरी दी है। राष्ट्रीय खेल महासंघों को मजबूत बनाने के लिए बड़े पैमाने पर वित्तीय सहायता दी जा रही है।

देश के दूर-दराज और ग्रामीण इलाकों से भी उभरती प्रतिभाओं को खोजा जा रहा है। स्थानीय स्तर पर प्रशिक्षण और मार्गदर्शन की सुविधाएं देने के लिए देशभर में 1041 खेलो इंडिया केंद्र स्थापित किए गए हैं। इसके साथ ही, 32 खेलो इंडिया सेंटर ऑफ एक्सीलेंस और 301 खेल अकादमियों को मान्यता दी गई है, जिससे खेलों का पूरा इकोसिस्टम और मजबूत हुआ है। खेलो इंडिया सीओई में खिलाड़ियों को विशेषज्ञ कोचिंग, पोषण और उच्चस्तरीय प्रशिक्षण की सुविधा दी जा रही है।

मोदी सरकार की इन पहलों का जमीन पर जबरदस्त असर भी दिख रहा है। 2022 एशियाई खेलों में भारत के 42 पदकों में से 124 पदक विजेता खेलो इंडिया से प्रशिक्षित खिलाड़ी थे। वहीं पेरिस 2024 ओलंपिक में खेलो इंडिया के 28 खिलाड़ियों ने देश का प्रतिनिधित्व किया था। खेलो इंडिया के खिलाड़ियों ने अब तक करीब 6000 राष्ट्रीय रिकॉर्ड और 1400 अंतरराष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाए हैं, जो भारत के जमीनी स्तर के खेलकूद के कार्यक्रमों की प्रगति को दर्शाता है।



कोच और खेल विशेषज्ञ मानते हैं कि कॉन्टिनेंटल या ग्लोबल इवेंट्स में प्रतियोगिता का स्तर कहीं ज्यादा होता है। ऐसे में किसी एथलीट या खिलाड़ी की काबिलियत और कड़ी मेहनत की असली परीक्षा एशियन गेम्स या ओलंपिक्स में होती है। हालांकि कॉमनवेल्थ गेम्स में जीते गए मेडल का महत्व कम नहीं आंका जाना चाहिए। इस बार युवा खिलाड़ियों ने दिखाया है कि भारत का खेल भविष्य पहले से कहीं ज्यादा उज्ज्वल दिख रहा है, कई खेलों में नई पीढ़ी के टैलेंटेड एथलीट सुर्खियां बटोर रहे हैं। राष्ट्रमंडल खेल जैसी प्रतियोगिता में किए गए प्रदर्शन को आम तौर पर भविष्य में सुधार के पैमाने और अपनी खूबियों व कमियों के आकलन के तौर पर देखा जाता है।

राष्ट्रमंडल खेल के बाद अब भारतीय खिलाड़ियों की नजर एशियन गेम्स में दमदार प्रदर्शन करने पर है। 20 वें एशियाई खेल का आगाज 19 सितंबर से जापान के नागोया में होग। भारत इस बार हांग्जो 2022 के अपने ऐतिहासिक 107 पदकों के रिकॉर्ड को तोड़ने के इरादे से मैदान में उतरेगा। इसीलिए भारतीय खिलाड़ियों को राष्ट्रमंडल खेल में अपने प्रदर्शन पर गर्व करते हुए एशियन गेम्स में पेश आने वाली चुनौतियों के हिसाब से बिना एक भी पल गवाएं तैयारियां शुरू कर देनी चाहिए। क्योंकि जब विदेशी धरती पर तिरंगा लहराता है और जन-गण-मन गूंजता है, तो वह पल केवल एक खिलाड़ी की जीत नहीं, बल्कि पूरे देश का गौरव बन जाता है। (लेखक स्वतंत्र पत्रकार है) (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# एफसीआरए बिल पर हल्ला मचा रहे विपक्षी दलों और ईसाई संगठनों को मार्को रुबियो का बयान सुनना चाहिए

(नीरज कुमार दुबे)

केंद्र सरकार के आंकड़े बताते हैं कि पिछले कुछ वर्षों में एफसीआरए के तहत पंजीकृत सक्रिय संगठनों की संख्या घटी है, लेकिन विदेशी चंदे का प्रवाह बना हुआ है। केंद्रीय गृह मंत्रालय के अनुसार वर्ष 2024-25 में 16,200 संगठनों को लगभग 22,963 करोड़ रुपये का विदेशी योगदान प्राप्त हुआ। केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम (एफसीआरए) संशोधन विधेयक को लेकर देश में तो इस समय व्यापक बहस छिड़ी ही हुई है, साथ ही इसकी गूंज अमेरिका तक सुनाई दे रही है। दिलचस्प बात यह है कि अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो पहले स्वयं यह कह चुके हैं कि किसी भी देश में विदेशी फंड से संचालित संस्थाओं को वहां की संप्रभु सरकार के समानांतर व्यवस्था नहीं चलानी चाहिए और उन्हें मेजबान देश के कानूनों का सम्मान करना चाहिए। इसके बावजूद अमेरिकी सांसद राइली मूर भारत के प्रस्तावित कानून की आलोचना कर रहे हैं। दूसरी ओर, मिजोरम के मुख्यमंत्री लालदुहोमा ने गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात के बाद स्पष्ट किया कि केंद्र सरकार ने उन्हें आश्वस्त किया है कि प्रस्तावित संशोधन को पूर्व प्रभाव (रेट्रोस्पेक्टिव) से लागू नहीं किया जाएगा। इन घटनाक्रमों के बीच मोदी सरकार का स्पष्ट संदेश है कि विदेशी धन प्राप्त करने वाले संगठनों के संचालन में पारदर्शिता, जवाबदेही और भारतीय कानूनों का पालन सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगा। हम आपको बता दें कि केंद्र सरकार के आंकड़े बताते हैं कि पिछले कुछ वर्षों में एफसीआरए के तहत पंजीकृत सक्रिय संगठनों की संख्या घटी है, लेकिन विदेशी चंदे का प्रवाह बना हुआ है। केंद्रीय गृह मंत्रालय के अनुसार वर्ष 2024-25 में 16,200 संगठनों को लगभग 22,963 करोड़ रुपये का विदेशी योगदान प्राप्त हुआ। वहीं बड़ी संख्या में ऐसे संगठनों के एफसीआरए लाइसेंस निरस्त या समाप्त भी किए गए हैं। सरकार का कहना है कि केवल वैध पंजीकरण रखने वाले संगठनों को ही विदेशी धन प्राप्त करने और उसका उपयोग करने का अधिकार होना चाहिए। हम आपको बता दें कि सरकार द्वारा लाए गए संशोधन का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि यदि किसी संस्था का एफसीआरए पंजीकरण समाप्त हो जाता है, रद्द हो जाता है, नवीनीकृत नहीं होता या संस्था स्वयं उसे छोड़ देती है, तो विदेशी धन से निर्मित परिसंपत्तियों के प्रबंधन के लिए एक नामित प्राधिकरण की व्यवस्था की जाएगी। यदि बाद में संस्था का पंजीकरण बहाल हो जाता है तो संबंधित संपत्तियां और अप्रयुक्त विदेशी योगदान वापस कर दिए जाएंगे। यदि ऐसा नहीं होता, तो कानून के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। केंद्र सरकार का तर्क है कि यह व्यवस्था किसी नए अधिकार का सृजन नहीं, बल्कि पहले से मौजूद प्रावधानों को अधिक स्पष्ट और व्यवस्थित बनाने का प्रयास है। वहीं प्रस्तावित संशोधन को लेकर कुछ चर्च संगठनों ने आशंकाएं भी व्यक्त की हैं। उनका कहना है कि कानून की कुछ धाराएं अत्यधिक कठोर हैं और उन्हें संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के पास भेजा जाना चाहिए। इसी उद्देश्य से विभिन्न चर्च संगठनों के प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की और अपनी आपत्तियां दर्ज कराईं। वहीं मिजोरम के मुख्यमंत्री लालदुहोमा ने अमित शाह के साथ बैठक के बाद कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री ने स्पष्ट आश्वासन दिया है कि प्रस्तावित संशोधन को पूर्व प्रभाव से लागू नहीं किया जाएगा। हम आपको यह भी बता दें कि केंद्र सरकार ने इन आशंकाओं का विस्तार से जवाब भी दिया है। सरकार का कहना है कि प्रस्तावित कानून किसी विशेष धर्म, समुदाय या विचारधारा को निशाना नहीं बनाता। एफसीआरए के प्रावधान सभी विदेशी चंदा प्राप्त करने वाले संगठनों पर समान रूप से लागू होते हैं। केंद्र सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि यदि किसी धार्मिक स्थल से जुड़ी संपत्ति का मामला आता है तो उसके धार्मिक स्वरूप को कानूनन सुरक्षित रखा जाएगा। साथ ही, नामित प्राधिकरण के आदेश अंतिम नहीं होंगे और उनके विरुद्ध न्यायालय में अपील का अधिकार भी उपलब्ध रहेगा। उधर, इस पूरे विवाद का अंतरराष्ट्रीय पहलू भी कम महत्वपूर्ण नहीं है। अमेरिकी सांसद राइली मूर ने आरोप लगाया कि यह कानून चर्चों और ईसाई संस्थाओं के खिलाफ है। हालांकि स्वयं अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने पिछले वर्ष यह कहा था कि विदेशी सहायता कार्यक्रम मेजबान देशों की सरकारों के समानांतर नहीं चलने चाहिए और विदेशी वित्तपोषित संस्थाओं को संबंधित देश की नीतियों और कानूनों के अनुरूप काम करना चाहिए। यही कारण है कि भारत के संदर्भ में उठ रही आलोचना पर दोहरे मापदंड का प्रश्न भी सामने आया है। देखा जाये तो लोकतंत्र में किसी भी कानून पर बहस और समीक्षा का अधिकार सभी को है, लेकिन भारत की संप्रभुता और राष्ट्रीय हित सर्वोपरि हैं। यदि कोई संगठन विदेशी चंदे के सहारे पूरी पारदर्शिता और भारतीय कानूनों का पालन करते हुए जनकल्याण का कार्य करता है, तो उसके लिए इस कानून से घबराने का कोई कारण नहीं होना चाहिए।

# संसदीय-गतिरोध से नहीं चलेगा लोकतंत्र, संवाद ही है समाधान

(ललित गर्ग)

**लोकतंत्र में असहमति स्वाभाविक है, किंतु असहमति को अराजकता में बदल देना लोकतांत्रिक संस्कृति नहीं है। विपक्ष का दायित्व केवल विरोध करना नहीं, बल्कि रचनात्मक सुझाव देना भी है। सरकार को कठघरे में खड़ा करना विपक्ष का अधिकार है, परंतु संसद को ठप कर देना किसी भी दृष्टि से उचित नहीं कहा जा सकता। लोकतंत्र में विरोध की भी मर्यादा होती है। जब विरोध संसद को चलने ही न दे, तब वह लोकतांत्रिक अधिकार नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक दायित्वों की उपेक्षा बन जाता है।**

लोकतंत्र में असहमति स्वाभाविक है, किंतु असहमति को अराजकता में बदल देना लोकतांत्रिक संस्कृति नहीं है। विपक्ष का दायित्व केवल विरोध करना नहीं, बल्कि रचनात्मक सुझाव देना भी है। सरकार को कठघरे में खड़ा करना विपक्ष का अधिकार है, परंतु संसद को ठप कर देना किसी भी दृष्टि से उचित नहीं कहा जा सकता।

भारतीय लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति उसकी संसद है। यही वह सर्वोच्च लोकतांत्रिक मंच है जहां राष्ट्र के वर्तमान और भविष्य से जुड़े विषयों पर गंभीर विमर्श होता है, सरकार जवाबदेह बनती है, विपक्ष जनभावनाओं को स्वर देता है और कानूनों के माध्यम से देश के विकास की दिशा तय होती है। लेकिन अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि आज संसद संवाद और सहमति का मंच बनने के बजाय टकराव, आरोप-प्रत्यारोप, नारेबाजी और राजनीतिक हठधर्मिता का अखाड़ा बनती जा रही है। मानसून सत्र में जिस प्रकार लगातार गतिरोध बना हुआ है, उससे केवल संसदीय कार्यवाही ही बाधित नहीं हो रही, बल्कि लोकतंत्र की आत्मा भी आहत हो रही है। संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजीजू और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के बीच गतिरोध समाप्त करने के लिए हुई बातचीत भी किसी ठोस निष्कर्ष तक नहीं पहुंच सकी। यह स्थिति बताती है कि दोनों पक्ष अपने-अपने राजनीतिक आग्रहों में इतने उलझ गए हैं कि राष्ट्रहित पीछे छूट गया है। विपक्ष की ओर से यह शर्त रखी जा रही है कि जब तक कुछ विशेष मुद्दों पर सरकार सदन में बयान और चर्चा के लिए तैयार नहीं होती, तब तक संसद की कार्यवाही नहीं चलने दी जाएगी। दूसरी ओर सरकार भी अपने विधायी एजेंडे को आगे बढ़ाने पर अडिग है। परिणाम यह है कि संसद का बहुमूल्य समय निरर्थक विवादों की भेंट चढ़ रहा है।

लोकतंत्र में असहमति स्वाभाविक है, किंतु असहमति को अराजकता में बदल देना लोकतांत्रिक संस्कृति नहीं है। विपक्ष का दायित्व केवल विरोध करना नहीं, बल्कि रचनात्मक सुझाव देना भी है। सरकार को कठघरे में खड़ा करना विपक्ष का अधिकार है, परंतु संसद को ठप कर देना किसी भी दृष्टि से उचित नहीं कहा जा सकता। लोकतंत्र में विरोध की भी मर्यादा होती है। जब विरोध संसद को चलने ही न दे, तब वह लोकतांत्रिक अधिकार नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक दायित्वों की उपेक्षा बन जाता है। पिछले कुछ वर्षों से यह चिंताजनक प्रवृत्ति लगातार बढ़ी है कि संसद सत्र प्रारंभ होने से पहले ऐसे मुद्दे राजनीतिक रूप से उछाले जाते हैं, जिनके आधार पर पूरे सत्र को बाधित किया जा सके। परिणामस्वरूप अनेक महत्वपूर्ण विधेयक बिना पर्याप्त चर्चा के पारित हो जाते हैं अथवा कई विधेयक लंबित रह जाते हैं। इससे सबसे अधिक नुकसान देश को होता है। संसद का प्रत्येक मिनट करोड़ों रुपये की सार्वजनिक धनराशि से संचालित होता है। यदि वह समय केवल शोर-शराबे और नारेबाजी में बीत जाए तो यह करदाताओं के धन और लोकतांत्रिक विश्वास-दोनों का अपमान है।

लोकतंत्र में संवाद ही समाधान का सबसे प्रभावी माध्यम है। महात्मा गांधी से लेकर अटल बिहारी वाजपेयी तक भारतीय राजनीति की श्रेष्ठ परंपरा संवाद, सहमति और संवेदनशीलता की रही है। आज आवश्यकता इस बात की है कि पक्ष और विपक्ष दोनों अपने-अपने दुराग्रह छोड़कर संवाद की मेज पर बैठें। संसद की गरिमा इस बात में नहीं कि कौन किसे अधिक कठघरे में खड़ा करता है, बल्कि इस बात में है कि राष्ट्रहित के प्रश्नों पर कितनी गंभीरता से विचार किया जाता है। विशेष रूप से कांग्रेस और उसके नेता राहुल गांधी को यह समझना होगा कि लोकतंत्र केवल आंदोलन और विरोध का नाम नहीं है। विपक्ष की भूमिका सरकार को गिराने की नहीं, बल्कि लोकतंत्र को संभालने की होती है। यदि प्रत्येक मुद्दे पर संसद को बाधित करने की रणनीति अपनाई जाएगी तो जनता के बीच यह संदेश जाएगा कि विपक्ष के पास वैकल्पिक नीति और दृष्टि का अभाव है। लोकतंत्र में जनता केवल विरोध नहीं, समाधान भी चाहती है। यदि विपक्ष स्वयं संवाद से दूरी बनाएगा तो 'संवाद से समाधान' का आदर्श केवल नारा बनकर रह जाएगा। सरकार की भी जिम्मेदारी कम नहीं है। लोकतंत्र में बहुमत का अर्थ मनमानी नहीं होता। सरकार को भी विपक्ष की उचित मांगों को सुनना चाहिए और जहां संभव हो, सहमति का मार्ग निकालना चाहिए। संसद किसी एक दल की नहीं, पूरे राष्ट्र की संस्था है। इसलिए सरकार को भी संवेदनशीलता, धैर्य और व्यापक दृष्टिकोण का परिचय देना होगा। किंतु यदि संवाद का प्रत्येक प्रयास केवल राजनीतिक शर्तों और हठधर्मिता में उलझ जाए तो समाधान की संभावनाएं स्वतः समाप्त हो जाती हैं। आज सबसे बड़ी आवश्यकता राजनीतिक परिपक्वता की है। दुर्भाग्य से भारतीय राजनीति में आग्रह, पूर्वाग्रह और दुराग्रह का प्रभाव बढ़ता जा रहा है। हर मुद्दे को चुनावी लाभ-हानि के चश्मे से देखा जा रहा है। संसद में बहस कम और राजनीतिक संदेश अधिक दिए जा रहे हैं। यह प्रवृत्ति लोकतंत्र को कमजोर करती है। संसद का उद्देश्य जनकल्याणकारी नीतियों पर विचार करना है, न कि चुनावी रणनीतियों का मंच बन जाना। देश आज आर्थिक विकास, तकनीकी प्रगति, रोजगार, शिक्षा, कृषि, राष्ट्रीय सुरक्षा, वैश्विक प्रतिस्पर्धा और सामाजिक समरसता जैसी अनेक चुनौतियों के दौर से गुजर रहा है। ऐसे समय संसद का प्रत्येक दिन अत्यंत मूल्यवान है। यदि यह समय केवल राजनीतिक टकराव में व्यतीत होगा तो विकास की गति अवश्य प्रभावित होगी। कानूनों में विलंब, नीतिगत निर्णयों की देरी और संसदीय अस्थिरता का सीधा प्रभाव आम नागरिक के जीवन पर पड़ता है। भारतीय लोकतंत्र की मजबूती इस बात में नहीं कि संसद में कितना शोर हुआ, बल्कि इस बात में है कि वहां कितने सार्थक विचार सामने आए। स्वस्थ लोकतंत्र में सत्ता और विपक्ष प्रतिद्वंद्वी अवश्य होते हैं, किंतु शत्रु नहीं। दोनों का अंतिम लक्ष्य राष्ट्रहित होना चाहिए। यदि राजनीतिक दल इस मूल भावना को भूल जाएंगे तो लोकतंत्र केवल संख्या का खेल बनकर रह जाएगा। आज आवश्यकता इस बात की है कि सभी राजनीतिक दल आत्ममंथन करें। विपक्ष अपने विरोध को रचनात्मक बनाए, सरकार अपने संवाद को व्यापक बनाए और दोनों मिलकर संसद की प्रतिष्ठा पुनः स्थापित करें। लोकतंत्र का भविष्य टकराव में नहीं, संवाद में सुरक्षित है। संसद की गरिमा नारेबाजी से नहीं, विचार-विमर्श से बढ़ती है। भारत जैसे विशाल लोकतंत्र में यदि संसद ही गतिरोध का प्रतीक बन जाएगी तो जनता का विश्वास कमजोर होगा, जो किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए शुभ संकेत नहीं है। समय की पुकार है कि राजनीति चुनावों की सीमाओं से ऊपर उठकर राष्ट्रनिर्माण की दिशा में आगे बढ़े। पक्ष और विपक्ष दोनों यह स्मरण रखें कि वे किसी दल के नहीं, पहले भारत के प्रतिनिधि हैं। संसद की प्रत्येक घड़ी राष्ट्र की अमूल्य धरोहर है। उसे हठ, अहंकार और राजनीतिक स्वार्थ की भेंट चढ़ाना भविष्य की पीढ़ियों के साथ अन्याय होगा। यदि लोकतंत्र को सशक्त बनाना है, संसद की प्रतिष्ठा पुनर्स्थापित करनी है और भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है, तो केवल एक ही मार्ग है- संवाद, सहमति और राष्ट्रहित। यही भारतीय लोकतंत्र की वास्तविक शक्ति है और यही संसदीय मर्यादा का सर्वोच्च आदर्श। लेखक, पत्रकार, स्तंभकार है)। (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# ऑपरेशन विधि पालक के तहत स्कूली छात्र-छात्राओं को किया जागरूक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसनगंज (कटिहार)।** हसनगंज पुलिस की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन विधि पालक के तहत उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय में छात्र - छात्राओं के बीच कानून संबंधी जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस पदाधिकारियों ने विद्यालय पहुंचकर बच्चों को विभिन्न कानूनी प्रावधानों, उनके अधिकारों और कर्तव्यों की जानकारी दी।जागरूकता कार्यक्रम के दौरान छात्र - छात्राओं को बताया गया कि कानून की जानकारी प्रत्येक नागरिक के लिए आवश्यक है। विशेष रूप से बच्चों को उनके कानूनी अधिकार, सुरक्षा, साइबर अपराध,बाल संरक्षण,बाल विवाह, नशे से होने वाले नुकसान तथा महिला एवं बालिकाओं की सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।पुलिस



अधिकारियों ने बच्चों को समझाया कि किसी भी प्रकार की परेशानी, अपराध या असामाजिक गतिविधि की जानकारी मिलने पर घबराने के बजाय इसकी सूचना अभिभावक, शिक्षक या पुलिस को देनी चाहिए। छात्राओं को अपनी सुरक्षा के प्रति सजग रहने तथा किसी भी संदिग्ध परिस्थिति में तत्काल विश्वसनीय व्यक्ति से संपर्क करने के लिए प्रेरित किया गया।अभियान के दौरान बच्चों को साइबर अपराध और सोशल मीडिया के सुरक्षित इस्तेमाल को लेकर भी जागरूक किया गया। पुलिस ने विद्यार्थियों से अपील की कि वे अनजान लोगों से सोशल मीडिया पर संपर्क करने, संदिग्ध लिंक खोलने अथवा अपनी निजी जानकारी साझा करने से बचें।विद्यालय के शिक्षकों ने पुलिस द्वारा चलाए गए इस जागरूकता अभियान की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से बच्चों में कानून के प्रति समझ विकसित होती है और वे अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति अधिक जागरूक बनते हैं। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के शिक्षक - शिक्षिकाओं सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# 15 अगस्त की तैयारियों को लेकर अधिकारियों ने किया विभिन्न स्थलों का निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर नगर निगम एवं जिला प्रशासन की ओर से तैयारियों को अंतिम रूप देने की कवायद तेज कर दी गई है। इसी क्रम में शनिवार को स्वतंत्रता दिवस समारोह के आयोजन एवं विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए शहर के प्रमुख स्थलों का



निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम राजेंद्र स्टेडियम इसके बाद महेश्वरी अकादमी फील्ड तथा बीएमपी मैदान का जायजा लिया गया। अधिकारियों द्वारा समारोह के आयोजन के लिए स्थल की उपयुक्तता, साफ - सफाई,सुरक्षा व्यवस्था, पेयजल, विद्युत व्यवस्था, बैठने की व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक तैयारियों का बारीकी से निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस समारोह को ध्यान में रखते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को समय पर पूरा

## व्यवस्थाओं को लेकर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

करने तथा आयोजन स्थल पर साफ-सफाई एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इस मौके पर नगर आयुक्त संतोष कुमार, सदर अनुमंडल पदाधिकारी प्रद्युम्न सिंह यादव, अपर समाहर्ता डॉ. बिनोद कुमार, उप विकास आयुक्त अमित कुमार, ओएसडी नैमिस कुमार, एसडीसी मिराज जमील, अभिषेक रंजन, नगर निगम के कनीय अभियंता अजय कुमार सिंह, स्वच्छता पदाधिकारी मो. नुर अली खान सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने कहा कि 15 अगस्त के अवसर पर आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह को व्यवस्थित, भव्य एवं गरिमापूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां समयबद्ध तरीके से पूरी की जा रही हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### सहयोग पोर्टल में प्राप्त आवेदनों की नगर आयुक्त ने की समीक्षा

**कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नगर निगम सभागार में नगर आयुक्त संतोष कुमार की अध्यक्षता में सहयोग पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान सहयोग पोर्टल के माध्यम से प्राप्त विभिन्न आवेदनों की स्थिति की बिंदुवार समीक्षा की गई। नगर आयुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों से आवेदनों के निष्पादन की प्रगति की जानकारी लेते हुए लंबित आवेदनों का समयबद्ध एवं प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सहयोग पोर्टल पर प्राप्त नागरिकों के आवेदनों के निष्पादन में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। सभी संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मचारी आवेदनों की नियमित समीक्षा करते हुए निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्रवाई सुनिश्चित करें, ताकि आम नागरिकों को नगर निगम की सेवाओं का त्वरित लाभ मिल सके। समीक्षा बैठक में नगर निगम जेइ अजय कुमार सिंह, स्वच्छता पदाधिकारी मो. नुर अली खान सहित संबंधित सभी पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



### जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में प्रखंड अध्यक्षों का जत्था भागलपुर रवाना

**कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता पंकज कुमार तमाखुवाला ने जानकारी देते हुए कहा कि बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से भागलपुर में आयोजित दो-दिवसीय प्रखंड अध्यक्षों के प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने के लिए कटिहार जिला कांग्रेस कमेटी के सभी प्रखण्ड अध्यक्ष प्रशिक्षित होने हेतु रवाना हुए । प्रखण्ड अध्यक्षों का यह जत्था कटिहार जिला कांग्रेस अध्यक्ष संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में पूरी एकजुटता और उत्साह के साथ भागलपुर के लिए निकला। रवानगी के दौरान नेताओं काफी उत्साहित थे। कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद और राहुल गांधी-मल्लिकार्जुन खड़गे के समर्थन में जमकर नारेबाजी करते हुए भागलपुर के लिए रवाना हुए। इस प्रशिक्षण शिविर मे शामिल होने के लिए मुख्य रूप से प्रखंड अध्यक्षों मे मो हसनैन बलरामपुर प्रखंड, मो. शाहनवाज बारसोई प्रखंड, इमाम जफर कदवा प्रखंड, बबलू महतो डण्डखोरा प्रखंड, मो आजम आजमनगर प्रखंड, यशवंत कुमार सेठी प्राणपुर प्रखंड, मुकेश कुमार कटिहार प्रखंड, अर्जुन ओरांव हसनगंज प्रखंड, राज आनंद सिंह नगर " अ " , राजेश रंजन मिश्रा नगर " ब " , मो वहाब अमदाबाद प्रखंड, कैलाश कुमार मंडल मनिहारी प्रखंड, मो कमरूल होडा मनसाही प्रखंड, मो सलीम बरारी प्रखंड, नरेश कुमार मंडल समेली प्रखंड, गणेश कुमार यादव कुरसेला प्रखंड, गुड़िया कुमारी कोढ़ा प्रखंड एवं मो. वसीम फलका प्रखंड अध्यक्षों की टोली भागलपुर प्रशिक्षित होने के लिए गई।



### जनता दरबार में भूमि विवाद के आठ मामलों पर कार्रवाई

**मनिहारी /कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मनिहारी अंचल कार्यालय में शनिवार को भूमि विवाद से संबंधित मामलों के निपटारे के लिए जनता दरबार का आयोजन किया गया। अंचलाधिकारी चंदन कुमार एवं राजस्व अधिकारी की मौजूदगी में आयोजित जनता दरबार में कुल आठ मामलों पर कार्रवाई की गई। इनमें चार नए आवेदन प्राप्त हुए, जबकि चार पुराने मामलों की सुनवाई की गई।पुराने मामलों में एक मामले में दोनों पक्ष उपस्थित हुए। दोनों पक्षों की बात सुनने के बाद आपसी सहमति और रजामंदी से मामले का निष्पादन कर दिया गया। वहीं अन्य पुराने मामलों में संबंधित पक्षों की अनुपस्थिति के कारण आगे की कार्रवाई के लिए आवश्यक प्रक्रिया अपनाई गई।अंचलाधिकारी चंदन कुमार ने बताया कि शनिवार को आयोजित जनता दरबार में भूमि विवाद से संबंधित कुल आठ मामलों पर कार्रवाई की गई। शेष बचे हुए सभी आवेदनों पर दोनों पक्षों को नोटिस किया गया है। सीओ ने कहा कि भूमि विवाद के मामलों का आपसी सहमति और नियमानुसार समाधान कराने के लिए प्रत्येक शनिवार को अंचल कार्यालय में जनता दरबार लगाया जाता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि भूमि विवाद से संबंधित किसी भी मामले को लेकर जनता दरबार में आवेदन दें और इस सुविधा का लाभ उठाएं। जनता दरबार के माध्यम से दोनों पक्षों की सुनवाई कर विवादों के समाधान का प्रयास किया जाता है।



### प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना से जुड़ने का मिला सुनहरा अवसर

**कोढा/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** कोढ़ा प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत एक दिवसीय सोलर मेला का भव्य आयोजन किया गया। इस मेले का उद्देश्य आम लोगों को सौर ऊर्जा के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें योजना का लाभ दिलाने के लिए सीधे आवेदन और ऋण सुविधा उपलब्ध कराना था। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और सोलर ऊर्जा से जुड़ी जानकारियां प्राप्त कीं।मेले का शुभारंभ जिला परिषद अध्यक्ष रश्मि सिंह, कोढ़ा नगर पंचायत के मुख्य पार्षद धीरज कुमार सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज सिंह कुशवाहा, भाजपा नेता रमन झा, प्रखंड विकास पदाधिकारी राजकुमार पंडित, विद्युत विभाग के एसडीओ लल्लू प्रसाद एवं कनीय विद्युत अभियंता जेई पंकज ठाकुर के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर विभिन्न सोलर कंपनियों के वेंडर मौजूद रहे, जिन्होंने लोगों को सोलर पैनल की तकनीक, लागत, सब्सिडी एवं इसके लाभ के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

# पत्नी ने प्रेमी को बुला पति की गला दबाकर हत्या की

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही (कटिहार)।** प्रखंड क्षेत्र के मोहनपुर पंचायत के कुर्सेल - मलकाइन घाट मुख्य मार्ग के मलकाईन घाट कोसी नदी में एक व्यक्ति के पानी में उबलाते हुए शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान नवगछिया थाना क्षेत्र के खरीक के रहने वाले उमेश शर्मा (42) के रूप में हुई हैं । मृतक के पिता कमलेश्वरी मिस्त्री ने बताया कि बीते 5 अगस्त को उनके पुत्र का अपहरण नवगछिया से कर लिया गया था। इसके बाद उन्होंने नवगछिया थाना में आवेदन देकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की थी और शुक्रवार को पुत्र की हत्या कर शव को नदी में बहा देने



की सूचना पुलिस द्वारा प्राप्त हुई इसके बाद वह घटनास्थल पर पहुंचकर अपने पुत्र की पहचान करते हुए पुलिस से हत्या आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने हत्या के पीछे मृतक के पत्नी अनीता देवी को आरोपी बनाते हुए पुलिस से मामले की जांच करते हुए आवश्यक कार्रवाई की मांग की । इस संबंध में बताया जाता है कि नवगछिया पुलिस के द्वारा दो लोगों को भी गिरफ्तार किया गया था। जिसके निशानदेही पर मलकाईन घाट पहुंचकर शव को खोजने का प्रयास किया गया और इसी खोजबीन के दौरान उनका शव नदी से बरामद कर लिया गया। फिलहाल पुलिस ने घटनास्थल की फोरेंसिक जांच करते हुए शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। घटना को लेकर क्षेत्र में चचाओं का बाजार गर्म हैं आए दिन क्षेत्र में हो रहे हत्याओं की घटना से लोग सहमे हुए हैं और पुलिस से अपराधियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की मांग की।

# कोढ़ा थाना में नामजद आरोपित गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोढा (कटिहार)।** कोढ़ा थाना क्षेत्र में दर्ज कांड संख्या 266/26 में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। यह मामला दिनांक 06 अगस्त 2026 का है। जिसमें भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 137(2) एवं 96 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान नवाबगंज पंचायत के छोटू कुमार ऋषि (19) के रूप में हुई है। पुलिस द्वारा विधिवत कार्रवाई करते हुए आरोपी को हिरासत में लिया गया है। इस मामले में राहत की बात यह रही कि पुलिस ने अपहृता को भी सकुशल बरामद कर लिया है। बरामदगी के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी



की जा रही है तथा आगे की विधिसम्मत कार्रवाई जारी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार पूरे मामले की गंभीरता को देखते हुए त्वरित छापेमारी अभियान चलाया गया। जिसके परिणामस्वरूप यह सफलता प्राप्त हुई। इस कार्रवाई में कोढ़ा थानाध्यक्ष पंकज आनंद के नेतृत्व में टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके साथ सहयोगी के रूप में अपर थाना अध्यक्ष कुणाल कुमार, एसआई गोपाल कुमार एवं अन्य पुलिस कर्मियों की सक्रिय भागीदारी रही।

# स्कॉटिश पब्लिक स्कूल में इंटर-हाउस वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अररिया ।** स्कॉटिश पब्लिक स्कूल, राजोखर, अररिया में विद्यार्थियों के बीच खेल भावना, अनुशासन, टीमवर्क एवं नेतृत्व क्षमता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इंटर-हाउस वॉलीबॉल टूर्नामेंट का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के निदेशक श्री अनूप कुमार के कर-कमलों द्वारा किया गया। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया और कहा कि खेल विद्यार्थियों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के साथ-साथ उनमें अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना का विकास करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।



प्रतियोगिता में विद्यालय के विभिन्न हाउस के खिलाड़ियों ने पूरे उत्साह और जोश के साथ भाग लिया। रोमांचक मुकाबलों में खिलाड़ियों ने शानदार खेल कौशल, उत्कृष्ट टीमवर्क एवं जीत के लिए संघर्ष की भावना का प्रदर्शन किया। फाइनल मुकाबले में साकेत हाउस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया, जबकि तक्षशिला हाउस ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उपविजेता का स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर विद्यालय के असिस्टेंट डायरेक्टर श्री कुमार आर्यन ने विजेता साकेत हाउस की टीम को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि जीत और हार से अधिक महत्वपूर्ण खेल भावना, अनुशासन और निरंतर प्रयास है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय प्रबंधन ने विजेता एवं उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास, टीम भावना तथा स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करने का प्रभावी माध्यम हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के खेल विभाग, शिक्षकों एवं कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों के उत्साह और शानदार प्रदर्शन ने पूरे आयोजन को यादगार बना दिया।

# बहियार से लापता टोटो चालक का शव बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**फलका (कटिहार)।** थाना क्षेत्र के सोहथा उत्तरी पंचायत के गोपालपट्टी गांव निवासी प्रीतम कुमार उर्फ गोलू (18) का शव बभनी गांव के सोनबरसा बहियार स्थित धान के खेत से बरामद हुआ। शव पानी के बीच खेत में पड़ा था। परिजनों ने युवक की हत्या कर शव को खेत में फेंके जाने की आशंका जताई है। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार प्रीतम सुबह करीब 8:30 बजे ई-रिक्शा लेकर घर से निकला था देर शाम तक वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू



की। शुक्रवार को बभनी-मांगनपट्टी ग्रामीण सड़क पर उसका ई-रिक्शा लावारिस हालत में मिला। लेकिन प्रीतम का कोई पता नहीं चला। इसके बाद परिजनों ने फलका थाना में आवेदन देकर उसकी तलाशी की मांग की। सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष प्रहलाद कुमार यादव पुलिस बल के साथ खोजबीन में जुटे। तलाशी के दौरान बभनी के सोनबरसा बहियार स्थित धान के खेत में प्रीतम का शव मिला। सूचना पर कोढ़ा सर्किल इंस्पेक्टर साजिद आलम और फोरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची। टीम ने घटनास्थल से आवश्यक साक्ष्य जुटाए। इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल कटिहार भेज दिया गया। मृतक की मां नीलम देवी ने अज्ञात लोगों पर मारपीट करने, गला दबाकर हत्या करने और शव को छिपाने के उद्देश्य से खेत में फेंकने का आरोप लगाया है। थानाध्यक्ष प्रहलाद कुमार यादव ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।परिजनों के आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की सभी बिंदुओं से जांच की जाएगी। पोस्टमार्टम और फोरेंसिक रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# छापेमारी कर 36 लीटर देसी शराब पुलिस ने किया बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोढा (कटिहार)।** कोढ़ा थाना क्षेत्र में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए अवैध देशी चुलाई शराब बरामद की है। यह कार्रवाई थाना क्षेत्र के बिशह रिया गांव, वार्ड संख्या 07 में की गई। जहां पुलिस दल ने राधा देवी पति स्वर्गीय लालसी शर्मा के आवास पर छापेमारी की। जानकारी के अनुसार कोढ़ा पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि उक्त स्थान पर अवैध रूप से देसी शराब का निर्माण एवं भंडारण किया जा रहा है। सूचना की सत्यता की पुष्टि के बाद पुलिस टीम ने छापेमारी की। छापेमारी के दौरान मौके से कुल 36 लीटर देसी चुलाई शराब बरामद की गई, जिसे विधिवत जब्त कर लिया गया। इस संबंध में कोढ़ा थाना में कांड संख्या 265/26 बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम, 2016 की धारा 30(ए) के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस द्वारा आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि अवैध शराब के खिलाफ यह अभियान लगातार जारी रहेगा और ऐसे धंधे में लिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# ट्रेन से कट कर युवक की मौत, शव को रेल पुलिस ने लिया कब्जे में

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही (कटिहार)।** कटिहार - मनिहारी रेल खंड के मनसाही रेलवे स्टेशन के रेल पटरी पर शनिवार की सुबह एक व्यक्ति के शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना के बाद रेल पुलिस शव को बरामद करते हुए पोस्टमार्टम हेतु कटिहार सदर अस्पताल भेज दिया है। मृतक पहचान झारखंड साहेबगंज के रहने वाले राम बच्चन ठाकुर (46) के रूप में हुई। है। आशंका व्यक्त की जा रही कि शनिवार की सुबह 06:45 बजे कटिहार से मनिहारी जाने वाली पैसेंजर ट्रेन से गिर कर कटने से उसकी मौत हो गयी है। मृतक व्यक्ति का शव रेलवे पटरी पर दो टुकड़ों में बटी हुई थी। घटना की सूचना स्थानीय लोगों द्वारा रेल पुलिस को दी गई रेलवे पुलिस मनसाही स्टेशन पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। घटना के बाद मनसाही स्टेशन पर



शव को देखने के लिये लोगों की भीड़ लग गयी। रेलवे पुलिस द्वारा बताया जा रहा है कि चलते ट्रेन के दौरान ही उक्त व्यक्ति गिर गया होगा जिससे ट्रेन से कटकर उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को दे दी गई है पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

# संत शिरोमणि गुरु रविदास की कलश रथ यात्रा पहुंची कटिहार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार ।** संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित सामाजिक समरसता संकल्प अभियान के निमित्त उनकी जन्मभूमि काशी से आए पवित्र कलश के कटिहार में रथ के साथ आगमन पर जिला भाजपा की ओर से यात्रा का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस कार्यक्रम के जिला स्तरीय टोली के संयोजक सह जिला महामंत्री सौरभ कुमार मालाकार ने कहा कि पटना से पवित्र कलश को रथ के साथ लेकर जिला में आगमन के क्रम में कटिहार के कुसेर्ला, समेली, गेड़ाबाड़ी, कोलासी एवं विभिन्न स्थानों पर कलश यात्रा का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। जिला महामंत्री ने बताया कि श्रद्धा, आस्था और सामाजिक समरसता से ओत-प्रोत इस यात्रा में बड़ी संख्या में कार्यकताओं एवं

## भाजपा नेता और कार्यकताओं ने किया अभिनंदन



श्रद्धालुओं का उत्साह अविस्मरणीय रहा। जिला महामंत्री ने कहा कि कटिहार आगमन पर पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद, प्राणपुर विधायक सह महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष निशा सिंह,कोढ़ा विधायक कविता पासवान की उपस्थिति में सैकड़ों कार्यकताओं ने पवित्र कलश का स्वागत किया। वहीं कटिहार जिला व नगर की पूरी टीम एवं कार्यकताओं ने आत्मीय अभिनंदन किया। भाजपा जिलामंत्री रामनाथ पांडे के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकताओं ने कलश यात्रा का स्वागत किया। यात्रा के समापन पर शहर के हरिशंकर नायक स्कूल स्थित सर्वमंगला दुर्गा मंदिर में स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की प्रतिमा के समीप किया गया। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष लक्खी महतो, जिला उपाध्यक्ष शोभा जयसवाल, जिला मंत्री गौरव पासवान, पूर्व जिला महामंत्री वीरेंद्र यादव, महेंद्र झा, टोली के सदस्य महिला मोर्चा अध्यक्ष प्रियंका सिंह, राजेंद्र रजक, बुलबुल सिंह, रंजना झा, बब्बन झा, नगर अध्यक्ष बबलू पासवान, सोनू सिन्हा, पूजा शर्मा सहित जिला के पदाधिकारी, भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता शामिल रहे।

# लक्ष्य प्राप्ति के लिए सही दिशा, नियमित मेहनत और अनुशासन जरूरी : बीडीओ

## मतदाता बनने से लेकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी तक, बीडीओ ने विद्यार्थियों को दिए टिप्स



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बरही।** प्लस टू उच्च विद्यालय, बरही में विद्यार्थियों के साथ संवाद करते हुए बीडीओ जयपाल महतो ने उन्हें मतदाता अधिकार, एसआईआर प्रक्रिया और करियर निर्माण से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को जागरूक नागरिक बनने के साथ अपने भविष्य के लिए अभी से लक्ष्य तय करने के लिए प्रेरित किया।

बीडीओ ने बताया कि 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवा मतदाता बनने के पात्र हैं। उन्होंने मतदाता पहचान पत्र की आवश्यकता, उपयोगिता और मतदान के अधिकार की जानकारी दी। पात्र विद्यार्थियों से फॉर्म-6 भरकर मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने की बात कही। उन्होंने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया के तहत 4 सितंबर तक नए मतदाताओं के नाम जोड़ने की प्रक्रिया चल रही है। इसके लिए उन्होंने फॉर्म-6 भरने की प्रक्रिया और आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी दी। साथ ही विद्यार्थियों से अपने परिवार और आसपास के पात्र लोगों को भी जागरूक करने की बात दोहराई। इस दौरान विद्यार्थियों के करियर और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर भी चर्चा हुई। बीडीओ ने कहा कि 11वीं और 12वीं की पढ़ाई केवल बोर्ड परीक्षा के लिए नहीं, बल्कि भविष्य की प्रतियोगी परीक्षाओं की मजबूत नींव के लिए भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के कई टिप्स बताए। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन, समय-सारणी के अनुसार पढ़ाई, विषयों की बुनियादी समझ मजबूत करने, सामान्य ज्ञान और समसामयिक घटनाओं पर ध्यान देने तथा पुराने प्रश्नपत्रों का अभ्यास करने की सलाह दी। नियमित रिवीजन और अपनी तैयारी का समय-समय पर आकलन करने पर भी जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों पर सवाल पूछे। बीडीओ ने उनकी जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए कहा कि सही दिशा, नियमित मेहनत और अनुशासन से विद्यार्थी अपने लक्ष्य को हासिल कर सकते हैं।

## उपायुक्त ने नवोदय विद्यालय का लिया जायजा

**गिरिडीह (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** उपायुक्त रामनिवास यादव ने शनिवार को गांडेय स्थित नवोदय विद्यालय का निरीक्षण कर शैक्षणिक आवासीय और मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने कक्षाओं में पहुंचकर विद्यार्थियों से पढ़ाई पाठ्यक्रम की प्रगति और परीक्षा की तैयारियों की जानकारी ली। उपायुक्त ने छात्रावास के कमरों पेयजल शौचालय बिजली और साफ सफाई की व्यवस्था भी देखी। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन को बच्चों के लिए स्वच्छ सुरक्षित और सुविधाजनक वातावरण बनाए रखने के निर्देश दिए। किचेन शेड का निरीक्षण करते हुए उन्होंने भोजन की गुणवत्ता और स्वच्छता की जानकारी ली तथा विद्यार्थियों को पौष्टिक और गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने पर जोर दिया साथ ही उपस्थिति पंजी सामग्री पंजी समेत अन्य अभिलेखों की भी जांच की उपायुक्त ने कहा कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ बेहतर आवास पौष्टिक भोजन और स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराना प्राथमिकता है।

# सावन महोत्सव में झूमीं साहू समाज की महिलाएं

## भजन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** गिरिडीह साहू समाज महिला प्रकोष्ठ की ओर से सावन महोत्सव का भव्य आयोजन महिला अध्यक्ष सुचिता देवी की अध्यक्षता में किया गया कार्यक्रम में समाज की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और भजन कविता सहित विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सावन महोत्सव को यादगार बना दिया इस अवसर पर महिला अध्यक्ष सुचिता देवी ने कहा कि सावन का पवित्र महीना भगवान शिव को समर्पित है। इस दौरान श्रद्धालु पूरी आस्था और भक्ति के साथ भगवान भोलेनाथ की आराधना करते हैं। उन्होंने कहा कि सावन के आगमन के साथ प्रकृति हरियाली की चादर ओढ़ लेती है जिससे वातावरण आध्यात्मिक होने के साथ साथ मनमोहक भी हो जाता है। कार्यक्रम का संचालन माधुरी गुप्ता ने किया महिलाओं ने सावन गीत भजन कविता और अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम में उत्साह भर दिया आयोजन के दौरान समाज की एकता संस्कृति और पारिवारिक मूल्यों को मजबूत करने पर भी जोर दिया गया। मौके पर उपाध्यक्ष प्रमिला कुमारी, सचिव डूबी शाह, युवा अध्यक्ष सोनी साहू, सुष्मिता शाह, आरती गुप्ता, आरती कुमारी, गीता देवी, कमला देवी, मधु देवी, नीतू साहू, पूनम देवी, मीरा देवी, प्रमिला देवी, सावित्री देवी, प्रीति देवी सहित महिला मंडल की अनेक सदस्याएं एवं बच्चे मौजूद रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में महिला प्रकोष्ठ की सभी सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। जिलाध्यक्ष ने सभी से एक दूसरे को सावन महोत्सव की शुभकामनाएं दीं और समाज में आपसी एकता सामाजिक समरसता एवं सांस्कृतिक परंपराओं को मजबूत करने का संकल्प लिया।

# स्तन विकास में कमी के कई कारण हो सकते हैं : डॉ. साजन दूबे

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** महिलाओं में स्तन का विकास कम होना या अपेक्षाकृत छोटा रहना कई कारणों से जुड़ा हो सकता है। इस विषय पर साजन क्लिनिक, बंगाली अखाड़ा मोड़, बारी पथ, पटना के निदेशक डॉ. साजन दूबे ने जानकारी साझा की। डॉ. दूबे के अनुसार स्तन विकास में कमी के पीछे हार्मोनल बदलाव, आनुवंशिक कारण, पोषण संबंधी समस्याएं और शरीर के विकास से जुड़े अन्य कारक हो सकते हैं। किशोरावस्था में होने वाले सामान्य शारीरिक विकास में भी व्यक्ति-व्यक्ति के बीच काफी अंतर पाया जाता है। कुछ विशेष चिकित्सकीय स्थितियां भी स्तन के विकास को प्रभावित कर सकती हैं। उन्होंने कहा कि किशोरावस्था में शारीरिक विकास को लेकर चिंता होने पर स्वयं किसी दवा या घरेलू नुस्खे का प्रयोग करने के बजाय योग्य चिकित्सक से सलाह लेना उचित है। विशेष रूप से यदि विकास को लेकर कोई असामान्यता, अन्य शारीरिक लक्षण या लगातार चिंता हो तो चिकित्सकीय जांच कराकर वास्तविक कारण का पता लगाया जाना चाहिए।

# हर घर तिरंगा कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी ने की समीक्षा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**समस्तीपुर।** आगामी स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिले में आयोजित होने वाले हर घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल, व्यापक एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी, समस्तीपुर रोशन कुशवाहा की अध्यक्षता में शनिवार को समाहरणालय सभागार में समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्य सचिव, बिहार द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में 09 अगस्त से 17 अगस्त तक जिले में हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। इस दौरान जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से आमजनों को कार्यक्रम से जोड़ते हुए राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान एवं राष्ट्रभक्ति की भावना को और मजबूत किया जाएगा। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित जिला स्तरीय पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि हर घर तिरंगा कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विभागीय स्तर पर सभी आवश्यक तैयारियां ससमय पूर्ण कर लें। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई है तथा सभी संबंधित विभाग निर्धारित कार्ययोजना के अनुरूप अपने दायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित करेंगे।उन्होंने निर्देश दिया कि हर घर तिरंगा अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। जिले के सभी प्रखंडों, पंचायतों एवं शहरी क्षेत्रों में स्थानीय स्तर पर लोगों को अभियान के उद्देश्यों से अवगत कराते हुए अधिक से अधिक नागरिकों को इसमें सहभागी बनाया जाए। जिलाधिकारी ने विशेष रूप से विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के विद्यार्थियों, युवाओं, स्वयंसेवी संगठनों, जीविका दीदियों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों एवं आम नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि विभिन्न जागरूकता गतिविधियों, तिरंगा यात्रा, प्रभात फ़ेरी, देशभक्ति आधारित कार्यक्रमों एवं अन्य जनभागीदारी गतिविधियों के माध्यम से अभियान को व्यापक स्वरूप प्रदान किया जाए।उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान, गौरव एवं अपनत्व की भावना को सुदृढ़ करना है। तिरंगा देश की एकता, अखंडता, स्वतंत्रता एवं गौरव का प्रतीक है। इसलिए अभियान के दौरान राष्ट्रीय ध्वज की गरिमा एवं सम्मान का विशेष ध्यान रखा जाना आवश्यक है। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि कार्यक्रम के दौरान भारतीय ध्वज संहिता एवं राष्ट्रीय ध्वज से संबंधित निर्धारित नियमों एवं दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों को भी राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान एवं उसके उचित उपयोग के संबंध में आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई जाए।बैठक में कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर भी विस्तृत चर्चा की गई।

# मुंगेर विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह 11 को

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**मुंगेर।** मुंगेर विश्वविद्यालय के आगामी दीक्षांत समारोह की तैयारियों को अंतिम रूप देने के उद्देश्य से आज विश्वविद्यालय के सिंडिकेट हॉल में अपराह्न 4 बजे कुलपति प्रो. डॉ. संजय कुमार की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। दीक्षांत समारोह का आयोजन 11 अगस्त को किया जाना है। बैठक में दीक्षांत समारोह की अंतिम तैयारियों के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। इसमें विद्यार्थियों को दीक्षांत किट का वितरण, आई-कार्ड वितरण, मंच की साज-सज्जा एवं व्यवस्था, मंच प्रबंधन, विद्यार्थियों एवं अतिथियों के भोजन की व्यवस्था, अतिथियों के आवासन, बैठने की व्यवस्था तथा समारोह के दौरान एनसीसी कैडेट्स एवं एनएसएस स्वयंसेवकों की भूमिका एवं दायित्व सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं की समीक्षा की गई। कुलपति प्रो. डॉ. संजय कुमार ने सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं अधिकारियों को निर्देश दिया कि दीक्षांत समारोह से संबंधित सभी व्यवस्थाओं को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करते हुए यह सुनिश्चित किया जाए कि समारोह गरिमापूर्ण, सुव्यवस्थित एवं अनुशासित रूप से संपन्न हो। उन्होंने विद्यार्थियों एवं आमंत्रित अतिथियों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर विशेष बल दिया। बैठक समाप्त होने के पश्चात कुलपति के नेतृत्व में सीसीडीसी डॉ. दिवाकर कुमार, कुलसचिव डॉ. घनश्याम राय, छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. महेश्वर मिश्रा, उपकुलसचिव डॉ. अंशु कुमार राय, नोडल पदाधिकारी डॉ. सूरज कोनार, आर.डी. एंड डी.जे. कॉलेज के प्राचार्य प्रो. डॉ. बिजेंद्र कुमार सहित अन्य पदाधिकारियों एवं अधिकारियों ने दीक्षांत समारोह स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान मंच, विद्यार्थियों एवं अतिथियों के बैठने की व्यवस्था, प्रवेश एवं निकास, मंच प्रबंधन तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का स्थल पर जाकर जायजा लिया गया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग द्वारा आज लगभग 400 विद्यार्थियों के बीच दीक्षांत किट का वितरण किया गया। किट में अंगवस्त्र एवं मालवीय पगड़ी के साथ-साथ विद्यार्थियों के आई-कार्ड भी वितरित किए गए। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा शेष व्यवस्थाओं को भी शीघ्र पूरा किया जा रहा है, ताकि 11 अगस्त को आयोजित होने वाला दीक्षांत समारोह सफलतापूर्वक एवं गरिमापूर्ण वातावरण में संपन्न हो सके। मुंगेर विश्वविद्यालय प्रशासन ने दीक्षांत समारोह में उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के साथ-साथ समारोह की भव्यता एवं गरिमा बनाए रखने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की हैं।

# सिलेंडर ब्लास्ट होने से महिला की मौत

**समस्तीपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मोहिउद्दीननगर थाना क्षेत्र के बिशनपुर बेरी पंचायत के बड़की बेड़ी गांव में शुक्रवार की रात खाना बनाने के दौरान गैस सिलेंडर फटने से एक महिला की मौत हो गई, जबकि उसकी सात वर्षीय पुत्री गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद गांव में अफरातफरी मच गई। मृतका की पहचान बड़की बेड़ी गांव के वार्ड संख्या-8 निवासी अनवर मियां की पत्नी समीना खातून के रूप में हुई है। वहीं, घायल बच्ची की पहचान सात वर्षीय सुनैनी के रूप में हुई है। परिजनों ने उसे मोहिउद्दीननगर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां उसका इलाज चल रहा है।बताया गया कि शुक्रवार की बीती रात करीब नौ बजे समीना खातून घर में खाना बना रही थीं। इसी दौरान गैस सिलेंडर में अचानक विस्फोट हो गया। हादसे में समीना खातून गंभीर रूप से झुलस गईं।

# पूजा से लौट रही महिलाओं पर लाठी-डंडों से हमला

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**समस्तीपुर।** वारिसनगर थाना क्षेत्र के सतमलपुर गांव में शुक्रवार की शाम शादी समारोह के दौरान देवता पूजन कर लौट रही महिलाओं, युवतियों और बच्चों पर लाठी-डंडों से हमला किए जाने का मामला सामने आया है। घटना में आधा दर्जन से अधिक महिलाएं समेत कई लोग घायल हुए हैं। वहीं दो युवतियों की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। दोनों को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल समस्तीपुर रेफर किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार सतमलपुर मोइन निवासी राम कुमार राम की पुत्री का विवाह समारोह था। विवाह की पारंपरिक रस्म के तहत परिवार के सदस्य, रिश्तेदार, मोहल्ले की महिलाएं और बच्चे काली ब्रह्म पूजा के लिए घर से निकले थे। सभी ने पहले ब्रह्म स्थान पर पूजा-अर्चना की। इसके बाद डीजे साउंड के साथ सतमलपुर ढाब स्थित काली स्थान पहुंचकर विधिवत पूजा की। बताया जाता है कि पूजा संपन्न होने के बाद सभी लोग आजाद चौक स्थित शिव मंदिर की ओर लौट रहे थे। इसी दौरान शेखटोली के समीप पहले से मौजूद दर्जनों युवकों ने महिलाओं को रोक लिया। आरोप है कि युवकों ने बाजा बंद करने और बांध की ओर से वापस जाने का दबाव बनाया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पूजा में शामिल लोगों ने कहा कि सड़क सार्वजनिक है और वे इसी रास्ते से जाएंगे। इसी बात को लेकर विवाद बढ़ गया। इसके बाद आरोपित युवकों ने महिलाओं, युवतियों और बच्चों पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। अचानक हुए हमले से मौके पर अफरा-तफरी मच गयी। लोग जान बचाकर इधर-उधर भागने लगे। घटना में आधा दर्जन से अधिक महिलाएं और अन्य लोग घायल हुए। दो युवतियों को गंभीर चोटें आयीं। घायलों में वार्ड संख्या 12 निवासी रंजीत राम की पुत्री अंकिता कुमारी 15 वर्ष और दिनेशी राम की पुत्री क्रांति कुमारी 16 वर्ष शामिल हैं। दोनों को पहले एक निजी क्लीनिक ले जाया गया। वहां चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल समस्तीपुर रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। कुछ देर बाद थानाध्यक्ष सर्वेश कुमार झा पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू की। पीड़ित पक्ष की ओर से शुक्रवार की रात थाने में आवेदन देकर आरोपितों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की गयी है। इस संबंध में थानाध्यक्ष सर्वेश कुमार झा ने बताया कि मामले को दर्ज कर लिया गया है। जांच के बाद दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

# मुजफ्फरपुर आरडीएस कॉलेज में चला पौधारोपण अभियान



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मुजफ्फरपुर।** रामदयालु सिंह महाविद्यालय एवं ग्रुप केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल मुजफ्फरपुर के संयुक्त तत्वावधान में कॉलेज परिसर में व्यापक वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। मुख्य अतिथि सीआरपीएफ कमांडेंट अजय कुमार रजनीकर ने कहा कि 'एक पेड़ माँ के नाम' और वृक्षारोपण अभियान के तहत आरडीएस कॉलेज परिसर में व्यापक वृक्षारोपण अभियान चलाया गया है। दर्जनों वृक्ष लगाए गए। इस दौरान अधिकारियों और जवानों ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा करना हम सब की साझा जिम्मेदारी है। पौधों को केवल लगाना ही नहीं बल्कि उनके बड़े होने तक उनकी पूरी देखभाल करना भी हमारी जिम्मेवारी है। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ शशि भूषण कुमार ने कहा कि किसी संस्थान के परिसर में वृक्षारोपण का विशेष महत्व होता है। यह न केवल संस्थान के वातावरण को स्वच्छ और सुंदर बनाता है, बल्कि वहां आने जाने वाले लोगों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर भी सकारात्मक प्रभाव डालता है। वृक्षारोपण अभियान छात्र, कर्मचारी और शिक्षकों को प्रकृति के करीब लाने और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी का एहसास कराने का यह सबसे अच्छा तरीका है। हरियाली से संस्थान का परिसर आकर्षक और जीवंत बनता है। वृक्षारोपण अभियान में डिप्टी कमांडेंट मनोरंजन, डिप्टी कमांडेंट विकास कुमार, डिप्टी कमांडेंट अभय कुमार, कॉलेज बर्सर डॉ राजीव कुमार, डॉ सौरभ राज, डॉ आलोक त्रिपाठी, डॉ जयदीप घोष, डॉ ललित किशोर, डॉ रवि शंकर कुमार, दिगंबर कुमार, मनीष कुमार, रौशन कुमार, अमलेंदु कुमार, चंदन कुमार समेत छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

# बीएसयूएससी अनुशंसित सहायक प्रोफेसरों का दस्तावेज सत्यापन व ओरिएंटेशन सम्पन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**दरभंगा।** ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय (एलएनएमयू) परिसर स्थित जुबली हॉल में शनिवार को बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग (बीएसयूएससी), पटना द्वारा अनुशंसित सहायक प्रोफ़ेसर (संविदा आधार) पदों के अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का सत्यापन कार्य सम्पन्न हुआ। इसी क्रम में काउंसलिंग-कम-ओरिएंटेशन कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जिसमें अभ्यर्थियों को उनके भावी दायित्वों एवं कार्यप्रणाली की जानकारी दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी कुलसचिव सह डीएसडब्ल्यू प्रो. अशोक कुमार मेहता ने की। मंच पर आईक्यूएसी निदेशक डॉ. ज़िया हैदर, डीआर-2 डॉ. कुमार मनीष, पेंशन पदाधिकारी डॉ. अताउर रहमान एवं प्रेस प्रभारी डॉ. दिवेश कुमार शर्मा उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रियंका राय ने किया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. संजय कुमार चौधरी ने सत्यापन प्रक्रिया का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया। उनके शुभकामना संदेश को प्रो. मेहता ने पढ़कर सुनाया, जिसमें उन्होंने इसे गुणवत्तापूर्ण शिक्षकों की नियुक्ति की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए पारदर्शिता एवं निष्पक्षता पर बल दिया। प्रो. मेहता ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी एवं अभ्यर्थी-हितैषी ढंग से सम्पन्न कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने नवनियुक्त शिक्षकों को हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। डॉ. ज़िया हैदर ने विश्वविद्यालय की गौरवशाली परंपरा का उल्लेख किया, वहीं डॉ. कुमार मनीष ने इसे नवसृजित डिग्री कॉलेजों में शैक्षणिक सुदृढ़ता की दिशा में अहम पहल बताया। सत्यापन के लिए कुल 356 अभ्यर्थी निर्धारित थे, जिनमें से 323 उपस्थित हुए, जबकि 33 अनुपस्थित रहे। अंत में अभ्यर्थी प्रियांशु कुमार ने विश्वविद्यालय प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित वातावरण में सम्पन्न हुआ।

# उप विकास आयुक्त ने उजियारपुर प्रखंड कार्यालय का किया निरीक्षण

**समस्तीपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** उप-विकास आयुक्त सह मुख्य-कार्यपालक पदाधिकारी, सूर्य प्रताप सिंह, ने शनिवार को प्रखंड कार्यालय उजियारपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उप-विकास आयुक्त सूर्य प्रताप सिंह द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अन्य उपस्थित प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों से प्रखंड उजियारपुर के इतिहास, भौगोलिक परिदृश्य के साथ-साथ विकास कार्यों के अवसरों एवं चुनौतियों के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की गई। उप-विकास आयुक्त, समस्तीपुर द्वारा प्रखंड कार्यालय में संचिकाओं, अभिलेखों, पंजियों एवं अन्य कागजातों के नियमानुकूल संधारण की स्थिति की समीक्षा की गई एवं त्रुटियों के सुधार हेतु आवश्यक निदेश दिए गए। इसी क्रम में वर्तमान में प्रखंड कार्यालय परिसर में संचालित कार्यालयों एवं मनरेगा भवन का निरिक्षण किया गया तथा प्रखंड सह अंचल कार्यालय के निर्माणाधीन भवन की प्रगति का भी अवलोकन किया गया।उप-विकास आयुक्त, समस्तीपुर द्वारा प्रखंड कार्यालय स्तर पर लंबित सभी मामलों को अविलम्ब निष्पादित करने का निदेश प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अन्य सभी उपस्थित कर्मियों/पदाधिकारियों को दिया गया। साथ हीं जन संवाद, सहयोग शिविर, एवं सरकार की अन्य महत्वाकांक्षी योजनाओं को उत्साह के साथ साकार करने का निदेश दिया गया।उक्त निरिक्षण के क्रम में उप-विकास आयुक्त सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी महोदय द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारियों एवं अन्य पदाधिकारियों/कर्मियों को पूर्ण जवाबदेही एवं दक्षता के साथ सरकार की सभी योजनाओं के ससमय कार्यान्वयन के साथ-साथ अभिलेखों/संचिकाओं/पंजिओं के नियमानुकूल संधारण का निदेश दिया गया।

# पुलिस की नजर पड़ते ही कार छोड़कर फरार हुआ चालक, तलाशी में मिली शराब की खेप



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**समस्तीपुर।** नगर थाना क्षेत्र में शराब तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान पुलिस ने शुक्रवार की शाम बड़ी कार्रवाई की। मोक्षधाम के समीप बाइपास सड़क पर जांच के दौरान पुलिस को देखकर एक कार चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने कार की तलाशी ली तो उसके अंदर शराब और बीयर की कई कार्टन बरामद हुईं। जानकारी के अनुसार, मोक्षधाम के पास बाइपास सड़क पर 112 पुलिस टीम वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान पुलिस टीम को देखकर एक कार चालक अचानक वाहन लेकर भागने लगा। संदेह होने पर पुलिसकर्मियों ने उसका पीछा किया। कुछ दूरी आगे चालक कार को सड़क किनारे छोड़कर फरार हो गया। पुलिस जब कार के पास पहुंची तो वाहन लॉक था। कार का लॉक खुलवाने के लिए मिस्त्री को बुलाया गया। कार खुलने के बाद पुलिस ने अंदर की तलाशी ली तो शराब और बीयर की कई कार्टन मिलीं। कार की डिक्की भी शराब की कार्टन से भरी हुई थी। पुलिस ने शराब के साथ कार को जब्त कर नगर थाना ले आई। जब्त कार का निबंधन नंबर बीआर-07-एजे-0403 बताया गया है। पुलिस फिलहाल बरामद शराब की गिनती और उसकी कुल मात्रा का सत्यापन कर रही है। नगर थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि मामले में मद्यनिषेध अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### रांची में छात्रों का हुआ महाजुटान

# 10 अगस्त को विस घेरेंगे छात्र

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में जेपीएससी और जेएसएससी परीक्षाओं में कथित धांधली को लेकर छात्रों का आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। रांची का जयपाल सिंह स्टेडियम शनिवार को सुबह से लेकर शाम तक छात्रों के भारी हुजूम का गवाह बना रहा।

सरकार के साथ कई दौर की वार्ता विफल होने और कोई ठोस आश्वासन नहीं मिलने के बाद अब आंदोलनकारी छात्रों ने आर पार की लड़ाई का मन बना लिया है। जयपाल सिंह स्टेडियम में जुटे छात्रों ने घोषणा की है कि वे आगामी 10 अगस्त को झारखंड विधानसभा का ऐतिहासिक घेराव करेंगे।

इस महापड़ाव को सफल बनाने के लिए धरना स्थल से झारखंड के अलग अलग जिलों और दूसरे राज्यों में रहकर पढ़ाई कर रहे राज्य



के युवाओं से बड़ी संख्या में रांची पहुंचने की अपील की गई है।

एक तरफ जहां जयपाल सिंह स्टेडियम में शांतिपूर्ण धरने की रणनीति बन रही थी, वहीं दूसरी तरफ मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने निकले अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के समर्थकों और पुलिस के बीच तीखी झड़प हो गई।

सीएम आवास की सुरक्षा को भेदने का प्रयास कर रहे एबीवीपी कार्यकर्ताओं को रोकने के लिए पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। पुलिस का दावा है कि इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने पुलिसकर्मियों के साथ हाथापाई और धक्का मुक्की की।

माहौल बिगड़ता देख पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एबीवीपी के कई प्रमुख समर्थकों और नेताओं को हिरासत में ले लिया है। 13 समर्थकों को हिरासत में लेकर बाद में छोड़ दिया गया। मुख्यमंत्री आवास और उसके आसपास के संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था बेहद कड़ी कर दी गई है।

आंदोलन को और मजबूती देने के लिए जयपाल सिंह स्टेडियम में आल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आईसा) की ओर से एक नया टेंट लगा दिया गया है। टेंट में मौजूद आईसा के समर्थकों ने साफ किया कि इस लड़ाई में छात्रों को अलग-अलग गुटों में बांटने का उनका कोई इरादा नहीं है, बल्कि वे जेपीएससी-जेएसएससी के पीड़ित छात्रों की आवाज को बुलंद करने के लिए एकजुट होकर इस मंच पर शामिल हो रहे हैं।

# पार्षदों की नाराजगी दूर करने में जुटा नगर निगम

### 141.82 करोड़ के विकास प्रस्ताव को मंजूरी के लिए भेजने का निर्णय

### बोर्ड बैठक में बनी सहमति

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** धनबाद नगर निगम ने नाराज पार्षदों को मनाने के लिए बड़ा कदम उठाया है। शनिवार को हुई बोर्ड बैठक में 141.82 करोड़ रुपये के विकास प्रस्तावों को राज्य सरकार से मंजूरी के लिए भेजने का निर्णय लिया गया।

बैठक में निगम के पदाधिकारियों ने पार्षदों की शिकायतें और मांगें सुनीं। लंबे समय से पार्षद अपने-अपने वार्डों में विकास कार्य नहीं होने से नाराज चल रहे थे। उनकी नाराजगी को देखते हुए निगम प्रशासन ने सभी वार्डों को ध्यान में रखते हुए यह बड़ा विकास पैकेज तैयार किया है। प्रस्ताव में सड़क, नाली, पेयजल,



स्ट्रीट लाइट और सामुदायिक भवनों से जुड़े कार्य शामिल हैं। निगम अधिकारियों का कहना है कि मंजूरी मिलते ही इन कार्यों को चरणबद्ध तरीके से शुरू किया जाएगा।

बोर्ड की बैठक में महापौर और उप महापौर के साथ सभी दलों के पार्षद मौजूद थे। बैठक के बाद पार्षदों ने कहा कि निगम ने उनकी बातें सुनी हैं और उम्मीद है कि अब वार्डों में तेजी से विकास कार्य होंगे। निगम आयुक्त ने बताया कि 141.82 करोड़ का प्रस्ताव जल्द ही राज्य सरकार को भेजा जाएगा।

# आठ घंटों में दो ट्रेनों के इंजन फेल होने से यात्रियों में खलबली

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**देवघर।** पूर्व रेलवे के आसनसोल रेल मंडल के तहत पटना-हावड़ा मेन लाइन के अप रेल मार्ग पर पिछले आठ घंटे रेल यात्रियों के लिए परेशानी भरे रहे। श्रावणी मेला में कांवरियों को सुविधा देने का रेलवे प्रशासन का दावा खोखला साबित हुआ। अप रेल मार्ग पर पिछले आठ घंटे के अंदर दो ट्रेनों के इंजन में अचानक आई खराबी ने रेलवे प्रशासन की व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी। शुक्रवार शाम सियालदह से बलिया जा रही एक्सप्रेस ट्रेन के इंजन में अचानक तकनीकी खराबी आ गई। इसके कारण ट्रेन मधुपुर स्टेशन पर करीब एक घंटे तक खड़ी रही। इससे ट्रेन में सवार यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।शनिवार अहले सुबह करीब चार बजे मधुपुर-जोड़ामो स्टेशन के बीच मालगाड़ी के इंजन में खराबी आ गई। बताया जाता



है कि मालगाड़ी आसनसोल से झाझा जा रही थी। मधुपुर पहुंचने से पहले ही इंजन का प्रेशर लो हो गया और मालगाड़ी खड़ी हो गई। इस घटना के कारण अप रेल मार्ग पर रेल परिचालन ठप हो गया।

विधासागर, जामताड़ा, चितरंजन समेत कई जगहों पर महत्वपूर्ण ट्रेनें खड़ी हो गईं। इससे हिमगिरी एक्सप्रेस, रांची-दुमका, आसनसोल-रांची-हटिया, हावड़ा-मोकामा, पाटलिपुत्र समेत कई ट्रेनों का परिचालन प्रभावित हुआ। इन ट्रेनों में सफर करने वाले यात्रियों को काफी परेशानी हुई।

सूचना मिलने पर मधुपुर से रेलवे प्रशासन ने दूसरा इंजन भेजकर मालगाड़ी को खींचकर मधुपुर लाया। इसके बाद करीब दो घंटे बाद अप रेल मार्ग पर परिचालन शुरू हुआ। रेल परिचालन शुरू होने पर यात्रियों ने राहत की सांस ली।

# हत्या मामले में दो को आजीवन कारावास

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** व्यवहार न्यायालय, दानापुर की अदालत ने पति की हत्या के करीब 12 साल पुराने मामले में फैसला सुनाते हुए पत्नी और उसके प्रेमी को दोषी करार दिया। जिला अपर एवं सत्र न्यायाधीश-प्रथम कुमार गुंजन की अदालत ने हत्या की दोषी अनिशा देवी और पप्पू कुमार को आजीवन सश्रम कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने दोनों पर 50-50 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। वहीं, साक्ष्य के अभाव में दो अन्य आरोपित उमेर यादव और भीम यादव को रिहा कर दिया गया। प्रभारी अपर लोक अभियोजक रामेश्वर प्रसाद ने बताया कि मामला नौबतपुर थाना कांड संख्या 346/14 और सेशन ट्रायल संख्या 755/17 से संबंधित है। रेगनिया बाग, नौबतपुर निवासी चंदन कुमार की हत्या का आरोप उसकी पत्नी अनिशा देवी, उसके कथित प्रेमी पप्पू कुमार, उमेर यादव और भीम यादव पर लगाया गया था। मृतक के पिता सुदर्शन प्रसाद ने नौबतपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी।प्राथमिकी के अनुसार, वर्ष 2008 में चंदन कुमार की शादी दुल्हिन बाजार थाना क्षेत्र के सिंघाड़ा कोपा निवासी उमेर यादव की पुत्री अनिशा देवी से हुई थी। शादी के बाद दोनों के बीच संबंध अच्छे नहीं रहे। इसी दौरान अनिशा देवी का पप्पू कुमार के साथ कथित रूप से प्रेम संबंध हो गया। आरोप था कि चंदन कुमार ने अपनी पत्नी को पप्पू कुमार के साथ आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया था और इसकी जानकारी अपने पिता को दी थी। इसका विरोध करने पर चंदन के साथ मारपीट किए जाने का भी आरोप लगाया गया था।

मामले के अनुसार, पति-पत्नी के बीच विवाद को लेकर 13 जुलाई 2014 को दोनों पक्षों के बीच समझौता भी हुआ था। हालांकि, आरोप है कि इसके अगले ही दिन 14 जुलाई 2014 को अनिशा देवी ने पप्पू कुमार और अन्य लोगों के साथ मिलकर चंदन कुमार के साथ मारपीट की और उसकी हत्या कर दी।

### छात्रों के समर्थन में उतरीं बॉलीवुड एक्ट्रेस

**रांची।** झारखंड में जेपीएससी विवाद को लेकर चल रहे छात्रों के आंदोलन के बीच बॉलीवुड एक्ट्रेस कुनिका सदानंद ने अपना समर्थन देते हुए बड़ा बयान दिया है।

सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर करते हुए उन्होंने कहा है कि झारखंड के छात्र केवल अपने हक की बात कर रहे हैं और उनकी आवाज को सुना जाना चाहिए, दबाया नहीं जाना चाहिए।

कुनिका सदानंद ने अपने पोस्ट में लिखा है कि वह झारखंड के छात्रों से मिलने आ रही है। उन्होंने कहा है कि वह छात्रों का दर्द सुनना चाहती है, उनके साथ खड़ी होना चाहती है और उनकी आवाज को और बुलंद करना चाहती है। उन्होंने आगे लिखा है कि जब युवा बोलते हैं तब देश का भविष्य बोलता है।

इससे पहले बॉलीवुड अभिनेता, लेखक और गीतकार पीयूष मिश्रा ने भी आंदोलन कर रहे छात्रों के समर्थन में अपनी आवाज उठाई थी। उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें उन्होंने छात्रों की मांगों का समर्थन करते हुए उनके संघर्ष को सही बताया था।

# छात्रों ने पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**एकमा (सारण)।** शिक्षा विभाग के निदेर्शानुसार विद्यालयों में पर्यावरण संरक्षण, हरियाली को बढ़ावा देने तथा विद्यार्थियों में प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में एकमा प्रखंड के गौसपुर स्थित उत्क्रमित मध्य सह उच्च माध्यमिक विद्यालय के परिसर में इको क्लब के छात्र-छात्राओं द्वारा पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में इको क्लब से जुड़े छात्र-छात्राओं ने प्रधानाध्यापक, नामित शिक्षकों एवं अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओं के निर्देशन में विद्यालय परिसर के विभिन्न स्थानों पर पौधे लगाए। इस दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक पौधरोपण करते हुए लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल एवं संरक्षण का संकल्प भी लिया।

विद्यालय के शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं को पौधों के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि पेड़-पौधे पर्यावरण के संतुलन को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। बढ़ते प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन एवं पर्यावरणीय असंतुलन की चुनौतियों के बीच अधिक से अधिक पौधरोपण करना और लगाए गए पौधों को संरक्षित करना प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है।शिक्षकों ने बताया कि इको क्लब का उद्देश्य विद्यार्थियों को पर्यावरण के प्रति जागरूक एवं जिम्मेदार बनाना तथा विद्यालय स्तर पर पर्यावरण संरक्षण की गतिविधियों को बढ़ावा देना है। पौधरोपण के साथ-साथ विद्यार्थियों को जल संरक्षण, स्वच्छता, प्लास्टिक के कम उपयोग, जैव विविधता के संरक्षण तथा विद्यालय परिसर को हरा-भरा रखने के प्रति भी जागरूक किया गया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने पौधों की नियमित सिंचाई, सुरक्षा एवं देखभाल की जिम्मेदारी लेने की बात कही। शिक्षकों ने कहा कि केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनकी नियमित देखभाल कर उन्हें वृक्ष का रूप देना भी आवश्यक है।

# ज्वेलरी दुकानदार पर हमला कर किया घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चतरा।** चतरा जिले के वशिष्ट नगर थाना क्षेत्र के बारा गांव के समीप रात अपराधियों ने ज्वेलरी दुकानदार पर हमला कर उसे घायल कर दिया। घायल दुकानदार की पहचान मृत्युंजय कुमार के रूप में हुई है।

यह घटना रात करीब नौ बजे की बताई जा रही है। घायल का उपचार शेरघाटी अस्पताल में चल रहा है। जानकारी के अनुसार, मृत्युंजय कुमार जोरी स्थित अपनी ज्वेलरी की दुकान बंद कर घर लौट रहे थे। इसी दौरान बारा गांव के समीप अपराधियों ने उन्हें निशाना बनाया। हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना के बाद आसपास के लोगों की मदद से उन्हें उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। डीएसपी हेडक्वार्टर सुनील कुमार सिंह तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली।

### दो आरोपितों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना में शामिल दो हमलावरों को गिरफ्तार कर लिया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। पुलिस घटना के पीछे के कारणों और हमले में अन्य लोगों की संलिप्तता की जांच कर रही है। दुकानदार पर हमला किए जाने से क्षेत्र के व्यवसायियों में भी चिंता का माहौल है।

पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए घटनास्थल के आसपास की गतिविधियों की भी जानकारी जुटाई है। डीएसपी का कहना है कि जांच के बाद घटना से जुड़े अन्य तथ्यों का खुलासा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि हमलावर तीन थे, जिसमें दो को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# कोल्हान विवि में विशेष समारोह आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चाईबासा।** विश्व आदिवासी दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को कोल्हान विश्वविद्यालय के शहीद पोटो हो सभागार में एक विशेष समारोह का आयोजन किया गया। विवि के मानवशास्त्र, इतिहास, भूगर्भ एवं भूगोल विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. (डॉ.) अंजिला गुप्ता ने की। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पद्मश्री डॉ. जानुम सिंह सोय, सम्मानित अतिथि के रूप में प्रख्यात अर्थशास्त्री एवं सामाजिक चिंतक डॉ. ज्यां द्रेज, तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित भोगला सोरेन एवं अनुपम पूर्ति उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में कुलसचिव डॉ. अमर कुमार, शिक्षक, शोधार्थी, विद्यार्थी और समाज के विभिन्न गणमान्य लोग भी शामिल हुए। मुख्य अतिथि अर्थशास्?त्री डॉ. ज्यां द्रेज ने युवाओं से अपनी भाषा, संस्कृति और परंपराओं से जुड़े रहने की अपील की। डॉ.जानुम सिंह सोय ने पारंपरिक हो गीत के माध्यम से सांस्कृतिक



पहचान को संजोने का संदेश दिया। अर्थशास्त्री डॉ. ज्यां द्रेज ने कहा कि आदिवासी समाज की साझी संस्कृति, सामुदायिक जीवन और सामूहिक मूल्य आज पूरे समाज के लिए प्रेरणादायक हैं।

उन्होंने समाज से ऊंच-नीच और अनावश्यक पदानुक्रम को दूर रखने पर बल दिया। वहीं, साहित्य अकादमी पुरस्कार विजेता भोगला सोरेन ने वैश्वीकरण के इस दौर में आदिवासी भाषा और संस्कृति पर पड़ रहे प्रभावों पर चिंता व्यक्त की और सांस्कृतिक पहचान के संरक्षण पर जोर दिया।समारोह के दौरान लगाई गई चित्रकला एवं आदिवासी कला-संस्कृति प्रदर्शनी ने लोगों को खासा आकर्षित किया। आर्ट गैलरी में अनुपम पूर्ति, डॉ. अभिजीत मुंडा, हरे कृष्णा एवं रवि मुंडू की कलाकृतियों के माध्यम से आदिवासी जीवन और प्रकृति के संबंधों को उकेरा गया।

अनुपम पूर्ति की विशेष 'सुकुन बुरु' प्रस्तुति ने आदिवासी जनजीवन और प्रकृति के अटूट जुड़ाव को जीवंत किया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. मीनाक्षी मुंडा और डॉ. अरविंद कुमार ने किया।

# आदिवासी महोत्सव 2026 को ले सरकार ने किया रूट प्लान जारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड आदिवासी महोत्सव 2026 का आयोजन रविवार और सोमवार को किया जाएगा। वहीं रविवार को जतरा कार्यक्रम निर्धारित है। जतरा में बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने की संभावना को देखते हुए यातायात पुलिस ने वाहनों के परिचालन और पार्किंग को लेकर विशेष व्यवस्था जारी की है।

पुलिस अधीक्षक यातायात की ओर से जारी परामर्श के अनुसार रविवार को सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक जेल चौक से करमटोली चौक, करमटोली चौक से एसएसपी आवास मोड़ तथा एसएसपी आवास से बापू वाटिका, मोराबादी तक सभी प्रकार के वाहनों का परिचालन नहीं किया जा सकेगा।

जतरा कार्यक्रम में आने वाले वाहनों के लिए रांची यूनिवर्सिटी फुटबॉल मैदान, मोराबादी को पार्किंग स्थल बनाया गया है। खूंटी, जमशेदपुर, गुमला, लोहरदगा, रामगढ़ तथा रातू, कांके और पिठोरिया की ओर से आने वाले वाहन कांके रिंग रोड, चांदनी चौक और राम मंदिर होते हुए पार्किंग स्थल तक पहुंच सकते हैं। वहीं धुर्वा, हिनू, डोरंडा, मेन रोड, रेडियम चौक, लालपुर, कांटाटोली, हरमू और अरगोड़ा आदि शहर के क्षेत्रों से आने वाले वाहन न्यू मार्केट चौक, हाटलिप्स चौक, राम मंदिर चौक अथवा रेडियम चौक, एसएसपी आवास चौक, रणधीर वर्मा चौक, एटीआई मोड़, हाटलिप्स चौक और सिद्धू-कान्हू मोड़ होते हुए रांची यूनिवर्सिटी फुटबॉल मैदान में वाहन पार्क कर सकेंगे।

बोड़यो रोड की ओर से आने वाले वाहनों के लिए टीआरआई मैदान (मंदिर मैदान) में पार्किंग की व्यवस्था की गई है। वहीं टाटीसिलवे, खेलगांव, बूटी मोड़, रिम्स और बरियातू की ओर से आने वाले वाहन डीआईजी मैदान, बरियातू में पार्क कर सकेंगे।

यातायात पुलिस ने बताया कि आवश्यकता के अनुसार अन्य मार्गों पर भी कम समय के लिए वाहनों का रूट डायवर्ट या परिचालन रोका जा सकता है।

पुलिस ने रांची शहर के नागरिकों से अपील की है कि रविवार को जेल चौक से करमटोली चौक, एसएसपी आवास चौक और मोराबादी के आसपास के मार्गों पर चारपहिया वाहनों का उपयोग नहीं करें।

विशेष परिस्थिति में ही चारपहिया वाहनों का इस्तेमाल करने की अपील की गई है।

# वर्चस्व को ले दो गुटों में हिंसक झड़प



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चासनाला।** बीसीसीएल के पाथरडीह कोलवाशरी स्थित मीवान स्टील लिमिटेड कोल वाशरी की साइडिंग में शनिवार को वर्चस्व को लेकर दो गुटों के बीच जमकर भिड़ंत हो गई। दोनों पक्षों के समर्थकों के बीच हुई मारपीट में दर्जनों लोगों के घायल होने की सूचना है।

घटना के बाद पाथरडीह पुलिस व सीआइएसएफ जवानों ने मोर्चा संभाल लिया। करीब आधे घंटे तक साइडिंग परिसर रणक्षेत्र में तब्दील रहा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, वर्चस्व को लेकर दोनों पक्षों के समर्थक आमने-सामने आ गए। देखते ही देखते विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। दोनों ओर से लाठी-डंडे, रॉड, पत्थर, बेलचा व तलवार चलने लगे। मारपीट के दौरान अफरातफरी मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई। घटना में कई लोगों को चोटें आई हैं। कतरास बाजार निवासी अभिषेक का सिर फट गया है। वहीं, सरायढेला निवासी रोहित सिंह की जमकर पिटाई की गई। उन्हें सीआइएसएफ ने बचाकर वाशरी प्लांट में पहुंचाया। झड़प के दौरान वाहनों में भी जमकर तोड़फोड़ की गई।

रघुकुल समर्थकों की काले रंग की थार (जेएच 10सीएल 6969) और काले रंग की ब्रीजा कार (जेएच 10डीबी 5977) को क्षतिग्रस्त कर दिया गया। वहीं, ढुलू महतो समर्थक की सादे रंग की स्कॉर्पियो में भी तोड़फोड़ की गई। वाहनों के शीशे व अन्य हिस्से क्षतिग्रस्त किए जाने की बात सामने आई है। घटना की सूचना मिलते ही पाथरडीह थाना पुलिस व सीआइएसएफ के जवान मौके पर पहुंचे। पुलिस व सुरक्षा बलों की सक्रियता के बाद स्थिति को नियंत्रित किया गया। तनाव को देखते हुए साइडिंग परिसर में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। बताया जाता है कि कोलवाशरी की साइडिंग में वर्चस्व को लेकर दोनों पक्षों के बीच पहले से तनाव की स्थिति बनी हुई थी। शनिवार को यह तनाव अचानक हिंसक संघर्ष में बदल गया। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। घायलों की वास्तविक संख्या की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है।

### थम नहीं रहा हाथियों का तांडव

**जलडेगा** ।प्रखंड के परबा पंचायत अंतर्गत पोमिया गांव में शनिवार रात 22 जंगली हाथियों का झुंड पहुंचने से ग्रामीणों में दहशत फैल गई। झुंड में करीब 20 वयस्क हाथी और दो शावक शामिल थे। सूचना मिलते ही वन विभाग के प्रभारी फॉरेस्टर हेमंत कुमार टीम के साथ मौके पर पहुंचे। विभाग ने ग्रामीणों के बीच जला मोबिल, जूट बोरा, डीजल, तार, टॉर्च व मशाल बनाने की सामग्री वितरित की, ताकि हाथियों को सुरक्षित तरीके से जंगल की ओर खदेड़ा जा सके। रात करीब 10:30 बजे झुंड से बिछड़े दो हाथी पोमिया मुंडाटोली निवासी बुधेश्वर नाग के घर तक पहुंच गए और पक्के मकान की खिड़की को आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त कर दिया।

हालांकि, घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। ग्रामीणों और वन विभाग के संयुक्त प्रयास से हाथियों के झुंड को गांव से बाहर निकालकर बांसजोर प्रखंड के डोंगापानी क्षेत्र की ओर भेज दिया गया। वन विभाग ने लोगों से सतर्क रहने और हाथियों की सूचना तत्काल विभाग को देने की अपील की है।

# इंटर-हाउस वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अररिया।** स्कॉटिश पब्लिक स्कूल, राजोखर, अररिया में विद्यार्थियों के बीच खेल भावना, अनुशासन, टीमवर्क एवं नेतृत्व क्षमता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इंटर-हाउस वॉलीबॉल टूर्नामेंट का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के निदेशक अनूप कुमार के कर-कमलों द्वारा किया गया। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया और कहा कि खेल विद्यार्थियों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के साथ-साथ उनमें अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना का विकास करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

प्रतियोगिता में विद्यालय के विभिन्न हाउस के खिलाड़ियों ने पूरे उत्साह और जोश के साथ भाग लिया। रोमांचक मुकाबलों में खिलाड़ियों ने शानदार खेल कौशल, उत्कृष्ट टीमवर्क एवं जीत के लिए संघर्ष की भावना का प्रदर्शन किया।

फाइनल मुकाबले में साकेत हाउस ने



शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया, जबकि तक्षशिला हाउस ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उपविजेता का स्थान प्राप्त किया।

प्रतियोगिता के समापन अवसर पर विद्यालय के असिस्टेंट डायरेक्टर श्री कुमार आर्यन ने विजेता साकेत हाउस की टीम को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।

उन्होंने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि जीत और हार से अधिक महत्वपूर्ण खेल भावना, अनुशासन और निरंतर प्रयास है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

विद्यालय प्रबंधन ने विजेता एवं उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास, टीम भावना तथा स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करने का प्रभावी माध्यम हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के खेल विभाग, शिक्षकों एवं कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों के उत्साह और शानदार प्रदर्शन ने पूरे आयोजन को यादगार बना दिया।

संक्षिप्त समाचार

## एमिलियो गे चोटिल

### पाकिस्तान टेस्ट सीरीज से पहले इंग्लैंड की मुश्किल बढ़ी

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली पाकिस्तान के खिलाफ इंग्लैंड को तीन मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है। शुरुआती 2 टेस्ट मैचों के लिए इंग्लैंड टीम की घोषणा हो चुकी है। टीम की घोषणा के ठीक बाद इंग्लैंड टीम की मुश्किल बढ़ गई है। सलामी बल्लेबाज एमिलियो गे डरहम के लिए खेलते हुए अपना दाहिना कंधा इंजर्ड कर चुके हैं। इंजरी की वजह से गे को रिटायर हर्ट



होना पड़ा। एमिलियो की इंजरी अगर ज्यादा गंभीर होती है, तो इंग्लैंड को नए ओपनर की तलाश करनी होगी। डरहम के लिए गे जब 17 गेंदों पर 9 रन बनाकर खेल रहे थे, उसी समय उन्हें इंजरी की वजह से मैदान से बाहर ले जाया गया। टीम के एक प्रवक्ता ने बताया कि गे मैच में आगे हिस्सा नहीं लेंगे। उनकी इंजरी कितनी गंभीर है, इसका पता लगाने के लिए उनका स्कैन किया जाएगा। न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में ओपनर जैक क्रॉली की जगह एमिलियो को इंग्लैंड टीम में जगह दी गई थी। न्यूजीलैंड सीरीज में एमिलियो ने 2 अर्धशतक लगाया था। एमिलियो से पहले इंग्लैंड के जैकब बेथेल के रूप में एक बड़ा झटका पहले ही लग चुका है। बेथेल दाहिने घुटने की चोट के कारण पाकिस्तान टेस्ट सीरीज से बाहर हो गए हैं। इसके अलावा बेन स्टोक्स के संन्यास की वजह से भी इंग्लैंड टेस्ट टीम कमजोर हुई है। मौजूदा इंग्लैंड टीम में बेन डकेट के साथ ओपनिंग करने के लिए फिलहाल कोई दूसरा विकल्प नहीं है। ओली पोप टीम में अकेले अतिरिक्त बल्लेबाज हैं। लॉरेंस का 2024 में पिछला स्टिंट श्रीलंका के खिलाफ ओपनर के तौर पर तीन टेस्ट के साथ खत्म हुआ था, जब क्रॉली उंगली टूटने की वजह से बाहर हो गए थे। एमिलियो गे की इंजरी अगर ज्यादा गंभीर होती है, तो उनके विकल्प के रूप में इंग्लैंड टीम में डरहम के ही बेन मैकिनी या ग्लैमरगन के आसा ट्राइब को जगह मिल सकती है।

## विनिसियस जूनियर ने रियल मैड्रिड के साथ बढ़ाया कॉन्ट्रैक्ट

### 2032 तक क्लब के लिए खेलेंगे

मैड्रिड। स्टार खिलाड़ी विनिसियस जूनियर ने रियल मैड्रिड फुटबॉल क्लब के साथ अपना कॉन्ट्रैक्ट बढ़ाने का फैसला किया है। वह अब जून 2032 तक क्लब के लिए खेलते नजर आएंगे। फुटबॉल क्लब ने एक बयान में कहा, 'रियल मैड्रिड और विनिसियस जूनियर कॉन्ट्रैक्ट को बढ़ाने पर सहमत हो गए हैं, जो उन्हें 30 जून 2032 तक क्लब से जोड़े रखेगा।' इस कॉन्ट्रैक्ट के बढ़ने से विनिसियस के भविष्य को लेकर महीनों से चल रही अटकलें खत्म हो गईं। स्पेनिश



मीडिया ने 26 वर्षीय खिलाड़ी के मैड्रिड छोड़ने की संभावना जताई थी और प्रीमियर लीग चैंपियन आर्सेनल की उनमें दिलचस्पी की खबरें भी आई थीं। उम्मीद है कि नए सीजन की तैयारी के दौरान विनिसियस, किलियन एम्बाप्पे, बर्नार्डो सिल्वा और डियोमांडे के साथ मैड्रिड के अटैक का अहम हिस्सा बने रहेंगे, हालांकि मजबूत फॉरवर्ड लाइन के कारण ट्रांसफर विंडो बंद होने से पहले एंड्रिक और ब्राहिम डियाज के भविष्य को लेकर अटकलें बढ़ सकती हैं। ब्राजील के इस फॉरवर्ड खिलाड़ी ने जुलाई 2018 में 18 साल की उम्र में रियल मैड्रिड जॉइन किया था। क्लब की जर्सी पहनकर अपने आठ सीजन में उन्होंने 375 मैच खेले हैं।

# इंग्लैंड क्रिकेट में इस्तीफे का दौर जारी

### अब लायंस के कोच एंड्रयू फ्लिंटॉफ ने छोड़ा पद



**नई दिल्ली।** इंग्लैंड क्रिकेट में इस्तीफे के दौर जारी है। इंग्लैंड टेस्ट टीम के कप्तान बेन स्ट्रोक्स के संन्यास और कोच बेंडन मैकुलम के बाद एंड्रयू फ्लिंटॉफ ने लगभग दो साल तक इंग्लैंड लायंस के हेड कोच रहने के बाद पद छोड़ दिया है। इंग्लैंड के पूर्व ऑलराउंडर इस साल के आखिर में अपने कोचिंग करियर का अगला चैप्टर शुरू करने वाले हैं। सितंबर 2024 में लायंस के कोच बने फ्लिंटॉफ ने कहा कि इंग्लैंड के अगली पीढ़ी के खिलाड़ियों और कोचों को तैयार करने में मदद करने के बाद पद छोड़ने का फैसला किया है। फ्लिंटॉफ ने कहा, 'बदकिस्मती से मैंने लायंस के साथ अपनी भूमिका से हटने का फैसला किया है। देश के बेहतरीन युवा क्रिकेटरों के साथ काम करने का मौका पाकर मुझे न सिर्फ बहुत मजा आया, बल्कि उन्हें आगे बढ़ते देखकर मुझे बहुत गर्व भी हुआ। मैं कोच और स्टाफ को उनके जुनून, बिना थके काम और हर दिन दिए जाने वाले सपोर्ट के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। खासकर एड बार्नी को, जिनके साथ मुझे काम करना बहुत पसंद आया। रॉब की को इंग्लिश क्रिकेट में सबसे जरूरी रोल में से एक के लिए मुझ पर भरोसा करने के लिए।'

### एड बार्नी ने क्या कहा

ईसीबी के मेन्स परफॉर्मेंस डायरेक्टर एड बार्नी ने फ्लिंटॉफ को अपने कार्यकाल में लायंस को नया रूप देने का क्रेडिट दिया। बार्नी ने कहा, 'फ्रेड ने लायंस के माहौल को एक ऐसे प्रोग्राम में बदलने में मदद की है जिसका युवा खिलाड़ियों पर बड़ा असर पड़ा है। ऐसा माहौल बनाया जो हर समय बेहतरीन काम को सपोर्ट और बढ़ावा देता है। उन्होंने युवा खिलाड़ियों की एक नई पीढ़ी को आगे लाने में मदद की है।'

**बैश लीग में सिडनी थंडर के कोच बने फ्लिंटॉफ–** फ्लिंटॉफ ने इंग्लैंड लॉयंस के कोच पद को छोड़ने का फैसला बिग बैश लीग में सिडनी थंडर का हेड कोच बनाने के दो महीने लिया है। वह पहली बार ऑस्ट्रेलिया की टी20 लीग में फुल-टाइम कोच की भूमिका निभाएंगे। ईसीबी ने यह भी कन्फर्म किया कि माइक यार्डी 12 अगस्त को बेकेनहम में शुरू होने वाले प्रोफेशनल काउंटी क्लब सिलेक्ट XI और पाकिस्तान मेन के खिलाफ चार दिन के मैच के लिए इंग्लैंड लायंस के कोच होंगे।

# टिम डेविड टी-20 प्लेयर ऑफ द ईयर

### मार्श ने वनडे तो स्टार्क ने टेस्ट में मारी बाजी; ट्रैविस हेड बने सर्वश्रेष्ठ पुरुष क्रिकेटर

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के बल्लेबाज ट्रैविस हेड ने अपने करियर में एक और ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। बल्ले से एक और शानदार सीजन के बाद ट्रैविस हेड को एक बार फिर ऑस्ट्रेलिया का सर्वश्रेष्ठ पुरुष क्रिकेटर चुना गया साथ ही उन्होंने एक और एलन बॉर्डर मेडल जीतकर इतिहास रच दिया। इस बाएं हाथ के बल्लेबाज ने बेहद करीबी वोटिंग मुकाबले में अपने करीबी दोस्त और टीम के साथी एलेक्स कैरी को हराकर प्रतिष्ठित एलन बॉर्डर मेडल जीता।

### ट्रैविस हेड बने सर्वश्रेष्ठ पुरुष क्रिकेटर

इस सम्मान के साथ ट्रैविस हेड उन महान ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों के खास क्लब में शामिल हो गए जिन्होंने लगातार एलन बॉर्डर मेडल जीता। ट्रैविस हेड लगातार एलन बॉर्डर मेडल जीतने वाले पांचवें ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी बन गए। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान एलन बॉर्डर ने शुक्रवार (7 अगस्त) को ब्रिस्बेन में आयोजित एक कार्यक्रम में ट्रैविस हेड



को यह मेडल सौंपा। इस अवॉर्ड के लिए मुकाबला बहुत कड़ा था। विकेटकीपर-बल्लेबाज एलेक्स कैरी सिर्फ एक अंक से यह प्रतिष्ठित मेडल हेड से हार गए। इस स्टार बल्लेबाज को 153 वोट मिले, जबकि कैरी को 152 वोट मिले। उनके बाद मिचेल स्टार्क (150), स्टीव स्मिथ (98) और मिचेल मार्श (86) रहे।



### दूसरी बार जीता खिताब

ट्रैविस हेड अब लगातार एलन बॉर्डर मेडल जीतने वाले पांचवें क्रिकेटर बन गए हैं और उन्होंने पिछले साल भी यही अवॉर्ड जीता था। इस बाएं हाथ के बल्लेबाज से पहले, डेविड वॉर्नर (2016 और 2017), माइकल क्लार्क (2012 और 2013), शेन वॉटसन (2010 और 2011) और रिकी पोंटिंग (2006 और 2007) ने लगातार एलन बॉर्डर मेडल जीते थे। इसके अलावा हेड अब स्टीव स्मिथ और नाथन लियोन जैसे अपने साथियों की लिस्ट में शामिल हो गए हैं।

- **मिचेल स्टाक बने टेस्ट प्लेयर ऑफ द ईयर–** ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क को शेन वॉर्न मेन्स टेस्ट प्लेयर ऑफ द ईयर चुना गया। स्टार्क ने दूसरी बार शेन वॉर्न मेन्स टेस्ट प्लेयर ऑफ द ईयर का अवॉर्ड जीता। इससे पहले उन्होंने यह सम्मान नौ साल पहले हासिल किया था। मेन्स टेस्ट प्लेयर ऑफ द ईयर अवॉर्ड दो बार जीतने के बीच का यह अब तक का सबसे लंबा अंतराल है। इस बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने पिछले साल 18.12 की औसत से 57 टेस्ट विकेट लिए थे जबकि नाथन लियोन 28 विकेट के साथ दूसरे स्थान पर रहे। नाथन लियोन (2024) और जोश हेजलवुड (2025) के बाद स्टार्क शेन वॉर्न मेन्स टेस्ट प्लेयर ऑफ द ईयर अवॉर्ड जीतने वाले तीसरे गेंदबाज बने।
- **मार्श बने वनडे प्लेयर ऑफ द ईयर–** मिशेल मार्श ने मेन्स वनडे प्लेयर ऑफ द ईयर का अवॉर्ड जीता जबकि टिम डेविड को सबसे छोटे फॉर्मेट में उनके प्रदर्शन के लिए मेन्स टी-20 प्लेयर ऑफ द ईयर चुना गया। मार्श ने अपने साथी खिलाड़ियों जोश इंग्लिस, नाथन एलिस, एलेक्स कैरी और ट्रैविस हेड को पीछे छोड़कर यह अवॉर्ड जीता। वहीं दूसरी तरफ टिम डेविड ने मिचेल मार्श, नाथन एलिस, बेन ड्वारशुइस और जोश हेजलवुड को पीछे छोड़ते हुए मेन्स टी-20 प्लेयर ऑफ द ईयर का खिताब अपने नाम किया।

## रहेजा के शतक और प्रदोश पॉल के नाबाद अर्धशतक से जीती आईड्रीम

### एन जगदीशन की टीम को मिली हार

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु प्रीमियर लीग 2026 के 5वें मैच में साई किशोर की कप्तानी वाली आईड्रीम तिरुप्पुर तमीजहंस ने एन जगदीशन की कप्तानी वाली चेपॉक सुपर गिलीज को 7 विकेट से हरा दिया। आईड्रीम की जीत में टीम के ओपनर तुषार रहेजा की शतकीय साथ ही प्रदोश रंजन पॉल की नाबाद अर्धशतकीय पारी का बड़ा योगदान रहा। आईड्रीम की ये इस सीजन में दूसरे मैच में पहली जीत रही और इस टीम ने अंकतालिका में अपना खाता भी खोल लिया। इस मुकाबले में आईड्रीम तिरुप्पुर तमीजहंस के कप्तान साई किशोर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। इसके बाद चेपॉक सुपर गिलीज ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 205 रन बना दिए। आईड्रीम को जीत के



लिए 206 रन का टारगेट मिला था, लेकिन इस टीम ने 18 ओवर में 3 विकेट पर 206 रन बनाकर मैच जीत लिया। तुषार रहेजा को उनकी शतकीय पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

**तुषार, प्रदोश की शानदार बल्लेबाजी–** इस मैच में आईड्रीम तिरुप्पुर तमीजहंस के लिए ओपनर तुषार ने बेहतरीन पारी खेली और 52 गेंदों पर 5 छक्के और 8 चौकों की मदद से 102 रन की शानदार पारी खेली और उनका स्ट्राइक रेट इस मैच में 196.15 का रहा। तुषार के अलावा प्रदोश ने भी बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 41 गेंदों पर 2 छक्के और 9 चौकों की मदद से नाबाद 73 रन बनाए और टीम को जीत दिलाकर ही वापस लौटे। प्रदोश और तुषार के बीच इस मैच में तीसरे विकेट के लिए 81 गेंदों पर 149 रन की बेहतरीन साझेदारी रही। कप्तान साई किशोर ने 7 रन की पारी खेली।

**के आशिक ने खेली 98 रन की पारी–** आईड्रीम तिरुप्पुर तमीजहंस के खिलाफ हुए मैच में चेपॉक सुपर गिलीज के लिए के आशिक ने सबसे बड़ी 98 रन की पारी 56 गेंदों पर खेली और इस दौरान 7 छक्के और 6 चौके भी लगाए। कप्तान एन जगदीशन का बल्ला खामोश रहा और उन्होंने 18 गेंदों पर 27 रन बनाए। वहीं आईड्रीम के कप्तान साई किशोर ने 4 ओवर में 30 रन देकर एक विकेट लिए जबकि आर. सिलंबरासन और एस मोहन प्रसथ को 2-2 सफलता मिली। तेज गेंदबाज टी नटराजन ने भी एक विकेट हासिल किया।

## खेलो इंडिया योजना पैरा स्पोर्ट के लिए गेम-चेंजर बन सकती है : शीतल देवी

**नई दिल्ली।** किश्तवाड़ पैरालंपिक पदक विजेता और विश्व चैंपियन पैरा-कंपाउंड तीरंदाज शीतल देवी का मानना है कि खेलो इंडिया योजना पैरा-स्पोर्ट के लिए गेम-चेंजर बन सकती है। उनका मानना है कि इससे दिव्यांग प्रतिभावान बच्चों की पहचान जल्द हो सकेगी और उन्हें सफल होने के लिए जरूरी सहयोग मिल सकेगा। जम्मू और कश्मीर के किश्तवाड़ के एक दूर-दराज गांव से तीरंदाजी में शीर्ष तक पहुंचने के अपने सफर के बारे में शीतल देवी ने कहा, पैरा-एथलीटों के लिए बड़ी चुनौती प्रतिभा नहीं, बल्कि अवसर का न मिलना है। एक पैरालंपिक चैंपियन के तौर पर मुझे जो प्यार और पहचान मिली है, उसके लिए वर्षों की मेहनत लगी है। किश्तवाड़ की एक लड़की अच्छी कोचिंग और सहयोग मिलने से ही शीतल देवी बन पाई, जिसे दुनिया जानती है।



उन्होंने कहा, मेरी कहानी सफलता की है, लेकिन किसी दूर-दराज के गांव में उतना ही सक्षम बच्चा शायद यह भी नहीं जानता होगा कि पैरा स्पोर्ट्स होते हैं। हमारे बीच का फर्क आम तौर पर अवसर का होता है। मैं शुक्रगुजार हूं कि मुझे वह मिला। अगले पांच सालों में 29,054 करोड़ रुपये वाली नवीनतम खेलो इंडिया योजना के बारे में शीतल ने कहा, प्रतिभा खोजने, कोच विकसित करने, खेल सुविधाओं को बेहतर बनाने और हाई-परफॉर्मेंस ट्रेनिंग देने पर फोकस खेल का माहौल बदल सकता है। यह बदलाव खासकर तब मुमकिन है जब राज्य इसे लागू करने में सक्रियता से सहयोग करें।

उन्होंने कहा, पूरे भारत में, खासकर गांवों और छोटे शहरों में, हजारों दिव्यांग बच्चे हैं जिनमें बहुत क्षमता है, लेकिन कई प्रतिभाओं को कभी खोजा नहीं जा सका। कुछ को नहीं पता कि कहां ट्रेनिंग करनी है। कईयों को कभी ऐसा कोच नहीं मिला जो पैरा स्पोर्ट को समझता हो। इसीलिए मुझे लगता है कि भारत की नई खेलो इंडिया योजना में सभी खेल, खासकर पैरा स्पोर्ट्स के लिए खेल को बदलने की ताकत है।

शीतल ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इस पांच साल की योजना के तहत खेलों के विकास के लिए 29,054 करोड़ रुपये का निवेश होगा। इस बड़े प्लान के नौ मुख्य हिस्सों में प्रतिभाओं की खोज, कोच और सहयोगी स्टाफ तैयार करना, और सबसे जरूरी, खेल सुविधाओं और हाई-परफॉर्मेंस प्रशिक्षण के माहौल को मजबूत करना शामिल है।

## '3 साल से इंतजार है'

### पंत ने आधी रात को CM पुष्कर धामी से क्यों मांगी जमीन खरीदने में मदद



**नई दिल्ली।** भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात में एक्स पर पोस्ट करके उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से राज्य में जमीन खरीदने में मदद करने की गुजारिश की। फिलहाल भारतीय टीम के साथ 2 मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए श्रीलंका दौरे पर गए पंत चाहते हैं कि वह दिल्ली से उत्तराखंड शिफ्ट हो जाएं। इसके लिए वह अपने राज्य में घर बनाना चाहते हैं। 28 साल के विकेटकीपर बल्लेबाज ने कहा कि वह पिछले तीन साल से उत्तराखंड में जमीन ढूंढ रहे रहे हैं, लेकिन उन्हें अपनी जरूरतों को पूरा करने वाली प्रॉपर्टी मिलने में मुश्किल हो रही है। ऋषभ पंत ने एक्स पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को टैग करते हुए लिखा, 'हेलो सर,आप कैसे हैं? मुझे उत्तराखंड का निवासी होने के नाते बहुत समय हो गया है। मैं दिल्ली से उत्तराखंड शिफ्ट होने के लिए जमीन खरीदने की कोशिश कर रहा हूं और मुझे यहां रहने के लिए कोई जगह नहीं मिली। मुझे अपना उत्तराखंड बहुत पसंद है। मेरी

### आपके जवाब का इंतजार

पंत ने कहा, 'मैं अपने मूल स्थान वापस लौटना चाहता हूं। मैं अपने पहाड़ी लोगों के पास वापस जाना चाहता हूं। कृपया इस मामले को देखें। 3 साल हो गए हैं कोई जमीन नहीं मिली है। आपके जवाब का इंतजार है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सबसे पर हमारे राज्य का प्रतिनिधित्व करने के लिए एक गिफ्ट बहुत अच्छा रहेगा, लेकिन अगर आप इजाजत दें तो मैं इसे सरकार से खरीदना चाहता हूं और उनके रेट पर कम से कम मैं अपने राज्य में अपना पहला घर बनवा सकता हूं। प्लीज हेल्प करें। सच में मुझे नहीं पता कि यह कैसे करना है।'

## पंत के पोस्ट पर सीएम पुष्कर धामी का आया जवाब

### अधिकारियों को मदद करने का निर्देश

भारतीय क्रिकेटर ऋषभ पंत को अपने गृह राज्य में जमीन की तलाश है। इसके लिए उन्होंने शुक्रवार-शनिवार की की दरमियानी रात में एक्स पर पोस्ट करके मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मदद मांगी थी। पंत के पोस्ट पर मुख्यमंत्री धामी का जवाब आया है।



उन्होंने संबंधित अधिकारियों को ऋषभ पंत की मदद करने का निर्देश दिए हैं। पुष्कर सिंह धामी ने एक्स पर लिखा, 'प्रिय ऋषभ, आप उत्तराखण्ड के गौरव हैं। आपने अपने शानदार खेल और उपलब्धियों से देश-दुनिया में देवभूमि का नाम रोशन किया है। अपनी मातृभूमि के प्रति आपका यह प्रेम और यहां वापस आकर योगदान देने की भावना अत्यंत सराहनीय है। आपके द्वारा उठाए गए विषय के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया जा रहा है। वे शीघ्र ही आपसे संपर्क कर नियमानुसार हरसंभव सहयोग सुनिश्चित करेंगे।'

**दिल्ली से उत्तराखंड शिफ्ट होना चाहते हैं–** इससे पहले ऋषभ पंत ने एक्स पर पोस्ट करके कहा था कि वह दिल्ली से उत्तराखंड शिफ्ट होना चाहते हैं। इसके लिए वह 3 साल से जमीन ढूढ़ रहे हैं, लेकिन उन्हें अपनी जरूरतों को पूरा करने वाली प्रॉपर्टी नहीं मिल पाई है। पंत ने कहा कि वह सरकारी रेट पर जमीन खरीदना चाहते हैं।

**ऋषभ पंत ने क्रिकेट में करियर बनाने के लिए दिल्ली का रुख किया–** उत्तराखंड के हरिद्वार जिले के रुड़की में जन्मे ऋषभ पंत ने क्रिकेट में करियर बनाने के लिए दिल्ली का रुख किया। वह घरेलू क्रिकेट में दिल्ली का प्रतिनिधित्व करते हैं। फिलहाल श्रीलंका दौरे पर भारतीय टीम के साथ 2 मैचों की टेस्ट सीरीज खेलने गए हैं।

# मोहम्मद शमी का इंटरनेशनल क्रिकेट करियर खत्म?

### 5 कारणों ने लगभग बंद किये भारतीय टीम में वापसी के सभी रास्ते

**नई दिल्ली।** मोहम्मद शमी ने भारतीय टीम के लिए कई ऐसे यादगार स्पैल फेंके हैं जिसने ना सिर्फ टीम इंडिया को जीत दिलाई बल्कि क्रिकेट फैंस का जमकर मनोरंजन भी किया। शमी 2023 वनडे वर्ल्ड कप में ना सिर्फ भारत के लिए बल्कि ओवरऑल सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले बॉलर भी रहे थे और उनकी घातक गेंदबाजी ने टीम इंडिया को फाइनल का टिकट कटाने में बड़ी भूमिका निभाई थी। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के बाद से वो भारतीय टीम से बाहर चल रहे हैं और वापसी की हर कोशिश के बावजूद वो चयनकर्ताओं को प्रभावित करने में असफल रहे हैं तो क्या मान लिया जाए कि उनका इंटरनेशनल क्रिकेट करियर समाप्त हो चुका है।

वैसे देखा जाए तो जिस तरह से उन्हें नजरअंदाज किया जा रहा है ऐसे में अब भारतीय चयनकर्ता शायद ही उन्हें टीम इंडिया की रणनीति का हिस्सा मान रहे हैं। वैसे शमी द्वारा घरेलू क्रिकेट (रणजी ट्रॉफी, दलीप ट्रॉफी) में गेंदबाजी करने और अपनी फिटनेस साबित करने के बावजूद चयनकर्ता लगातार नई पीढ़ी के गेंदबाजों पर भरोसा जता रहे हैं।

- **गेंदबाजी में बढ़ती प्रतिद्वंदिता–** इन दिनों भारतीय टीम के पास तेज गेंदबाजों की एक बड़ी फौज मौजूद है और तेज गेंदबाजी में बढ़ती प्रतिद्वंदिता की वजह से शमी की वापसी का रास्ता लगभग बंद सा नजर आ रहा है। क्रिकेट के हर प्रारूप में चाहे वो टेस्ट प्रारूप हो या फिर वनडे या टी20, भारत के पास हर फॉर्मेट के लिए गेंदबाज मौजूद है। टेस्ट क्रिकेट में जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप, प्रसिद्ध कृष्णा तो वहीं वनडे एवं टी20 में अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, मयंक यादव, खलील अहमद की मौजूदगी ने शमी की राह मुश्किल कर रखी है।
- **उम्र और फिटनेस की चुनौतियां–** मोहम्मद शमी जल्दी ही 36 साल के हो जाएंगे और तेज गेंदबाजों के लिए इस उम्र में आमतौर पर इंटरनेशनल लेवल पर एक समान गति और सटीकता बनाए रखना काफी चुनौतीपूर्ण होता है। 2023 विश्व कप के बाद शमी को टखने की सर्जरी से गुजरना पड़ा था। लंबी रिकवरी और



रिहैबिलिटेशन के कारण वे काफी समय तक अंतरराष्ट्रीय मैदानों से दूर रहे। तेज गेंदबाजी में शरीर पर पड़ने वाले अत्यधिक दबाव को देखते हुए लगातार फिटनेस बनाए रखना एक बड़ी चुनौती बन गया है।

- **भारतीय चयनकर्ताओं की नजर नए गेंदबाजों पर–** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड और मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर की अगुवाई वाली चयन समिति का मुख्य ध्यान अब भविष्य की टीम तैयार करने पर है। चयनकर्ता अब आकाश दीप, प्रसिद्ध कृष्णा, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह और आकिब नबी जैसे गेंदबाजों को लगातार मौके दे रहे हैं। यही नहीं चयनकर्ता अब जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज की अगुवाई में युवाओं का ऐसा मिश्रण चाहते हैं जो तीनों प्रारूपों में लंबे समय तक खेल सके।
- **सर्जरी के बाद शमी की गति पर पड़ा प्रभाव–** चोट के बाद मैदान पर लौटने पर किसी भी तेज गेंदबाज के लिए अपनी पुरानी रंगत पाना आसान नहीं होता। शमी ने घरेलू क्रिकेट में लंबे ब्रेक के बाद वापसी की थी और उनकी गेंदबाजी में वो लय नजर नहीं आया था जिसके लिए वो जाने जाते हैं।

# ज्योति कलश रथ है सामाजिक चेतना के जागरण का संदेश

**जमालपुर (मुंगेर), नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में नगर परिभ्रमण के क्रम में ज्योति कलश रथ का गायत्री शक्तिपीठ जमालपुर से चलते हुए सफियाबाद रामनगर मोर्चा, मिल्कीचक,आशिकपुर ,गायत्री शक्तिपीठ, भागीचक,नौलक्खा दुर्गा स्थान पहुंचने पर आयोजित संध्याकालीन ज्योतिर्मय दीपयज्ञ के माध्यम से श्रद्धालुओं को युग ऋषि आचार्य जी के दिव्य अखंड ज्योति एवं गुरु माता की जन्म शताब्दी के महत्व के बारे में बताया गया।





इस अवसर पर उपस्थित उपजोन समन्वयक कमलकांत मंडल ने बताया कि अखंड ज्योति में आचार्य श्री की प्राण ऊर्जा और गुरु माता की सेवा साधना की प्रेरणा समायी हुई है। आत्म चिंतन, आत्म शोधन के साथ ही सामाजिक चेतना को उन्नत बनाने के लिए जन-जन में गुरु ज्ञान को प्रचारित- प्रसारित कर- के जीवन को सार्थक और आशीषित बनाया जा सकता है। गायत्री शक्तिपीठ, *जमालपुर के प्रधान ट्रस्टी कृष्ण चंद्र चौरसिया ने सत साहित्य और गायत्री माता के चित्र को वितरित करते हुए कहा कि गायत्री की उपासना और अच्छे साहित्य को पढ़ने से जीवन सफल और समस्या से मुक्त बनता है। इस अवसर पर उपस्थित उपजोन प्रतिनिधि मनोज मिश्र ने कहा कि ज्योति कलश रथ सामाजिक स्तर पर व्याप्त विभिन्न प्रकार की भ्रांतियों कुरीतियों, क्लेश- कलह, वैमनस्य अंध विश्वास,अज्ञान के अंधेरे को दूर कर विवेक की ज्योति को जगाने एवं प्रेम और सद्भावना पर आधारित देव संस्कृति के प्रकाश का संदेश वाहक है। दीपयज्ञ की प्रज्वलित ज्योति हमें एक दीपक रूपी व्यक्ति के रूप में जहां कर्तव्यशील होने की प्रेरणा देता है वहीं अनेक प्रज्वलित दीपक संगठन के महत्व को बताता है। ब्रह्मवादिनी रूबी देवी और बॉबी देवी ने वैदिक ऋचाओं के सस्वर पाठ के साथ दीप यज्ञ संपन्न करवाया और युग गायक पंकज कुमार मंडल ने भावपूर्ण प्रेरक गायन प्रस्तुत किया। ज्योति कलश रथ के सारथी सुजीत कुमार ने 18 सूत्रीय युग निर्माण सत्संकल्प का पाठ किया। विशेष पूजन धर्मेंद्र और निभा ने किया। नगर भ्रमण के क्रम में ज्योति कलश रथ चंदनपुरा मध्य विद्यालय, प्राथमिक विद्यालय, रामनगर और रामनगर मोर्चा के मध्य विद्यालय पहुंचा और सत साहित्य का वितरण और ऋषि संदेश को विद्यालय परिवार दिया गया। डॉ राजेश द्वारा संयोजित और संचालित इस आयोजन में राजेंद्र पंडित,देवकी मंडल, जयप्रकाश मंडल, अरुण शाह, शैलेंद्र ,शीला देवी, निर्मल मंडल,किरण देवी,मंजू देवी,रूबी सहित 154 परिजन उपस्थित हुए।

## खरभैया पंचायत के वार्ड 12 में नल-जल ठप, ग्रामीणों ने दी आंदोलन की चेतावनी

**दनियावां (पटना), नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** खरभैया पंचायत के वार्ड संख्या 12 में नल-जल योजना पिछले एक महीने से ठप पड़ी है। नलों में पानी नहीं आने से ग्रामीणों को पीने और घरेलू उपयोग के लिए भारी परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने पार्षद जयमंती देवी पर आरोप लगाया है कि पिछले 5 वर्षों में उन्होंने कोई विकास कार्य नहीं कराया। नल-जल की शिकायत करने पर पार्षद ने कहा कि ये मेरा कार्य नहीं है। स्थानीय ग्रामीण बुल्ली पटेल, मिथिलेश कुमार चंद्रवंशी, पुरुषोत्तम पटेल, महेंद्र साव, सफल साव, बालालखेन्द्र मांझी सहित अन्य ने बताया कि नल-जल से पानी नहीं मिलने के कारण पीने और घरेलू काम के लिए लोगों को निजी लोगों के समरसेबल मोटर पर निर्भर रहना पड़ रहा है। ग्रामीण लखन महतो और सुदामा कुमार ने चेतावनी देते हुए कहा कि जलापूर्ति अविलंब की जाए, नहीं तो वे लोग आंदोलन करेंगे। इस संबंध में नल-जल योजना की जेई शर्मिष्ठा दास ने बताया कि समस्या की जानकारी मिल गई है। उन्होंने कहा कि नया मोटर डाला जाएगा और नीचे के पाइप में हुए छिद्र को नया पाइप लगाकर शनिवार तक दुरुस्त कर दिया जाएगा।

# जनता दरबार में भूमि विवाद समेत 20 मामलों की हुई सुनवाई



**जमालपुर (मुंगेर), नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अंचल कार्यालय में शनिवार को सीओ प्रीति कुमारी की अध्यक्षता में पुलिस पदाधिकारियों की मौजूदगी में साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में भूमि विवाद, जमीन मापी, अवैध कब्जा और रास्ता विवाद से संबंधित कुल 20 मामले पहुंचे।

इनमें 10 पुराने, पांच नए तथा पांच मामलों में सुनवाई पूरी की गई।केशोपुर निवासी उमेश कुमार गुप्ता एवं सत्यनारायण के बीच चल रहे भूमि विवाद की सुनवाई की गई। वहीं भारत माता चौक, केशोपुर निवासी रितेश कुमार गुप्ता के जमीन मापी से संबंधित विवाद का निपटारा किया गया।

नक्की नगर, केशोपुर की उत्तरा देवी के भूमि विवाद से जुड़े मामले की भी पुलिस पदाधिकारी एवं अंचल कर्मियों ने गंभीरता से सुनवाई की।बलीपुर निवासी प्रतिभा देवी के जमीन मापी पर पड़ोसियों की ओर से दर्ज कराई गई आपत्ति को लेकर भी दोनों पक्षों की बात सुनी गई। वहीं ईस्ट कॉलोनी थाना क्षेत्र के नया गांव ठाकुरबाड़ी रोड निवासी मोतीलाल शर्मा के अवैध कब्जा हटाने से संबंधित विवाद की सुनवाई की गई। जनता दरबार के बाद सीओ प्रीति कुमारी एवं जमालपुर थानाध्यक्ष पंकज कुमार रास्ता विवाद के एक मामले की स्थलीय जांच के लिए दौलतपुर पहुंचे।

अधिकारियों ने मंजू देवी एवं अंजू देवी से पूछताछ की तथा रास्ता विवाद से संबंधित कागजातों की जांच की। सीओ ने कहा कि भूमि एवं रास्ता विवाद से जुड़े मामलों में दोनों पक्षों के दस्तावेजों की जांच कर नियमा नुसार कार्रवाई की जाएगी।

# 10 अगस्त को पाटलिपुत्र यूनिवर्सिटी मुख्यालय पर होगा रोषपूर्ण धरना-प्रदर्शन



**श्रीचंद उदासीन कॉलेज से भी झंडा हुआ बुलंद**

**दनियावां/हिलसा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार के सभी विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों के शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों द्वारा प्रस्तावित बिहार विश्वविद्यालय अधिनियम-2026के विरोध में हिलसा में शनिवार को कर्मचारी संघ की बैठक हुई। बैठक में कर्मचारी संघ के अध्यक्ष डॉ. राजीव नयन, सचिव शैलेश कुमार, पूर्व जिला सचिव आलोक कुमार सिंह, उपाध्यक्ष जलेंद्र कुमार, कार्यकारिणी सदस्य कुमार पवन, सुभद्रा सिन्हा, सुनीति देवी, रंजीत, गुड्डू, प्रदीप कुमार, वजरंगी लाल वर्मा, शांति एवं रेखा उपस्थित रहे। बैठक के दौरान कर्मचारी संघ में कुछ आपसी मतभेद भी खुलकर उभरे, जिन्हें बाद में आपसी सहमति से शांत कराया गया।

विचार-विमर्श के बाद सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 10 अगस्त सोमवार*को श्रीचंद उदासीन महाविद्यालय, हिलसा के सभी एवं कर्मचारी पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय,पटना मुख्यालय पर आयोजित रोषपूर्ण धरना-प्रदर्शन में शामिल होंगे। कर्मचारियों ने कहा कि प्रस्तावित अधिनियम विश्वविद्यालयों की स्वायत्तता को कमजोर करता है और बिना व्यापक विचार-विमर्श के इसे लागू नहीं किया जाना चाहिए।

# डीएवी हजारीबाग के नील पाण्डेय ने झारखंड स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप में जीता रजत पदक

**1000 प्रतिभागियों को पीछे छोड़कर हासिल की उपलब्धि**
**इंडियन टीम ट्रायल में भी टॉप-50 में बनाई जगह**

**हजारीबाग, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्थानीय डीएवी पब्लिक स्कूल सीनियर विंग, हजारीबाग के कक्षा आठवीं के छात्र नील कुमार पाण्डेय ने ओपन 16वीं झारखंड स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप में रजत पदक जीतकर विद्यालय और हजारीबाग का नाम रोशन किया है। झारखंड स्टेट राइफल एसोसिएशन द्वारा आयोजित यह प्रतियोगिता रांची में आयोजित की गई थी।



प्रतियोगिता के यूथ ग्रुप की 50 मीटर राइफल .22 प्रोन श्रेणी में नील ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल अपने नाम किया। प्रतियोगिता में करीब 1000 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था, जिन्हें पीछे छोड़ते हुए नील ने यह उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की। नील कुमार पाण्डेय इससे पूर्व ओपन नेशनल शूटिंग प्रतियोगिता में भी हिस्सा ले चुके हैं। वर्तमान में वे इंडियन टीम ट्रायल का भी हिस्सा हैं, जिसमें उन्होंने टॉप-50 में अपना स्थान बनाया है। इसके अलावा नील स्टेट गेम फेडरेशन ऑफ इंडिया के मेडलिस्ट भी रह चुके हैं।

नील की इस उपलब्धि पर डीएवी पब्लिक स्कूल के प्राचार्य डॉ. रजनीश कुमार ने उन्हें मिठाई खिलाकर बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने कहा कि नील भविष्य में भारतीय टीम का हिस्सा बनें तथा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में अपने राज्य और देश का नाम रोशन करें, यही उनकी कामना है। नील की इस सफलता से डीएवी पब्लिक स्कूल हजारीबाग के संपूर्ण विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। विद्यालय परिवार ने नील की सफलता पर उन्हें बधाई देते हुए भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन की शुभकामनाएं दी हैं।

## चोरी की बढ़ती घटनाओं पर थाना प्रभारी से की चर्चा

**गुमला, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गुमला शहर और सदर थाना क्षेत्र में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं को लेकर चेंबर ऑफ कॉमर्स का एक प्रतिनिधिमंडल सदर थाना प्रभारी विनय कुमार से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने चोरी की घटनाओं पर रोक लगाने और अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर थाना प्रभारी के साथ विस्तार से चर्चा की।

# जन समस्या को लेकर सपा ने किया कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन

**मुंगेर, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** क्रांति दिवस के पूर्व संध्या पर शनिवार को समाजवादी पार्टी ने जनहित से जुड़े अपने 11 सूत्री मांगों को लेकर जिला कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर सरकार के विरुद्ध जमकर भड़ास निकली सपा जिलाध्यक्ष पप्पू यादव के नेतृत्व में सैकड़ो सपाई मुंगेर रेलवे स्टेशन से जुलूस निकाल जिला मुख्यालय के मुख्य मार्गो पर प्रदर्शन करते हुए समाहरणालय पहुंचा और सरकार को जमकर कोसा इस दौरान प्रदर्शनकारी बिहार को अराजकता में झोंकने वाले मुख्यमंत्री इस्तीफा दो बिहार में राष्ट्रपति शासन लागू करो जनहित का हनन हुआ तो खून बहेगा सड़कों पर जिला प्रशासन होश में आओ जिला में बढ़ते अपराध और नशा के कारोबार पर रोक लगाओ आदि नारे लग रहे थे।मौके पर सपा जिला अध्यक्ष पप्पू यादव ने कहा की सत्ता की परिक्रमा करने वाले अधिकारी लोकतांत्रिक व संवैधानिक सिद्धांतों का गला घोटने पर उतारू है अधिकारियों को जन समस्याओं से कोई सारोकार नहीं है समाहरणालय से लेकर अंचल कार्यालय में भ्रष्टाचार की वयार बह रही है कौन कितना लूट सकता है इस होड में अधिकारी से लेकर कर्मचारी तक शामिल है और जनता वासगीत पर्चा सड़क शिक्षा स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए जूझ रही है परिस्थितियों के ऐसे असफल मुख्यमंत्री को अविलंब इस्तीफा देना चाहिए।


# जनता दरबार में भूमि विवाद समेत 20 मामलों की हुई सुनवाई

**जमालपुर (मुंगेर), नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अंचल कार्यालय में शनिवार को सीओ प्रीति कुमारी की अध्यक्षता में पुलिस पदाधिकारियों की मौजूदगी में साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में भूमि विवाद, जमीन मापी, अवैध कब्जा और रास्ता विवाद से संबंधित कुल 20 मामले पहुंचे।

इनमें 10 पुराने, पांच नए तथा पांच मामलों में सुनवाई पूरी की गई।केशोपुर निवासी उमेश कुमार गुप्ता एवं सत्यनारायण के बीच चल रहे भूमि विवाद की सुनवाई की गई। वहीं भारत माता चौक, केशोपुर निवासी रितेश कुमार गुप्ता के जमीन मापी से संबंधित विवाद का निपटारा किया गया। नक्की नगर, केशोपुर की उत्तरा देवी के भूमि विवाद से जुड़े मामले की भी पुलिस पदाधिकारी एवं अंचल कर्मियों ने गंभीरता से सुनवाई की।बलीपुर निवासी प्रतिभा देवी के जमीन मापी पर पड़ोसियों की ओर से दर्ज कराई गई आपत्ति को लेकर भी दोनों पक्षों की बात सुनी गई। वहीं ईस्ट कॉलोनी थाना क्षेत्र के नया गांव ठाकुरबाड़ी रोड निवासी मोतीलाल शर्मा के अवैध कब्जा हटाने से संबंधित विवाद की सुनवाई की गई।

जनता दरबार के बाद सीओ प्रीति कुमारी एवं जमालपुर थानाध्यक्ष पंकज कुमार रास्ता विवाद के एक मामले की स्थलीय जांच के लिए दौलतपुर पहुंचे। अधिकारियों ने मंजू देवी एवं अंजू देवी से पूछताछ की तथा रास्ता विवाद से संबंधित कागजातों की जांच की। सीओ ने कहा कि भूमि एवं रास्ता विवाद से जुड़े मामलों में दोनों पक्षों के दस्तावेजों की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।


## डॉ. वी. वी. गिरि जयंती समारोह में शामिल नहीं हो पाने पर डॉ. शैलेश कुमार गिरि ने जताया खेद



**छपरा/एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारत के पूर्व राष्ट्रपति, भारत रत्न, प्रखर श्रमिक नेता, भारतीय रेलवे मेंस यूनियन के प्रथम अध्यक्ष एवं भारत के प्रथम श्रम मंत्री डॉ. वी. वी. गिरि की जयंती के अवसर पर आगामी 9 अगस्त को डॉ. वी. वी. गिरि यूनिवर्सिटी, चिंतामनपुर, दुरौंधा (सिवान) के तत्वावधान में आयोजित श्रद्धांजलि सभा एवं विचार गोष्ठी को लेकर भारतीय हलधर किसान यूनियन के राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता व चेंज इंडिया पार्टी के बिहार-झारखंड प्रदेश प्रभारी सारण जिले के जलालपुर निवासी डॉ. शैलेश कुमार गिरि ने आयोजकों एवं प्रतिभागियों को शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। साथ ही अपरिहार्य कारणों से कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पाने पर उन्होंने खेद व्यक्त किया है। जारी प्रेस विज्ञप्ति में डॉ. शैलेश कुमार गिरि ने कहा कि भारत रत्न डॉ. वी. वी. गिरि का संपूर्ण जीवन श्रमिक अधिकारों, सामाजिक न्याय, लोकतांत्रिक मूल्यों, राष्ट्रसेवा तथा कर्मनिष्ठा का प्रेरक उदाहरण है। उनके विचार और आदर्श आज भी युवाओं, किसानों, श्रमिकों एवं समाज के प्रत्येक वर्ग को राष्ट्रहित में कार्य करने की प्रेरणा देते हैं।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उनकी स्मृति में आयोजित यह विचार गोष्ठी समाज में सकारात्मक चेतना एवं जनजागरण का प्रभावी माध्यम बनेगी। उन्होंने बताया कि इस आयोजन में प्रदेश के अनेक शिक्षाविदों, बुद्धिजीवियों तथा विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित व्यक्तित्वों की सहभागिता प्रस्तावित है, जिससे कार्यक्रम की गरिमा और उद्देश्य को नई दिशा मिलेगी।

# पीएचसी जमालपुर में विधिक जागरूकता कार्यक्रम

**लोगों को दी कानून और अधिकारों की जानकारी**

**जमालपुर (मुंगेर), नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जमालपुर में शनिवार को विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुंगेर के डिप्टी चीफ एलएडीसी राज किशोर साह ने की। इस दौरान उपस्थित लोगों को विभिन्न कानूनी प्रावधानों, सरकारी योजनाओं और निःशुल्क विधिक सहायता के बारे में जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में राज किशोर साह ने ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के एकीकरण एवं उनके पुनर्वास और न्याय तक पहुंच के लिए नालसा की योजना-2023, नशा मुक्ति से संबंधित नालसा योजना तथा नालसा की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद लोगों को उनके अधिकारों और कानूनी सहायता की जानकारी होना जरूरी है, ताकि वे किसी भी परिस्थिति में न्याय से वंचित न रहें।



उन्होंने दिव्यांग व्यक्तियों के लिए विधिक सेवा योजना-2024 के प्रावधानों की भी जानकारी दी। साथ ही आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में उपस्थित लोगों को विस्तार से बताया गया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से आपसी सहमति से कई प्रकार के मामलों का त्वरित एवं सरल समाधान संभव है।

इससे लोगों को समय और धन दोनों की बचत होती है।कार्यक्रम में सामुदायिक मध्यस्थता, नालसा की विभिन्न योजनाओं तथा जरूरतमंद लोगों को उपलब्ध कराई जाने वाली निःशुल्क विधिक सेवाओं के बारे में भी जानकारी दी गई। उपस्थित लोगों से अपील की गई कि वे अपने आसपास के लोगों को भी कानूनी अधिकारों और सरकारी विधिक सहायता योजनाओं के प्रति जागरूक करें।मौके पर प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी अशोक कुमार पासवान,पीएलवी अधिकार मित्र संजय कुमार सिंह सहित स्वास्थ्य केंद्र के कर्मी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे।

# श्रावणी मेला में यात्रियों को राहत भागलपुर-दानापुर चलेगी स्पेशल ट्रेन

**तीन-तीन फेरे लगाएगी अनारक्षित ट्रेन, सुल्तानगंज, जमालपुर व अभयपुर में होगा ठहराव**

**जमालपुर (मुंगेर), नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** श्रावणी मेला के दौरान यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेलवे ने भागलपुर और दानापुर के बीच अनारक्षित श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। पूर्व रेलवे की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, यह स्पेशल ट्रेन दोनों दिशाओं में तीन-तीन फेरे लगाएगी। इससे भागलपुर, सुल्तानगंज, जमालपुर और आसपास के क्षेत्रों से यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं को काफी राहत मिलने की उम्मीद है।

03234 दानापुर-भागलपुर श्रावणी मेला स्पेशल 8, 9 और 10 अगस्त को तीन फेरे लगाएगी। यह ट्रेन दानापुर से दोपहर 3:30 बजे रवाना होकर रात 10 बजे भागलपुर पहुंचेगी। वहीं, 03233 भागलपुर-दानापुर श्रावणी मेला स्पेशल 9, 10 और 11 अगस्त को तीन फेरे लगाएगी। यह ट्रेन भागलपुर से रात एक बजे रवाना होकर सुबह आठ बजे दानापुर पहुंचेगी।रेलवे के अनुसार दोनों दिशाओं में चलने वाली इस अनारक्षित स्पेशल ट्रेन का पूर्व रेलवे के क्षेत्राधिकार में सुल्तानगंज, जमालपुर और अभयपुर स्टेशन पर ठहराव होगा। श्रावणी मेला के दौरान सुल्तानगंज जाने वाले कांवरियों और श्रद्धालुओं की संख्या में लगातार वृद्धि को देखते हुए रेलवे ने अतिरिक्त ट्रेन की व्यवस्था की है।

रेलवे के इस निर्णय से भागलपुर, मुंगेर और जमालपुर सहित आसपास के क्षेत्रों के यात्रियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी।

विशेष रूप से सुल्तानगंज जाने वाले कांवरियों को अतिरिक्त ट्रेन मिलने से नियमित ट्रेनों में भीड़ का दबाव कम होने की संभावना है।

# एनएच-80 पर दिनदहाड़े हथियार के बल पर टोयोटा रोमिनो लूटी

**तीन मोटरसाइकिल सवार अपराधियों ने दिया वारदात को अंजाम**

जमालपुर (मुंगेर) - राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच-80 पर सुंदरपुर गांव के समीप शनिवार को दिनदहाड़े अपराधियों ने हथियार के बल पर टोयोटा रोमिनो गाड़ी लूट ली। अपराधियों ने गाड़ी में सवार तीन युवकों के साथ मारपीट कर उनके मोबाइल, नकदी, सोने की चेन व लॉकेट समेत अन्य सामान छीन लिया। वारदात के बाद अपराधी गाड़ी लेकर फरार हो गए। हालांकि, जीपीएस की मदद से पुलिस ने कुछ ही देर बाद सफियासराय थाना क्षेत्र के इंद्ररुख-भलार बाइपास स्थित संतोष ट्रेडर्स गोदाम के समीप से गाड़ी बरामद कर ली। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अपराधियों की पहचान में जुटी है।



जानकारी के अनुसार, लखीसराय जिले के अशोक धाम निवासी चालक मनजीत कुमार, पिता गोपाल प्रसाद वर्णवाल, अपने दो दोस्तों दीपक कुमार और शिवम कुमार के साथ टोयोटा रोमिनो गाड़ी (बीआर-01के-2648) से अशोक धाम से मुंगेर आ रहे थे। सुंदरपुर गांव के समीप एनएच-80 किनारे गुटखा खरीदने के लिए उन्होंने गाड़ी रोकी। इसी दौरान तीन-चार मोटरसाइकिल से करीब आधा दर्जन से अधिक युवक वहां पहुंचे और तीनों के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी।पीड़ितों के विरोध करने पर अपराधियों ने हथियार दिखाकर उन्हें भयभीत कर दिया और मोबाइल, पर्स, सोने की चेन-लॉकेट व नकदी के साथ गाड़ी की चाबी छीन ली। इसके बाद अपराधी गाड़ी लेकर फरार हो गए। मारपीट में मनजीत कुमार समेत तीनों युवक घायल हो गए।घटना के बाद पीड़ितों ने अपने स्वजनों और हेमजापुर पुलिस को सूचना दी। गाड़ी में लगे जीपीएस की लोकेशन ट्रैक करते हुए वे इंद्ररुख-भलार बाइपास पहुंचे, जहां संतोष ट्रेडर्स गोदाम के समीप सड़क के बीच गाड़ी लावारिस अवस्था में खड़ी मिली।

## संक्षिप्त समाचार

### राज्य स्तरीय दिशा समिति के सदस्य देवेश तिवारी विभिन्न विकास योजनाओं एवं कार्यों की करेंगे समीक्षा

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शनिवार को सदस्य, राज्य स्तरीय दिशा समिति (झारखंड), ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार, देवेश तिवारी बोकारो जिला परिभ्रमण कार्यक्रम के तहत बोकारो पहुंचे। समाहरणालय स्थित



कार्यालय कक्ष में उनके आगमन पर उपायुक्त अजय नाथ झा एवं उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार ने पौधा भेंट कर उनका स्वागत किया। जिला परिभ्रमण कार्यक्रम के दौरान रविवार को सदस्य द्वारा जिले में ग्रामीण विकास एवं जनकल्याण से संबंधित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की जानकारी लेंगे तथा संबंधित पदाधिकारियों के साथ बैठक कर योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की जाएगी।

### रघुनाथ प्रसाद बक्शी की मनाई गई 16 वीं पुण्यतिथि

**पेटरवार/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पेटरवार लीला जानकी पब्लिक स्कूल, रघुनाथपुरम में विद्यालय के संस्थापक एवं समाजसेवी स्वर्गीय रघुनाथ प्रसाद बक्सी की 16 वीं पुण्यतिथि श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय परिवार, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने स्वः रघुनाथ प्रसाद बक्सी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद करते हुए




कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। उन्होंने क्षेत्र में शिक्षा के प्रसार और विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य के लिए महत्वपूर्ण कार्य किए।विद्यालय के पदाधिकारियों ने कहा कि स्वः बक्सी के विचार और उनके द्वारा स्थापित शैक्षणिक मूल्यों को आगे बढ़ाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस दौरान विद्यार्थियों को उनके जीवन एवं सामाजिक योगदान के बारे में जानकारी दी गई।कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की तथा उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

### मिथिला अकादमी पब्लिक स्कूल में छात्र परिषद का अलंकरण समारोह संपन्न

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मिथिला अकादमी पब्लिक स्कूल, बोकारो में शनिवार को नवगठित छात्र परिषद के वार्षिक अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के स्कूल एंथम से हुई। मुख्य अतिथि पूर्व सीईओ, बीपीएससीएल कुमुद कुमार ठाकुर ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। विद्यालय के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार एवं सचिव दिलीप कुमार झा ने मुख्य अतिथि को स्मृति-चिह्न एवं पौधा भेंट कर सम्मानित किया। समारोह में विद्यालय प्रबंधन समिति एवं मिथिला सांस्कृतिक परिषद के कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने चारों सदनों के कप्तानों, उप-कप्तानों तथा छात्र कार्यकारिणी समिति के सदस्यों को बैज एवं सैश पहनाकर अलंकृत किया। इसके बाद छात्र प्रतिनिधियों ने अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने की शपथ ली। अपने संबोधन में कुमुद कुमार ठाकुर ने विद्यार्थियों को नेतृत्व, अनुशासन, जिम्मेदारी एवं टीम भावना के साथ कार्य करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि छात्र नेता विद्यालय के लिए आदर्श बनें और सकारात्मक वातावरण के निर्माण में योगदान दें। विद्यालय के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार ने समारोह को विश्वास, एकता और कर्तव्यनिष्ठा का प्रतीक बताया। प्राचार्य अमर प्रसाद ने छात्र नेतृत्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए नवचयनित प्रतिनिधियों को शुभकामनाएं दीं। उप-प्राचार्य ने सभी छात्र प्रतिनिधियों को शपथ दिलाई। समारोह के अंत में विद्यार्थियों को नेतृत्व कौशल एवं समर्पण के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया गया।

### दामोदर में कूदी महिला का शव बरामद, खोजने में दो दिनों से लगी थी गोताखोरों की टीम को

**बेरमो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** फुसरो स्थित हिंदुस्तान पुल से शुक्रवार को दामोदर नदी में छलांग लगाने वाली पिछरी निवासी सुमन देवी (32) का शव शनिवार दोपहर बरामद कर लिया गया. खेतको से पहुंची गोताखोरों की टीम ने दो दिनों तक लगातार नदी में खोजबीन के बाद भंडारीदह स्थित शिव शक्ति मंदिर के पास नदी तट से शव बरामद किया. शव मिलने की सूचना पर पुलिस-प्रशासन के अधिकारी और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे. जानकारी के अनुसार शुक्रवार को सुमन देवी हिंदुस्तान पुल पर पहुंचीं और नदी में छलांग लगा दी थी. घटना के बाद पुल पर महिला की एक चप्पल मिली थी. इसके बाद प्रशासन ने खेतको से गोताखोरों की टीम बुलायी और नदी में तलाश शुरू की गयी. गोताखोरों ने हिंदुस्तान पुल से खोजबीन शुरू करते हुए ढोरी खास, कल्याणी और भंडारीदह की ओर दामोदर नदी के विभिन्न हिस्सों में तलाश की. शनिवार को शिव शक्ति मंदिर के समीप नदी तट पर खोजबीन के दौरान गोताखोरों की नजर पानी में पड़े शव पर पड़ी. इसके बाद शव को बाहर निकाला गया. घटना की सूचना मिलते ही बेरमो बीडीओ मुकेश कुमार, थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह समेत पुलिस बल मौके पर पहुंची. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. सुमन देवी फुसरो के चर्चित सुरभी अलंकार ज्वेलर्स के संचालक मनोरंजन प्रसाद की पत्नी थी. वह अपने पीछे एक बेटी छोड़ गई है. घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है.

# आदिवासी महोत्सव की तैयारियों का उपायुक्त ने लिया जायजा

## सांस्कृतिक कार्यक्रम, लाइव पेंटिंग, फैशन शो, स्टॉल एवं अतिथि स्वागत की तैयारियों की समीक्षा

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रविवार को विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले बोकारो आदिवासी महोत्सव की तैयारियों का शनिवार को उपायुक्त अजय नाथ झा ने शनिवार को जायजा लिया। उन्होंने शिबू सोरेन स्मृति भवन (टाउन हॉल) परिसर का भ्रमण कर महोत्सव को लेकर की जा रही तैयारियों का निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त ने कार्यक्रम स्थल पर मंच, लाइव पेंटिंग, पारंपरिक लोकनृत्य, आदिवासी परिधान फैशन शो सहित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारियों की जानकारी ली। उन्होंने विभिन्न विभागों एवं संस्थाओं द्वारा लगाए जाने वाले प्रदर्शनी स्टॉल, हस्तशिल्प स्टॉल एवं फूड स्टॉल की व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की। उपायुक्त



ने महोत्सव में शामिल होने वाले अतिथियों के स्वागत एवं सम्मान, प्रतिभागियों के प्रशस्ति पत्र, बैठने की व्यवस्था, मंच संचालन एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर संबंधित पदाधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने महोत्सव को व्यवस्थित एवं आकर्षक बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। उपायुक्त ने कहा कि बोकारो आदिवासी महोत्सव आदिवासी समाज की समृद्ध संस्कृति, परंपरा, कला एवं विरासत को आम लोगों तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण अवसर है। महोत्सव के माध्यम से जिले की जनजातीय संस्कृति की विविधता एवं विशिष्टता को प्रदर्शित किया जाएगा। उन्होंने आयोजन में आने वाले लोगों एवं प्रतिभागियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सभी व्यवस्थाएं बेहतर तरीके से सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी तैयारियां तय समय-सीमा के भीतर पूर्ण करें तथा आयोजन स्थल पर आवश्यक व्यवस्थाओं का अंतिम निरीक्षण सुनिश्चित करें। साथ ही, स्वच्छता, पेयजल, बिजली, सुरक्षा, यातायात एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। गौरतलब है कि 09 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर शिबू सोरेन स्मृति भवन (टाउन हॉल) परिसर में आयोजित होने वाले बोकारो आदिवासी महोत्सव में पारंपरिक लोकनृत्य, मांदर एवं नगाड़े की थाप, लाइव पेंटिंग, आदिवासी परिधान फैशन शो, पारंपरिक जनजातीय खान-पान, हस्तशिल्प एवं लोक चित्रकला प्रदर्शनी सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। साथ ही आदिवासी विचार-दर्शन पर परिचर्चा भी आयोजित होगी। इस अवसर पर डीडीसी शताब्दी मजूमदार, वन पदाधिकारी संदीप शींदे, प्रशिक्षु आईएएस अरविंद राधाकृष्णन, अपर समाहर्ता सुनील चन्द्र, डीपीआरओ मो सफीक आलम, डीएसओ हेमलता बून,डीपीओ राज शर्मा, डीईओ प्रवीण रंजन, डीएसई अतुल कुमार चौबे, एपीआरओ अविनाश कुमार सिंह,डीडीएमओ शक्ति कुमार, एसएओ पंकज दुबे आदि उपस्थित थे।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर किया गया विशेष शिविर का आयोजन

### अंचल अधिकारी अशोक कुमार राम ने राजकीयकृत बालिका मध्य विद्यालय का किया निरीक्षण

**पेटरवार/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पेटरवार प्रखंड अंतर्गत बुंडू पंचायत स्थित राजकीयकृत बालिका मध्य विद्यालय में आज शनिवार को मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर विशेष कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में बुंडू पंचायत की मुखिया निहारिका सुकृति ने उपस्थित नए मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए फॉर्म-6 की जानकारी दी। इस दौरान अंचल अधिकारी अशोक कुमार राम ने विद्यालय स्थित कैंप का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने विद्यालय में चल रहे नामांकन कार्य के साथ-साथ मतदाता सूची से संबंधित कार्यों की जानकारी ली और संबंधित कर्मियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। अंचल अधिकारी अशोक कुमार राम ने बताया कि जिन युवाओं की आयु 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी




है, उनका नाम मतदाता सूची में शामिल करने के लिए फॉर्म-6 भरवाया जा रहा है। वहीं मतदाता सूची में किसी प्रकार की त्रुटि अथवा आवश्यक सुधार के लिए फॉर्म-8 भरने की प्रक्रिया भी चल रही है। उन्होंने संबंधित कर्मियों को निर्देश दिया कि सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर सही एवं व्यवस्थित तरीके से पूरा किया जाए।उन्होंने उपस्थित लोगों एवं पंचायत वासियों से अपील करते हुए कहा कि परिवार के सभी पात्र सदस्यों का नाम मतदाता सूची में सही स्थान पर दर्ज कराएं। साथ ही यह सुनिश्चित करें कि किसी सदस्य का नाम एक से अधिक स्थानों की मतदाता सूची में दर्ज न हो, ताकि मतदाता सूची में किसी प्रकार की त्रुटि न रहे।विशेष कैंप के दौरान बीएलओ, सुपरवाइजर, संबंधित कर्मी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे।

### रेलवे कॉलोनी में 61वां दुर्गोत्सव 'गुपचुप और आदिवासी कबीला' थीम पर बनेगा पंडाल

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** श्री श्री दुर्गा पूजा समिति न्यू स्टेशन रेलवे कॉलोनी ने दुर्गा पूजा स्थल पर प्रेस वार्ता का आयोजन किया । जिसमें अगामी दुर्गा पूजा आयोजन को ले कर विस्तार से बताया गया। पूजा कमिटी के मुख्य संरक्षक कुम्भनाथ सिंह , अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह , महासचिव मुनेश्वर सिंह (मुन्ना), संरक्षक सुदिस्टि सिंह, सोहराब खान ने प्रेस मीडिया को बताया कि न्यू स्टेशन रेलवे कॉलोनी दुर्गा पूजा कमिटी 61वां दुर्गोत्सव मानने जा रही है जिसका भव्य आयोजन किया जाएगा। इस बार का पंडाल थीम गुपचुप और आदिवासी कबीला का थीम बनाने का फैसला किया गया है। समिति के आयोजक ने बताया कि इस बार हमारा दुर्गा पूजा पूरे झारखण्ड में सर्वश्रेष्ठ और अद्भुत होगा । साथ ही साथ आपसी भाईचारा और कौमी एकता का अद्भुत उदारहण पेश किया जायगा। कमिटी ने बताया कि हर साल की भांति इस साल भी तीन दिन का भंडारा आयोजित किया जाएगा।

## बीएकेएस की विभागीय बैठक में कर्मचारियों ने उठाई सुरक्षा व मूलभूत सुविधाओं की समस्याएं

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बीएसएल अनाधिशासी कर्मचारी संघ (बीएकेएस) की विभागीय बैठक शनिवार को मशीन शॉप कैंटीन में आयोजित की गई। बैठक में यूटिलिटी विभाग के अंतर्गत जल प्रबंधन, ऑक्सीजन प्लांट एवं एसीवीएस विभाग के कर्मचारियों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता विभागीय प्रतिनिधि विप्लव नंदी ने की। बैठक में कर्मचारियों ने कार्यस्थल पर सुरक्षा, मूलभूत सुविधाओं, कार्य व्यवस्था तथा प्रशासनिक समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। जल प्रबंधन विभाग के कर्मचारियों ने नियमित पाली प्रभारी की उपलब्धता, हाजिरी सुधार के अवसर, हिंदी में मंजूरी की सुविधा, शौचालय, पेयजल, वाटर प्यूरीफायर, वेंटिलेशन, एसी, वाहन पड़ाव तथा विभिन्न कार्यालयों में छत से पानी रिसाव जैसी समस्याओं को रखा। वहीं एसीवीएस विभाग के कर्मचारियों ने सुरक्षा उपकरणों की नियमित उपलब्धता, पेयजल एवं वाटर प्यूरीफायर की व्यवस्था, शौचालय मरम्मत, पार्किंग बोर्ड लगाने तथा भारी वाहनों की आवाजाही से दुर्घटना की आशंका से जुड़े मुद्दों को उठाया। विप्लव नंदी ने कहा कि कर्मचारियों की सुरक्षा, सम्मान एवं मूलभूत सुविधाओं से कोई समझौता नहीं किया जाएगा तथा सभी समस्याओं के स्थायी समाधान के लिए यूनियन लगातार प्रयास करेगी।बीएकेएस प्रतिनिधियों ने सभी समस्याओं को यूनियन के पत्र में शामिल करते हुए शीघ्र ही सीजीएम यूटिलिटी के साथ बैठक कर समाधान कराने का आश्वासन दिया। महासचिव हरिओम, अध्यक्ष दिलीप, उपमहासचिव माणिक मुंडा, कोषाध्यक्ष राहुल सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## बेलगड़िया के युवाओं के लिए निःशुल्क कोचिंग की शुरूआत



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद जिला प्रशासन, झरिया पुनर्वास विकास प्राधिकरण और बीसीसीएल की संयुक्त पहल से आज बेलगड़िया के विद्यार्थियों के लिए विशेष निःशुल्क कोचिंग कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इसका शुभारंभ उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन, उप विकास आयुक्त सन्नी राज, जेआरडीए तथा बीसीसीएल के अधिकारियों ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि बेलगड़िया के युवाओं को बैंकिंग, एसएससी, रेलवे, टीचिंग, जेएसएससी, जेपीएससी, यूपीएससी एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं एवं सरकारी नौकरियों की तैयारी के लिए 'महेंद्रास' के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण और 100% निःशुल्क कोचिंग प्रदान की जाएगी। इसके चयन प्रक्रिया पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि 'महेंद्रास' द्वारा एक ऑनलाइन एंट्रेंस टेस्ट आयोजित किया जाएगा। इसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शीर्ष 100 उम्मीदवारों को चुना जाएगा। जिला योजना पदाधिकारी द्वारा उम्मीदवारों की सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि के सत्यापन के बाद अंतिम चयन किया जाएगा। कोचिंग प्राप्त करने की न्यूनतम योग्यता 12वीं पास और आयु सीमा 18 से 28 वर्ष है। जबकि कोर्स की अवधि 6 माह है। कोचिंग 100% निःशुल्क है। कोचिंग में युवाओं को विशेषज्ञ फेकल्टी, अध्ययन सामग्री, नियमित टेस्ट सीरीज, करियर मार्गदर्शन एवं सहायता दी जाएगी। कोचिंग आर.एस.पी. कॉलेज, बेलगड़िया तथा मिडिल हाई स्कूल, बीसीसीएल टाउनशिप, सेक्टर 1, करमाटांड में दी जाएगी। इसके बाद उपायुक्त ने मिडिल स्कूल छाताटांड तथा फेज वन के मल्टी स्किल डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट का दौरा कर निर्माण कार्य का निरीक्षण किया।

### ट्रक चालकों के लिए स्वास्थ्य एवं एचआइवी जांच शिविर आयोजित

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रोटरी क्लब, चास के तत्वावधान में लोहा मंडी परिसर, दीवानगंज में ट्रक चालकों, सहचालकों एवं कर्मचारियों के लिए निःशुल्क एचआईवी जांच एवं सामान्य स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य ट्रक चालकों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें समय पर आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श और जांच सुविधा उपलब्ध कराना था। कार्यक्रम में वन स्टॉप सेंटर संस्था ने महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया। संस्था की टीम ने एचआईवी जांच के साथ-साथ जागरूकता संबंधी जानकारी दी। वहीं चिकित्सकों ने स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक परामर्श एवं दवाइयां उपलब्ध कराईं। शिविर में लाभुकों का आभा कार्ड भी बनाया गया। रोटरी क्लब चास के अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल ने कहा कि स्वास्थ्य सबसे बड़ी संपत्ति है और समाज के प्रत्येक वर्ग तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना रोटरी का प्रमुख उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि ट्रक चालक देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं, इसलिए उनके स्वास्थ्य की देखभाल अत्यंत आवश्यक है। क्लब के सचिव विनोद चोपड़ा ने वन स्टॉप सेंटर, चिकित्सकों एवं सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाते रहेंगे।

## कसमार में बाल कल्याण एवं संरक्षण समितियों के गठन को लेकर तिथि निर्धारित



**कसमार/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** कसमार प्रखंड में बच्चों के अधिकारों, सुरक्षा और उनके कल्याण को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पंचायत स्तरीय बाल कल्याण एवं संरक्षण समितियों का गठन किया जाएगा। इस संबंध में शनिवार को कसमार बीडीओ नम्रता जोशी पत्र जारी करते हुए प्रखंड की सभी 15 पंचायतों में ग्राम सभा के आयोजन की तिथियां और समय निर्धारित कर दिया है। बीडीओ ने बताया कि कसमार प्रखंड की सभी पंचायतों में 10 और 11 अगस्त को विशेष ग्राम सभाएं बुलाई गई हैं। इसमें पंचायत सचिवों को अपने-अपने क्षेत्र में समिति का गठन संपन्न कराने का निर्देश दिया गया है। जिसमे 10 अगस्त को टांगटोना, पोंडा, कसमार, गररी, खैराचातर, मंजुरा,मधुकरपुर, बरईकला एवं हिसीम पंचायत जबकि 11 अगस्त को दांतु, सोनपुरा, दुगार्पुर बगदा, सिहपुर, एवं मुरहुलसूदी पंचायत में गठन होगा। बीडीओ ने प्रखंड के सभी पंचायत सचिवों को सख्त निर्देश दिया है कि निर्धारित तिथियों पर संकल्प मार्गदर्शिका के अनुसार बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति का गठन सुनिश्चित करें। समिति गठन के बाद इसकी नियमित मासिक बैठकें आयोजित की जाएंगी और कार्य योजना के अनुरूप विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जाएगा। साथ ही, इसके कार्यान्वयन की अद्यतन रिपोर्ट जिला बाल संरक्षण इकाई बोकारो तथा प्रखंड कार्यालय को अनिवार्य रूप से उपलब्ध करानी होगी। मौके पर सभी पंचायत के पंचायत सचिव मौजूद थे। इस संबंध में सहयोगिनी के निदेशक गौतम सागर ने बताया कि जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन नेटवर्क के माध्यम से बोकारो सहित पूरे देश में बाल संरक्षण तथा बच्चों के अधिकार को लेकर सघन रूप से अभियान चलाया जा रहा है।

## मोदी सरकार के 12 वर्ष विकास, सुशासन और आत्मनिर्भर भारत का स्वर्णिम काल : देवेश तिवारी

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** केंद्र सरकार के 12 वर्षों के कार्यकाल और उपलब्धियों को लेकर राज्य स्तरीय दिशा समिति (ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार) के सदस्य देवेश तिवारी ने धनबाद में आयोजित पत्रकार वार्ता में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकास, सुशासन और आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से 2026 के दौरान देश ने आर्थिक, सामाजिक और आधारभूत संरचना के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। देवेश तिवारी ने बताया कि जन धन योजना के तहत करोड़ों लोगों को बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ा गया है, जबकि डिजिटल इंडिया और यूपीआई ने भारत को डिजिटल भुगतान के क्षेत्र में विश्व के अग्रणी देशों में शामिल किया है। आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन और उज्ज्वला योजना जैसी योजनाओं ने



करोड़ों गरीब परिवारों के जीवन स्तर में सुधार किया है। वहीं पीएम किसान सम्मान निधि के माध्यम से किसानों को प्रत्यक्ष आर्थिक सहायता दी जा रही है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्गों, रेलवे, मेट्रो नेटवर्क और वंदे भारत ट्रेनों के विस्तार से देश की कनेक्टिविटी मजबूत हुई है। अनुच्छेद 370 की समाप्ति, तीन तलाक पर रोक, नारी शक्ति वंदन अधिनियम और अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण को उन्होंने ऐतिहासिक निर्णय बताया। झारखंड के संदर्भ में उन्होंने देवघर एम्स, देवघर एयरपोर्ट, जल जीवन मिशन, रेलवे आधुनिकीकरण तथा सड़क विकास परियोजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं से राज्य को नई विकास गति मिली है। जनजातीय कल्याण के लिए पीएम-जनमन योजना, धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान, जनजातीय गौरव दिवस, एकलव्य विद्यालयों और वन धन विकास केंद्रों जैसी पहलों को महत्वपूर्ण बताया। पत्रकार वार्ता में मुकेश पांडेय, महंत पांडेय, तमाल राय, आशीष दुबे, हर्ष सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## 501 डाक कांवरियों के जत्था को चास से सांसद ढुल्लू महतो ने किया रवाना

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो के चास से 44वीं ऐतिहासिक डाक कांवड़ यात्रा का शुभारंभ किया गया। संकट मोचन हनुमान मंदिर, जोधाडीह मोड़ से शुरू हुई इस यात्रा को धनबाद के भाजपा सांसद ढुलू महतो ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। यात्रा जोधाडीह मोड़ से महावीर चौक, धर्मशाला मोड़, बाईपास रोड, चेकपोस्ट और सेक्टर-1 तिरंगा पार्क होते हुए राम मंदिर, सेक्टर-1 तक पहुंचेगी। इस वर्ष यात्रा में 501 डाक कांवड़िया और करीब 200 सदस्यीय डाक सेवा दल शामिल हैं। सभी डाक बम करीब 11 बसों से सुल्तानगंज के लिए रवाना होंगे। 10 अगस्त को उत्तरवाहिनी मां गंगा से पवित्र जल लेकर डाक कांवड़िए 105 किलोमीटर



की लगातार पदयात्रा शुरू करेंगे और 11 अगस्त को बाबा बैद्यनाथ धाम पहुंचकर जलाभिषेक करेंगे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद ढुल्लू महतो ने कहा कि लगातार 44 वर्षों से चास-बोकारो से यह यात्रा निकाली जा रही है। उन्होंने इसे देश की सबसे बड़ी सामूहिक डाक कांवड़ यात्राओं में से एक बताते हुए कहा कि यह बोकारो के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि बाबा भोलेनाथ सच्चे मन से जल अर्पित करने वाले भक्तों की मनोकामना पूरी करते हैं। वहीं सांसद की पत्नी सावित्री देवी ने सावन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भगवान भोलेनाथ एक लोटा जल से प्रसन्न होकर भक्तों की मनोकामना पूरी करते हैं।

स्वत्वाधिकारी,
प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस बियाडा परिसर, जसोइया, औरंगाबाद से मुद्रित तथा प्लॉट नंबर- 31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित।
संपादक- कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर-
9431145865
7295863300
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या :
JHAHIN/2017/72655
E-mail-
nbtimesbihar@gmail.com

CMYK